

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

जागरण मोर्चा



www.jagranmorchadaily@gmail.com लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद व उत्तराखंड से प्रसारित

जन जन की आवाज

लखनऊ | वर्ष : 5 | अंक : 256 | शनिवार, 31 अक्टूबर 2026 | कार्तिक माह, कृष्ण, षष्ठी, विक्रम संवत 2083 | पृष्ठ : 12 | मूल्य : 5 रुपया



दिल्ली में अक्टूबर ने तोड़े मौसम के रिकॉर्ड, 12 साल में सबसे साफ हवा; 1951 के बाद सबसे ठंडा दिन

जागरण मोर्चा

नई दिल्ली। सर्दियों की दस्तक के साथ दिल्ली में प्रदूषण बढ़ने का दौर शुरू हो जाता है, लेकिन इस बार अक्टूबर का महीना कई मायनों में अलग रहा। राजधानी में पिछले एक दशक से भी ज्यादा समय में अक्टूबर की सबसे साफ हवा दर्ज की गई। इसके अलावा 4 साल में सबसे ज्यादा बारिश हुई और 1951 के बाद अक्टूबर का सबसे ठंडा दिन भी रिकॉर्ड किया गया। बारिश और ठंड के चलते हवा की गुणवत्ता में भी सुधार देखने को मिला।

'सेंटर फॉर रिसर्च ऑन एनर्जी एंड क्लीन एयर' (CREA) के विश्लेषण के मुताबिक, अक्टूबर 2026 में दिल्ली का औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक (AQI) 167 रहा। 2015 के बाद अक्टूबर महीने के लिए यह सबसे कम औसत स्तर है। तुलना करें तो अक्टूबर 2025 में औसत AQI 223, 2024 में 234, 2023 में 219 और 2022 में 210 दर्ज किया गया था। वहीं, 2015 में अक्टूबर का औसत AQI 264 था। इस बार अक्टूबर में अब तक 5 दिन हवा की गुणवत्ता खराब, 3 दिन संतोषजनक और 22 दिन मध्यम श्रेणी में रही।

शुक्रवार को दिल्ली का AQI 60 दर्ज किया गया। यह 10 अक्टूबर 2022 को दर्ज 44 के बाद अक्टूबर का सबसे साफ दिन रहा। इस महीने सबसे ज्यादा AQI 245 दर्ज किया गया। 2015 के बाद किसी भी अक्टूबर महीने में दर्ज किया गया यह सबसे कम अधिकतम AQI स्तर है। 21 अक्टूबर को AQI 245 पहुंचने के साथ हवा खराब श्रेणी में आ गई थी। 2015 के बाद यह पहली बार था, जब अक्टूबर के दूसरे पखवाड़े में दिल्ली की हवा खराब श्रेणी में पहुंची। पिछले वर्षों में आमतौर पर महीने के पहले पखवाड़े में ही हवा खराब होने लगती थी।

इस साल अक्टूबर में दिल्ली में पिछले 4 साल के मुकाबले सबसे ज्यादा बारिश हुई। 30 अक्टूबर की सुबह 8:30 बजे तक राजधानी में कुल 123.3 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। 1954 के बाद अक्टूबर महीने में हुई बारिश के लिहाज से यह चौथा सबसे बड़ा आंकड़ा है। इससे पहले अक्टूबर में इससे ज्यादा बारिश 2022 में हुई थी। उस साल पूरे महीने में 128 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई थी। दिल्ली में अक्टूबर के दौरान सामान्य तौर पर सिर्फ 15.1 मिलीमीटर बारिश होती है। यानी इस बार बारिश सामान्य से कई गुना ज्यादा रही।

1951 के बाद अक्टूबर का सबसे ठंडा दिन : बारिश का असर तापमान पर भी दिखाई दिया। 30 अक्टूबर को दिल्ली के सफदरजंग मौसम केंद्र पर अधिकतम तापमान 20.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। 1951 के बाद अक्टूबर महीने में यह सबसे कम अधिकतम तापमान है। यानी पिछले 75 साल में अक्टूबर का इससे ठंडा दिन दर्ज नहीं किया गया था। आंकड़ों के मुताबिक, इस साल अक्टूबर में औसत न्यूनतम तापमान 20.7 डिग्री सेल्सियस और औसत अधिकतम तापमान 32.6 डिग्री सेल्सियस रहा। दिल्ली के अलग-अलग मौसम केंद्रों पर भी सामान्य से काफी ज्यादा बारिश दर्ज की गई

एक नजर



सऊदी अरब के लिए अब 14 नवंबर तक फ्लाइट रद्द

नई दिल्ली। एयर इंडिया की फ्लाइट से सऊदी अरब आने-जाने वाले लोगों के जरूरी खबर है। एयर इंडिया की 14 नवंबर तक सऊदी अरब के लिए सभी फ्लाइट रद्द कर दी गई हैं। यह फैसला क्षेत्र में मौजूदा हाताल को देखते हुए लिया गया है। एयरलाइन्स ने प्रभावित यात्रियों को एक बार फ्री रीबुकिंग या टिकट रद्द कर पूरा रिफंड लेने का विकल्प भी दिया है। क्षेत्र के मौजूदा हालात के चलते एयर इंडिया के साथ-साथ एयर इंडिया एक्सप्रेस की भी फ्लाइट 14 नवंबर तक रद्द रहेगी। एयरलाइंस के मुताबिक, क्षेत्र में लगातार बढ़ते सैन्य तनाव और लोगों की सुरक्षा को देखते हुए 14 नवंबर तक सभी आने-जाने वाली एयर इंडिया की फ्लाइट को रद्द कर दिया गया है। इस दौरान जेद्दा, रियाद और दम्माम की एयर इंडिया और एयर इंडिया एक्सप्रेस की उड़ानें 14 नवंबर तक रद्द रहेंगी।

ईरान पर कभी भी हमले का खतरा, अमेरिका से इजरायल पहुंचे 10 सैन्य विमान

तेलअवीव : इजरायल में चुनावी नतीजे के बाद अब दुनिया की नजरें अमेरिका के मडि टर्म चुनाव पर हैं। जैसे जैसे 3 नवंबर की डेट नजदीक आ रही है, ईरान को लेकर अमेरिका की सैन्य तैयारी मजबूत होती जा रही है। माना जा रहा है कि डोनाल्ड ट्रंप मडि टर्म इलेक्शन के बाद ईरान पर निर्णायक हमला कर सकते हैं। हालांकि सऊदी अरब और अमेरिकी उप राष्ट्रपति जेडी वेंस अभी इस कोशिश में हैं कि किसी तरह से बातचीत के जरिए तनाव को कम करके युद्ध को टाला जाए। इस बीच अमेरिका के 10 सैन्य विमान इजरायल पहुंचे गए हैं। अमेरिकी वशिषज्ञों ने चेतावनी दी है कि एक छोटा लेकिन बेहद सटीक हमला हो सकता है। इजरायली मीडिया कान की रिपोर्ट के मुताबिक इजरायल के ओवडा और नेवातिम एयरबेस पर ये अमेरिकी सैन्य वमिान पहुंचे हैं। नेवतिम में ही इजरायली और अमेरिकी एफ-35 स्टील्थ फाइटर जेट का बड़ा बेड़ा पहले से मौजूद

बद्रीनाथ से लौट रहा हेलीकॉप्टर क्रैश, पायलट समेत 6 लोग की मौत

जागरण मोर्चा

चमोली। उत्तराखंड के चमोली जिले में एक हेलीकॉप्टर के लापता होने की जानकारी सामने आई है, बद्रीनाथ धाम से लौट रहा हेलीकॉप्टर खराब मौसम के बीच लापता हो गया है। बद्रीनाथ धाम और जोशीमठ के बीच हेलीकॉप्टर की लोकेशन गायब होने की सूचना मिली है। हेलीकॉप्टर में पायलट समेत पांच लोग सवार बताए जा रहे थे। घटना के सामने आने के बाद पुलिस-प्रशासन में हड़कंप मच गया।

उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जोशीमठ के नजदीक चायी गांव के पास हुए हेलीकॉप्टर हादसे पर दुख जताया है। उन्होंने कहा कि घटना की जानकारी मिलते ही जिला प्रशासन, आपदा प्रबंधन विभाग और एसडीआरएफ की टीमें संयुक्त रूप से रेस्क्यू ऑपरेशन में जुट गई हैं।सीएम धामी ने कहा कि वह खुद पूरी घटना पर लगातार नजर बनाए हुए हैं। उन्होंने गंभीर रूप से घायल लोगों को बेहतर इलाज उपलब्ध कराने के लिए तत्काल एयरलिफ्ट कर हायर सेंटर पहुंचाने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने यात्रियों की सुरक्षित वापसी की कामना करते हुए कहा कि वह भगवान से सभी यात्रियों की सलामती के लिए प्रार्थना कर रहे हैं।



लापता हेलीकॉप्टर की तलाश में जुटीं टीमें

चमोली के जिलाधिकारी गौरव कुमार ने बताया कि हेलीकॉप्टर के लोकेशन न मिलने की मिलते ही प्रशासन ने मौके पर सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया है। बताया गया कि उड़ान के दौरान हेलीकॉप्टर से संपर्क टूटने के बाद हड़कंप मच गया। फिलहाल विमान में सवार लोगों से कोई संपर्क नहीं हो पा रहा है। हेलीकॉप्टर से संपर्क टूटने के बाद राहत और बचाव दलों ने उसकी तलाश शुरू कर दी है। विमान में सवार पांच लोगों की सलामती को लेकर चिंता बढ़ गई है।

खराब मौसम के बीच हुआ हादसा

जानकारी के मुताबिक, हेलीकॉप्टर बद्रीनाथ धाम से यात्रियों को लेकर ऋषिकेश की ओर रवाना हुआ था। इसी दौरान खराब मौसम के कारण चाय और थायंग गांव के ऊपर हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हादसे के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई।

जोशीमठ घाटी के ऊपर उड़ते ही हेलीकॉप्टर से टूटा संपर्क

जोशीमठ घाटी के ऊपर उड़ान के दौरान हेलीकॉप्टर से अचानक संपर्क टूट गया। इतना ही नहीं, कुछ देर बाद उसका ट्रैकिंग सिस्टम भी काम करना बंद हो गया। इसके बाद हेलीकॉप्टर की लोकेशन का पता नहीं चल सका। घटना की सूचना मिलते ही भारतीय सेना, चमोली जिला प्रशासन और एसडीआरएफ की टीमें तलाश एवं बचाव अभियान में जुट गई।

यूक्रेन में ट्रेन पर रूस का ड्रोन हमला, 13 लोगों की मौत, प्लेटफॉर्म पर मच गई चीख-पुकार

जागरण मोर्चा



नई दिल्ली। यूक्रेन में रूस के हमले लगातार और अधिक घातक होते जा रहे हैं। गुरुवार सुबह एक रूसी ड्रोन ने यूक्रेन के इ्नीप्रो रेलवे स्टेशन पर उस समय हमला कर दिया, जब प्लेटफॉर्म पर यात्रियों से भरी एक ट्रेन खड़ी थी। इस हमले में कम से कम 13 लोगों की मौत हो गई, जबकि 10 अन्य घायल हो गए। घटना के बाद स्टेशन परिसर में अफरा-तफरी मच गई और बचाव दल को तुरंत मौके पर पहुंचना पड़ा।

यूक्रेनी अधिकारियों के मुताबिक, जिस ट्रेन को निशाना बनाया गया वह इ्नीप्रो से जापोरिज्जिया जाने वाली ट्रेन संख्या 866 थी। यूक्रेनी रेलवे ने टेलीग्राम पर जारी बयान में कहा कि रूस ने जेट इंजन से लैस ड्रोन का इस्तेमाल करते हुए रेलवे स्टेशन पर हमला किया। ड्रोन सीधे उस प्लेटफॉर्म से टकराया जहां ट्रेन खड़ी हुई थी।

यूक्रेनी रेलवे के अनुसार, हमले से पहले संभावित खतरे को लेकर अलर्ट जारी किया गया था, लेकिन इसके बावजूद प्लेटफॉर्म पर यात्री और अन्य लोग मौजूद थे। ड्रोन के टकराने के बाद प्लेटफॉर्म पर मौजूद लोगों में चीख-पुकार मच गई और कई लोग इसकी चपेट में आ गए। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने इस हमले को "भयानक" बताते हुए अंतरराष्ट्रीय समुदाय से कार्रवाई की मांग की। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि रूस ने यूक्रेनी नागरिकों के खिलाफ एक और आतंकवादी हमला किया है। जेलेंस्की ने सवाल उठाया कि रूस पर कुछ प्रतिबंधों में ढील दिए जाने के बाद भी नागरिकों पर हमले क्यों जारी हैं।

वहीं इ्नीप्रो के मेयर बोरिस फिलाटोव ने भी इस घटना पर दुख जताते हुए इसे शहर के लिए बड़ी त्रासदी बताया। उन्होंने कहा कि एक ड्रोन ने नागरिकों को ले जा रही इलेक्ट्रिक ट्रेन को निशाना बनाया, जिससे कई बेगुनाह लोगों की जान चली गई।

यह हमला ऐसे समय हुआ है जब रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध लगातार जारी है और दोनों देशों के बीच तनाव कम होने के बजाय बढ़ता दिखाई दे रहा है।

CJI सूर्यकांत की पीठ ने कोर्ट की कार्यवाही पर खींच दी लकीर

जागरण मोर्चा



नई दिल्ली: सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (MeitY) से कहा है कि वह अपनी प्रस्तावित नीति में एक ऐसा प्रावधान शामिल करे, जिसके तहत अदालत की कार्यवाही के ऑडियो-वीडियो क्लिप को बिना अनुमति अपलोड करने पर कार्रवाई की जा सके। कोर्ट ने पहले ही ऐसी गतिविधियों पर रोक लगा रखी है। भारत के मुख्य न्यायाधीश (CJI) सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्य बागची और जस्टिस वी मोहना की एक पीठ अदालत की कार्यवाही की लाइव स्ट्रीमिंग, रिकॉर्डिंग और उसे प्रकाशित करने से जुड़ी कई याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी।

लाइव लॉ की एक रिपोर्ट के अनुसार, पिछली सुनवाई पर सुप्रीम कोर्ट ने अपनी रजिस्ट्री को निर्देश दिया कि कोर्ट को प्राप्त सुझाव सॉलिसिटर जनरल के कार्यालय को भेज दिए जाएं। अन्य पक्षों, हस्तक्षेपकर्ताओं, हाई कोर्टों को भी अपने सुझाव सॉलिसिटर जनरल के साथ साझा करने की अनुमति दी गई। इसके बाद, सॉलिसिटर जनरल को एक मसौदा प्रस्ताव तैयार करके प्रस्तुत करना था, जिसका मकसद अदालती कार्यवाही से जुड़े व्यावसायिक शोषण, गलत बयानी, गलत उद्धरण और भ्रामक सामग्री के प्रसार जैसी चिंताओं का समाधान करना था। केंद्र की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कोर्ट को बताया कि प्राप्त सुझावों को इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के पास भेज दिया गया है।

1 नवंबर को कनॉट प्लेस से रामलीला मैदान तक विपक्ष का मार्च, राहुल गांधी ने बताया पूरा रूट

जागरण मोर्चा



नई दिल्ली। एक दिन पहले ही राहुल गांधी ने बता दिया था कि 1 नवंबर को रामलीला मैदान में विपक्ष की रैली से पहले मार्च निकाला जाएगा। राहुल ने कहा था कि यह किसी एक राजनीतिक पार्टी का मार्च नहीं, बल्कि हिंदुस्तान की आत्मा का मार्च है।

इसके बाद इंस्टाग्राम पर किसी यूजर ने उनसे इस मार्च का रूट पूछा था। इसके जवाब में राहुल ने बताया कि मिंटो रोड और कनॉट प्लेस के जंक्शन से लेकर रामलीला मैदान तक मार्च निकाला जाएगा। राहुल ने कहा कि 1 नवंबर को रामलीला मैदान में होने वाले मार्च में पूरा विपक्ष शामिल होगा। यह किसी एक राजनीतिक दल का प्रदर्शन नहीं है, बल्कि इसमें हर वह व्यक्ति शामिल हो सकता है जो विरोध करना चाहता है। राहुल गांधी ने कहा कि राजनीतिक और गैर-राजनीतिक संगठनों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, सिविल सोसायटी, पत्रकारों और आम लोगों का इस कार्यक्रम में स्वागत है। उन्होंने बताया कि 1 नवंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में विपक्ष की रैली और मार्च होगा, जिसमें राजनीतिक दलों के अलावा आम नागरिक, कारोबारी, नौकरीपेशा लोग, छात्र, पत्रकार और सिविल सोसायटी से जुड़े लोग भी शामिल हो सकते हैं। विपक्ष शुक्रवार को एक मॉक पार्लियामेंट भी करने वाला था, लेकिन बारिश के चलते इसे शनिवार तक के लिए टाल दिया गया।राहुल गांधी ने बताया कि बारिश के कारण आज होने वाला मॉक पार्लियामेंट कार्यक्रम स्थगित कर दिया गया है। अब यह कार्यक्रम शनिवार को इसी समय आयोजित किया जाएगा।

इजरायल चुनाव 2026: अरब सांसदों ने बदल दिया सत्ता का पूरा समीकरण

जागरण मोर्चा



नई दिल्ली। इजरायल के संसदीय चुनाव के नतीजों का राजनीतिक महत्व तो बहुत है, लेकिन इससे सरकार बनाने का रास्ता साफ नहीं हुआ है। बेंजामिन नेतन्याहू की पार्टी लिकुड 27 सीटों के साथ सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है। वहीं, गादी आइजेनकोट की पार्टी याशर को 21 सीटें मिली हैं। लेकिन किसी भी राजनीतिक गठबंधन को सरकार बनाने के लिए जरूरी 61 सीटें नहीं मिली हैं।

नेतन्याहू के नेतृत्व वाले गठबंधन को 53 सीटें मिली हैं, जबकि आइजेनकोट के नेतृत्व वाले विपक्षी गठबंधन के पास 48 सीटें हैं। ऐसे में अरब राजनीतिक दलों की 19 सीटें काफी महत्वपूर्ण हो गई हैं। इस चुनाव में 77.19 फीसदी मतदान हुआ। यह बताता है कि लोगों ने बड़ी संख्या में चुनाव में हिस्सा लिया। इसके बावजूद किसी भी पक्ष को सरकार बनाने के लिए स्पष्ट बहुमत नहीं मिला। इजरायल चुनाव के नतीजे दो वजहों से महत्वपूर्ण हैं। पहली बात, सात अक्टूबर के हमलों से पहले इजरायल की सुरक्षा व्यवस्था में हुई चूक, उसके बाद शुरू हुए युद्धों और नेतन्याहू के नेतृत्व को लेकर लगातार उठते सवालों के बावजूद वह अब भी इजरायल की राजनीति में महत्वपूर्ण बने हुए हैं। दूसरी बात, अरब राजनीतिक दलों को अब तक का सबसे मजबूत प्रतिनिधित्व मिला है। इससे सरकार बनाने का पूरा राजनीतिक गणित बदल गया है।

कांग्रेस-युग की बैंकिंग में ताकतवर लोगों के लिए फोनबुक

जागरण मोर्चा



नई दिल्ली: आईडीबीआई बैंक के रणनीतिक विनिवेश को लेकर केंद्र सरकार और कांग्रेस के बीच सियासी टकराव तेज हो गया है। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने केंद्र सरकार के आईडीबीआई बैंक में हिस्सेदारी बेचने के फैसले की आलोचना करते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार ने देश के औद्योगिक विकास के लिए आईडीबीआई जैसे संस्थानों की स्थापना की थी, जबकि मौजूदा सरकार लाभ में चल रहे सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों को बेच रही है।

वहीं, अब इसके जवाब में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कांग्रेस पर बैंकों और वित्तीय संस्थानों का राजनीतिक हितों के लिए इस्तेमाल करने का आरोप लगाया और कहा कि एनडीए सरकार ने आईडीबीआई बैंक को संकट से निकालकर पुनर्जीवित किया है। निर्मला सीतारमण ने यह भी कहा कि कांग्रेस-युग की बैंकिंग में ताकतवर लोगों के लिए फोनबुक और आम नागरिकों के लिए नियम-बुक होती थी। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X पर राहुल गांधी के आरोपों का जवाब देते हुए कहा कि कांग्रेस के शासनकाल में बैंकों और वित्तीय संस्थानों का कई बार राजनीतिक प्रभाव में इस्तेमाल किया गया। उन्होंने कई पुराने मामलों का उल्लेख करते हुए कहा कि कांग्रेस नेताओं के दबाव में बैंकों से ऋण मंजूर करवाने की घटनाएं हुई थीं।

राहत अखिलेश यादव ने स्वामी प्रसाद मौर्य के INDIA अलायन्स के आंदोलन में शामिल होने पर कहा

सपा 5 सीटें जीती, पर भाजपा 50 जिलों में हारी : अखिलेश यादव

जागरण मोर्चा



लखनऊ: समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव एमएलसी चुनाव में 5 सीटें जीतने के बाद उत्साहित नजर आ रहे हैं। खासतौर पर वाराणसी में जीत को लेकर उन्होंने भाजपा पर तंज कसा है और कहा कि वाराणसी के लोगों के डबल इंजन वालों को डबल ज़ीरो दिया है। हमें आकाश अग्रवाल के चुने जाने का गिफ्ट मिला है। इसके अलावा अखिलेश यादव ने भाजपा में खींचतान का दावा किया और गोरखपुर सीट से जीत को लेकर कहा कि यह भी दबाव में हुआ है।

अखिलेश यादव ने कहा कि गोरखपुर में सीएम शतरंज वाले घोड़े की चाल से तय किया कि भले काशी डूब जाए, लेकिन गोरखपुर में डॉ। संजयन त्रिपाठी को जीतने नहीं दिया। उन्होंने कहा कि हमारे प्रत्याशियों ने लड़कर बता दिया कि हम लोकतंत्र को ख़त्म नहीं होने देंगे। इसी लगन से समाजवादी लोग पीडीए की ताक़त को बढ़ाने का काम करेंगे। धूमधाम मचाने की तैयारी करने वाले धड़ाम से गिर गए। डॉ। संजयन को हराने के चक्कर में सीएम ने बीजेपी का काम तमाम कर दिया। सीएम को हाता नहीं भाता। गिनती में हम पांच सीटें जीते हैं लेकिन भाजपा 50 ज़िलों में हारी है। आम लोगों के बीच ये मैसेज चला गया है कि भाजपा के लोग बेईमान हैं। भाजपा छह सीटें छल के बल पर जीती है। इस दौरान स्वामी प्रसाद मौर्य को लेकर भी अखिलेश ने बात की।

अखिलेश यादव ने स्वामी प्रसाद मौर्य के INDIA अलायन्स के आंदोलन में शामिल होने पर कहा कि स्वामी हमारे गठबंधन में शामिल नहीं होंगे। वो गठबंधन में सीटों के गठबंधन का हिस्सा नहीं होंगे। अखिलेश यादव ने कहा कि स्कूल बंद कराए गए, भर्ती में घपला किया, मंदिर के चंदा चोरी किया, काशी में घाट तोड़े, पीडीए के आरक्षण में लूट किया। अब अंदर की फूट उजागर होगी। एमएलसी चुनाव में महिला शिक्षकों ने भाजपा के ख़िलाफ़ सबसे ज्यादा वोट किया है। एमएलसी के बाद विधानसभा के चुनाव में हमारी रिकॉर्ड जीत होने जा रही है। एमएलसी के रिजल्ट के बाद सुनने में आ रहा है कि कई अधिकारियों पर गाज गिरने वाली है।

पाकिस्तान में एंबुलेंस में ऑक्सीजन सिलेंडर फटने से 10 लोगों की मौत

जागरण मोर्चा



सिंध। पाकिस्तान के सिंध प्रांत में एंबुलेंस के अंदर ऑक्सीजन सिलेंडर फटने से 10 लोगों की मौत हो गई। सिलेंडर में विस्फोट उस समय हुआ, जब चालक उसे एंबुलेंस के अंदर खिसका रहा था। पाकिस्तान के सिंध प्रांत में एक एंबुलेंस के अंदर ऑक्सीजन सिलेंडर फटने से कम से कम 10 लोगों की मौत हो गई। मृतकों में एक महिला भी शामिल है। हादसा थारपारकर जिले के नगरपारकर इलाके में हुआ। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने घटना की पुष्टि की है। पुलिस के मुताबिक, एंबुलेंस दानो धंधल स्थित एक बुनियादी स्वास्थ्य केंद्र से महिला को जिला अस्पताल मीठी ले जा रही थी। प्रसव के बाद जटिलताएं होने के कारण महिला को बेहतर इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया जाना था। थारपारकर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) आरिफ अजीज जाफरी ने बताया कि अब तक 10 लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है, जिनमें संबंधित महिला भी शामिल है। उन्होंने कहा कि एंबुलेंस के अंदर चालक द्वारा ऑक्सीजन सिलेंडर को इधर-उधर करते समय उसमें विस्फोट हो गया। उन्होंने कहा कि इस घटना की जांच के आदेश दे दिए गए हैं और आगे की जांच चल रही है।

जागरण मोर्चा
www.jagranmorchadaily@gmail.com



बरेली देहात 2
लखनऊ, शनिवार, 31 अक्टूबर 2026

एक नजर

बुजुर्ग को पीटा, महिलाओं से अभद्रता

फतेहगंज पश्चिमी। थाना क्षेत्र के एक गांव में जमीन विवाद को लेकर दबंगों ने बुजुर्ग पर हमला कर दिया। थाने में शिकायत करने जा रहे बुजुर्ग को रास्ते में घेरकर लाठी-डंडों से पीटकर घायल कर दिया। इसके बाद आरोपी उनके घर में घुस गए और वहां मौजूद महिलाओं से अभद्रता व मारपीट की। ग्रामीणों के पहुंचने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। प्राथमिकी के अनुसार, 28 अक्टूबर की सुबह करीब 10 बजे बुजुर्ग जुम्मी जमीन संबंधी शिकायत लेकर थाने जा रहे थे। रास्ते में पहले से घात लगाए बैठे आरोपियों ने उन पर हमला कर दिया। किसी तरह बचकर घर पहुंचे तो आरोपी पीछे से घर में घुस आए। उस समय घर में तीन महिलाएं अकेली थीं। शोर सुनकर ग्रामीणों के पहुंचने पर आरोपी भाग निकले।

गन्ना भुगतान की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन

महिला कथा व्यास से अभद्रता, मुकदमा दर्ज

बहेड़ी। केसर शुगर मिल पर बीते दो पेराई सत्रों के चल रहे 162 करोड़ के भुगतान को लेकर गन्ना समिति परिसर में हुआ किसानों का आंदोलन अब तक का सबसे बड़ा धरना प्रदर्शन रहा। इसमें हजारों की संख्या में किसान, वकील और व्यापारी शामिल हुए पर किसानों को उनका पैसा कब तक मिल सकेगा, इसका कोई स्पष्ट निदान मौके पर नहीं हो सका। किसानों की ओर से प्रशासन तथा गन्ना विभाग को दीपावली तक का वक्त दिया गया है, अन्यथा की स्थिति में सड़कों पर चक्का करने का ऐलान किया गया। तहसील के सारे अधिवक्ता किसानों के पक्ष में नारेबाजी करते हुए गन्ना समिति परिसर पहुंचे तो तहसील अध्यक्ष अतुल गर्ग की अगुवाई में तमाम व्यापारी अपने प्रतिष्ठानों को बंद कर धरने में न केवल शामिल हुए बल्कि किसानों के हक में अपनी आवाज बुलंद करते हुए जिले भर के व्यापारियों को सहयोग के लिए



बुलाने का भरोसा देते हुए कहा कि किसान के खुशहाल होने पर ही उनका व्यापार फल फूल सकेगा। धरना प्रदर्शन में तमाम किसानों ने अपनी अपनी बात कही। अंत में एसडीएम गोपाल शर्मा व सीओ अरूण कुमार सिंह की मौजूदगी में जिला गन्ना अधिकारी ने किसानों के समक्ष अपना पक्ष रखा। निगोही समेत छह चीनी मिलों को आबंटित किए गए गन्ना सेंटरों को लेकर कहा कि सोच समझकर इन मिलों को सैंटर दिए गए हैं और समय से गन्ने का उठान तथा भुगतान सप्ताह में दो बार किया जाता रहेगा। किसान, गाँव अकबराबाद रोड पर केसर मिल की वेश कीमती जमीन का अधिग्रहण कराकर उससे मिलने वाली रकम से गन्ना किसानों का भुगतान कराने को कहा जिस पर डी सीओ ने एसडीएम से जानकारी चाही। डी सीओ ने कहा कि मामले को लेकर डीएम की शनिवार को बैठक होनी है जिसमें कुछ न कुछ हल निकलने के आसार हैं। उन्होंने आश्वासन दिया कि भुगतान हुए विना केसर मिल को चलने नहीं दिया जाएगा। किसानों द्वारा वादाखिलाफी तथा कुछ अन्य मामलों को लेकर मिल मालिक हर्ष किला चंद के खिलाफ कानूनी कार्रवाई किए जाने की बात उठी तो सीओ अरूण कुमार ने कहा कि मिल मालिक सहित कुल 17 लोगों के खिलाफ बहेड़ी थाने में मुकदमा दर्ज किया गया पर हाई कोर्ट से उन्हें स्टे मिल जाने की वजह से प्रशासन के हाथ फिलहाल बंधे हुए हैं। इसके बावजूद पुलिस की एक टीम बंबई जाकर मिल मालिक के घर की कुंडी बजा देने को भेजी गई है। धरना प्रदर्शन के बीच भुगतान को लेकर अधिकारियों की ओर से कोई स्पष्ट जबाब न मिल पाने पर किसानों के बीच इस बात पर सहमति बनाने की कोशिश की गई कि दीपावली तक कोई हल नहीं निकला तो फिर सड़कों पर चक्का जाम करने की बाध्यता होगी। प्रदर्शन में किसानों के निशाने पर सबसे ज्यादा मिल के सी ई ओ शरत मिश्रा रहे। इस दौरान गन्ना समिति सचिव राजीव सेठ, अनमोल गर्ग, घुंडी सिंह, सर. सतनाम सिंह, आलोक गर्ग, विजेन्द्र सिंह, रवि ढाका, केंद्र पाल सिंह, सीताराम कश्यप, अधिवक्ता विशाल दीप शर्मा, दीपचंद पांडेय, तथा सलीम रहबर सहित तमाम व्यापारी मौजूद रहे। भुगतान को लेकर परेशान किसानों के दर्द को साझा करते हुए गन्ना समिति अध्यक्ष राजेंद्र गंगवार, निदेशक चौधरी नरेंद्र सिंह भी किसानों के बीच मंत्रणा करते दिखे। उम्मीद जताई जा रही है कि जल्द ही उनकी ओर से शासन स्तर से कोई हल निकलवाने का प्रयास किया जाएगा। किसानों के धरने के दौरान कुछ देर के लिए असहज स्थिति पैदा हो गई जब माइक पर बोलने खड़े हुए भाजपा नगर अध्यक्ष राहुल गुप्ता के साथ टोकाटाकी की गई। आरोप है कि, भाजपाई बताकर उन्हें अपनी बात कहने से रोका गया। इस पर तमाम लोगों ने रोष जताते हुए कहा कि धरना प्रदर्शन का संचालन करने वाले खुद भी एक राजनीतिक दल से जुड़े हैं। काफी देर तक हंगामे की स्थिति बनी रही। लोगों के हस्तक्षेप करने के बाद माहौल शांत होने के बाद कार्रवाई आगे बढ़ सकी। इस बीच तमाम लोग उठकर वापस जाने लगे।

फरीदपुर (बरेली)। थाना क्षेत्र के गांव वीरपुर में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के दौरान महिला कथा व्यास के साथ मारपीट और अभद्रता का मामला सामने आया है। आयोजक रणधीर सिंह यादव ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कुछ आरोपियों को हिरासत में लिया है। तहरीर के अनुसार, गांव के काली देवी मंदिर पर भागवत कथा का आयोजन कराया गया था। कथा व्यास बदायूं जिले के बिनावर क्षेत्र निवासी संध्या शास्त्री कथा सुना रही थीं। गुरुवार को कथा के छठे दिन रात करीब 8:30 बजे मनोज, आकाश, रामरहीश, विनोद, शिवम, सौरव, जगनेश, रिंकू, मनवेश और विकास समेत कई लोग वहां पहुंच गए। आरोप है कि उन्होंने गाली-गलौज कर कार्यक्रम में व्यवधान डाला और कथा व्यास व उनके साथियों से अभद्रता की।

करवा चौथ पर सुहागिनों ने रखा करवा चौथ का व्रत

जागरण मोर्चा कार्यालय

नवाबगंज। पति की लंबी उम्र, अच्छे स्वास्थ्य और सुखी दांपत्य जीवन की कामना को लेकर सुहागिन महिलाओं ने गुरुवार को करवा चौथ का व्रत श्रद्धा और उत्साह के साथ रखा। सुबह से ही महिलाओं में पर्व को लेकर खास उत्साह दिखाई दिया। महिलाओं ने परंपरागत रीति-रिवाजों के अनुसार व्रत रखा और शाम को सोलह शृंगार कर पूजा-अर्चना की। दिनभर निर्जला व्रत रखने के बाद महिलाओं को रात में चंद्रमा के दर्शन और अर्घ्य देने का इंतजार रहा।

करवा चौथ को लेकर महिलाओं ने कई दिन पहले से ही तैयारियां शुरू कर दी थीं। बाजारों में साज-श्रृंगार के सामान, चूड़ियों, मेहंदी और पूजन सामग्री की खरीदारी को लेकर रौनक रही।





पर्व के दिन महिलाओं ने आकर्षक परिधानों में सजकर पूजा की थाली तैयार की और करवा चौथ की कथा सुनकर पति की दीर्घायु तथा परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। मान्यता के अनुसार, करवा चौथ का व्रत पति-पत्नी के प्रेम, विश्वास और समर्पण का प्रतीक है। इस दिन सुहागिन महिलाएं सूर्योदय से चंद्रोदय तक व्रत रखती हैं। रात में चंद्रमा के दर्शन कर उन्हें अर्घ्य अर्पित करती हैं और पति के हाथों जल ग्रहण कर व्रत का पारण करती हैं। कई परिवारों में पति भी अपनी पत्नी को उपहार देकर इस पर्व की खुशियों में सहभागी बनते हैं। करवा चौथ के पर्व ने परिवारों में उत्साह और उल्लास का माहौल बना दिया। महिलाओं ने पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ पर्व मनाते हुए अपने वैवाहिक जीवन में प्रेम, सुख और समृद्धि बनाए रखने की कामना की।

सड़े आलू खाकर बीमार हो रहे गोवंशीय

फरीदपुर (बरेली)। शीतगृहों के बाहर फेंके जा रहे सड़े-गले आलू खाकर गोवंशीय पशु बीमार हो रहे हैं। इस समस्या को लेकर गौसेवक विकास ठाकुर पुत्र गजेन्द्र पाल सिंह ने एसडीएम फरीदपुर को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की है। ज्ञापन में बताया कि क्षेत्र के शीतगृह संचालक दूषित और खराब आलुओं को खुले में सड़क किनारे या चारे के स्थानों के पास फेंक देते हैं। इन्हें खाने से गोवंशीय पशुओं का स्वास्थ्य बिगड़ रहा है। बीमार गायें राष्ट्रीय राजमार्ग पर बैठ जाती हैं, जिससे आए दिन सड़क दुर्घटनाएं हो रही हैं। इन हादसों में पशुओं के साथ कई लोगों की जान भी जा चुकी है। वहीं, सड़े आलुओं से दुर्गंध फैलने के साथ वायु प्रदूषण भी बढ़ रहा है। गौसेवक ने गोवंशीय पशुओं की सुरक्षा, दुर्घटनाओं की रोकथाम और पर्यावरण संरक्षण के लिए संबंधित शीतगृह संचालकों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

संपत्ति के लिए बुजुर्ग पिता पर जानलेवा हमले का आरोप, दो बेटों पर मुकदमा दर्ज

जागरण मोर्चा कार्यालय

नवाबगंज। संपत्ति के विवाद में बुजुर्ग पिता के साथ मारपीट, गाली-गलौज और जानलेवा हमला करने का मामला सामने आया है। थाना नवाबगंज क्षेत्र के गांव फरीदापुर उर्फ गंगा नवादा निवासी मुन्ना लाल ने अपने दो बेटों सनिल और अनिल पर संपत्ति अपने नाम कराने के लिए दबाव बनाने तथा विरोध करने पर मारपीट करने का आरोप लगाया है। पीड़ित की शिकायत पर एसएसपी के आदेश से पुलिस ने दोनों बेटों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मुन्ना लाल के अनुसार, उनके बेटे सनिल और अनिल पूरी संपत्ति अपने नाम कराने के लिए उन पर दबाव बना रहे हैं। आरोप

▶ राइस मिल और 210 वर्ग गज का प्लॉट नाम कराने के बाद भी बाकी संपत्ति के लिए दबाव बनाने का आरोप, एसएसपी से लगाई थी गुहार

है कि इस दबाव के चलते वह पहले ही अपना एक राइस मिल और 210 वर्ग गज का प्लॉट बेटे सनिल के नाम कर चुके हैं। इसके बावजूद दोनों बेटों की नजर बाकी बची संपत्ति पर है। आरोप है कि संपत्ति नाम कराने से इनकार करने पर दोनों उनके साथ गाली-गलौज और मारपीट करते हैं। पीड़ित ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीती 5 सितंबर को वह अपना राइस मिल देखने गए थे। इसी दौरान दोनों बेटे वहां पहुंच गए और उनके साथ अभद्रता करने लगे। आरोप है कि विरोध करने पर दोनों ने उन पर जानलेवा हमला कर दिया, जिससे वह घबराकर जमीन पर गिर पड़े। शोर सुनकर मिल पर मौजूद लोगों ने बीच-बचाव किया और उन्हें बचाया।मुन्ना लाल का यह भी आरोप है कि दोनों बेटे उन्हें किसी फर्जी हादसे में मरवाने की धमकी दे रहे हैं। इससे उन्हें अपनी जान का खतरा बना हुआ है। परेशान होकर उन्होंने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाई। एसएसपी के आदेश पर थाना नवाबगंज पुलिस ने आरोपी बेटों सनिल और अनिल के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है

डंपर की टक्कर से युवक की मौत

बरेली। घर लौट रहे बाइक सवार युवक की तेज रफ्तार डंपर की टक्कर से दर्दनाक मौत हो गई। हादसा फतेहगंज पश्चिमी थाना क्षेत्र के अगरास मोड़ पर गुरुवार रात हुआ। टक्कर इतनी भीषण थी कि युवक का चेहरा बुरी तरह कुचल गया। पुलिस ने उसे जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मीरगंज थाना क्षेत्र के धनेली तेरिया कल्याणपुर निवासी 34 वर्षीय नेत्रपाल पुत्र रामप्रसाद अमेजन कंपनी में काम करते थे। गुरुवार रात ड्यूटी समाप्त कर बाइक से घर लौटते समय अगरास मोड़ पर डंपर ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने उन्हें अस्पताल पहुंचाया, लेकिन जान नहीं बच सकी।

राम प्रकाश अरोड़ा स्मृति समारोह में हुआ खेलों का आयोजन

जागरण मोर्चा कार्यालय

बहेड़ी। हाइवे पर गाँव मंडनपुर स्थित शुभ महल में शुक्रवार को 30 वें राम प्रकाश अरोड़ा स्मृति समारोह का आयोजन हुआ जिसमें क ई खेल प्रतियोगिताएं संपन्न कराई गईं। लंबी कूद बालिका सब जूनियर वर्ग में दर्पण प्रथम, छवि सेकेंड चंचल थर्ड, मनोरंजन दौड़ में योगिता प्रथम, आयुषी द्वितीय, तथा खुशी तीसरे स्थान पर रही। गोला फेंक प्रतियोगिता में फिर योगिता पहले, आयुषी द्वितीय तथा खुशी तीसरे पायदान पर ही रहीं।

गोला फेंक बालक वर्ग में मानव पहले, हरेंद्र दूसरे तथा मनोरंजन दौड़ में भी मानव पहले स्थान पर रहे। वरूण को दूसरा तथा ऋतिक को तीसरा स्थान हासिल हुआ। जूनियर वर्ग 100 मी में अयान अली पहले, सोनू पाल दूसरे तथा वंश चौधरी को तीसरा



स्थान मिला। लंबी कूद में सूर्यदेव पहले, प्रशांत दूसरे तथा दीपक तीसरे स्थान पर रहे। बालिका वर्ग गोला फेंक में एन पी एस की सुहानी पहले, केसर स्कूल की नैंसी दूसरे तथा मंशा तीसरे स्थान पर काबिज रहीं। सीनियर वर्ग में मुस्कान यादव प्रथम, शानू द्वितीय तथा अतेश तीसरे स्थान पर रहे। आर एस एस बृज प्रांत के संघ चालक शशांक भाटिया कार्यक्रम का उद्घाटन किया।

इस अवसर पर राहुल गुप्ता, केंद्र पाल सिंह, चौधरी गजेन्द्र सिंह, पी एस लाल, आर के सक्सेना, सत्य वीर सिंह सहित कई अन्य गणमान्य शामिल रहे। कार्यक्रम आयोजक दर्शन सिंह हिंदुस्तानी, परमजीत अरोरा तथा विजय अरोरा ने आगंतुक मेहमानों का आभार व्यक्त किया। संचालन अवधेश सक्सेना ने किया। निर्णायक मंडल में शिखा गंगवार, नितेश सक्सेना, रवि शर्मा व प्रियांशु आदि रहे। शनिवार को बाली बाल प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी।

मीरगंज विधानसभा को सात संपर्क मार्गों की सौगात, विधायक डॉ. डीसी वर्मा ने मुख्यमंत्री का जताया आभार

मीरगंज। 119 मीरगंज विधानसभा क्षेत्र के सात संपर्क मार्गों के सुदृढ़ीकरण और मरम्मत कार्यों के लिए बजट स्वीकृत होने से ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क सुविधाओं के बेहतर होने की उम्मीद जगी है। स्वीकृति मिलने पर विधायक डॉ. डीसी वर्मा ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार व्यक्त किया। उन्होंने इसे क्षेत्र में आधारभूत सुविधाओं को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।विधायक डॉ. डीसी वर्मा के अनुसार, स्वीकृत कार्यों में पिपरिया नहर से ग्राम सिमरावा तक, बहरोली से सिरौंधी अंगदपुर तक, शाही-धौंरा मार्ग से बढ़ेपुरा तक, फतेहगंज पश्चिमी-शाही रोड से खुर्रमनगर और खरसैनी पुलिया होते हुए टिटौली तक, गौटिया से पिपरिया मुस्तकिल तक, तिलमास से करमपुर तक तथा बहरोली-गोरा लोकनाथपुर मार्ग से हेमराजपुर तक के संपर्क मार्ग शामिल हैं। इन मार्गों के सुदृढ़ीकरण और मरम्मत से ग्रामीणों, किसानों और अन्य राहगीरों को आवागमन में सुविधा मिलने की उम्मीद है। बेहतर सड़क संपर्क से आसपास के गांवों के बीच आवाजाही भी सुगम हो सकती है।विधायक डॉ. डीसी वर्मा ने कहा कि क्षेत्र में आधारभूत सुविधाओं का विकास उनकी प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने बजट स्वीकृत करने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रति आभार जताया। वहीं, क्षेत्रवासियों ने भी स्वीकृति पर खुशी जताते हुए उम्मीद व्यक्त की कि संबंधित कार्य जल्द शुरू होंगे और निर्धारित समय में पूरे किए जाएंगे।

30 करोड़ से बनेंगी दो सड़कें, मीरगंज पहुंचना होगा आसान

जागरण मोर्चा कार्यालय

मीरगंज। क्षेत्र में यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने और लोगों को अतिरिक्त दूरी तय करने से राहत दिलाने के लिए करीब 30 करोड़ रुपये की लागत से दो सड़क परियोजनाओं पर काम चल रहा है। निर्माण कार्य पूरा होने के बाद शीशगढ़, शाही, शेरगढ़ और दुनका की ओर से आने वाले वाहनों को नरखेड़ा में निर्माणाधीन पुल के रास्ते सीधे मीरगंज हाईवे तक पहुंचने का वैकल्पिक मार्ग मिलेगा।

इससे धनेटा रेलवे क्रॉसिंग होकर मीरगंज आने की मजबूरी कम होगी और यात्रियों का समय भी बचेगा।विधायक डॉ. डीसी वर्मा ने गन्ना समिति के चेयरमैन तेजपाल फौजी और उप चेयरमैन हरिराम लोधी के साथ गुरुवार को निर्माणाधीन आनंदपुर बाईपास तथा दिनरा-मिर्जापुर, नरखेड़ा, बकैनिया



और आनंदपुर मार्ग के चौड़ीकरण कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान विधायक ने सड़क पर बिछाए गए पत्थरों की गहराई की जांच कर निर्माण की गुणवत्ता परखी। उन्होंने दोनों परियोजनाओं की प्रगति का जायजा भी लिया।विधायक ने बताया कि लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) की ओर से दोनों सड़कों का निर्माण करीब 30 करोड़ रुपये की लागत से कराया जा रहा है।

इन मार्गों के तैयार होने से बहेड़ी, शीशगढ़, शाही, शेरगढ़ और दुनका की ओर से आने वाले वाहनों को नरखेड़ा में बन रहे पुल के जरिए मीरगंज हाईवे तक पहुंचने का वैकल्पिक रास्ता मिलेगा। इससे धनेटा क्रॉसिंग होकर लंबा चक्कर लगाने की जरूरत कम होगी और क्षेत्रीय आवागमन को सहूलियत मिलेगी। निरीक्षण के दौरान ठाकुर रामनरेश सिंह, नेतराम, मनोज गंगवार सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

महिला जागरूकता की सारथी रचना गंगवार

शेरगढ़ (बरेली)। ब्लॉक संसाधन केंद्र डेलपुर में कार्यरत ब्लॉक एमआईएस रचना गंगवार बीते चार वर्षों से शिक्षा, स्वास्थ्य, बाल कल्याण और महिला कल्याण के क्षेत्र में सराहनीय योगदान दे रही हैं। विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन के साथ यू-डायस, शारदा, परिवार सर्वेक्षण और ऑनलाइन फीडिंग जैसे कार्यों को जिम्मेदारी से निभा रही हैं। विकासखंड भोजीपुरा के गांव भगवतीपुर निवासी रचना विभागीय कार्यक्रमों में भी सक्रिय सहभागिता करती हैं। ठंड, बारिश और गर्मी भी उनकी कर्मठता में बाधा नहीं बनती। वह महिलाओं को उनके अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूक करने के साथ बच्चों की शिक्षा में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करती हैं।



जागरण मोर्चा
www.jagranmorchadaily@gmail.com



एक नजर

मिनिमली इनवेसिव कैंसर सर्जरी से छोटे चीरे, कम निशान और आसान रिकवरी

बरेली। कैंसर के इलाज में सर्जरी की अहम भूमिका है। आधुनिक मिनिमली इनवेसिव यानी छोटे चीरों वाली सर्जरी से उपचार आसान हुआ है। कैमरे और विशेष उपकरणों की मदद से ट्यूमर निकालने पर दर्द, रक्तस्राव और रिकवरी का समय कम हो सकता है। मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, नोएडा के सर्जिकल ऑन्कोलॉजी विभाग के प्रिंसिपल डायरेक्टर एवं यूनिट हेड डॉ. एसएम शुऐब जैदी ने बताया कि पिछले दो दशकों में कैंसर सर्जरी में काफी बदलाव आया है। कीहोल सर्जरी में कैमरे से शरीर के अंदरूनी हिस्सों को देखकर ट्यूमर निकाला जाता है। इससे स्वस्थ टिश्यू को कम नुकसान पहुंचता है और मरीज जल्दी सामान्य गतिविधियां शुरू कर सकते हैं। हालांकि, यह तकनीक हर मरीज के लिए उपयुक्त नहीं है। सर्जरी का निर्णय कैंसर के प्रकार, ट्यूमर के आकार, फैलाव और मरीज की सेहत के आधार पर लिया जाता है।

जनशिकायतों में लापरवाही पर पांच थाना प्रभारियों की जांच के आदेश

▶ डीआईजी अजय कुमार साहनी ने चार जिलों की समीक्षा बैठक में दिए निर्देश

जागरण मोर्चा कार्यालय

▶ चुनावी तैयारियों से लेकर महिला सुरक्षा और अपराध नियंत्रण तक पर कसा शिकंजा

बरेली। जनशिकायतों के निस्तारण में लापरवाही बरतने वाले पुलिस अधिकारियों पर अब कार्रवाई की तैयारी है। डीआईजी अजय कुमार साहनी ने गुरुवार को बरेली परिक्षेत्र के चारों जिलों की समीक्षा बैठक में पीलीभीत के दो और शाहजहांपुर के तीन थाना प्रभारियों के खिलाफ प्रारंभिक जांच कराने के निर्देश दिए। वहीं, शाहजहांपुर के क्षेत्राधिकारी जलालाबाद से भी स्पष्टीकरण मांगा गया है। बैठक में आगामी चुनाव की तैयारियों, गंभीर अपराधों पर अंकुश, महिला सुरक्षा और कानून-व्यवस्था को लेकर अधिकारियों को सख्त हिदायत दी गई। समीक्षा बैठक में एसएसपी बरेली, एसएसपी बदायूं, एसपी पीलीभीत और एसपी शाहजहांपुर शामिल रहे। डीआईजी ने स्पष्ट किया कि आईजीआरएस पोर्टल पर मिलने वाली शिकायतों का निस्तारण केवल औपचारिकता तक सीमित न रहे। शिकायतों की वास्तविकता की जांच कर निर्धारित समयसीमा में गुणवत्तापूर्ण कार्रवाई की जाए और शिकायतकर्ता की संतुष्टि का भी ध्यान रखा जाए। पीलीभीत के सुनगढ़ी और



माधोटांडा तथा शाहजहांपुर के जलालाबाद, कलान और तिलहर थाना प्रभारियों के खिलाफ इसी संबंध में प्रारंभिक जांच के निर्देश दिए गए हैं। आगामी चुनाव के मद्देनजर डीआईजी ने निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुरूप पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों के स्थानांतरण की प्रक्रिया समय से पूरी करने तथा सभी जिलों में चुनाव सेल गठित करने को कहा। मतदान केंद्रों और मतगणना स्थलों की सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करने के साथ पुलिस और पैरामिलिट्री फोर्स के ठहरने की व्यवस्था पहले से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। अंतरजनपदीय और अंतरराज्यीय सीमाओं पर पुलिस बल की तैनाती की स्थिति की समीक्षा करने, शस्त्र जमा कराने में तेजी लाने और लंबित गैर-जमानती वारंटों की शत-प्रतिशत तामीला कराने पर भी जोर दिया। हत्या, लूट, डकैती, नकबजनी और वाहन चोरी जैसी घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने के निर्देश दिए गए। महिला संबंधी अपराधों और पॉक्सो एक्ट के मामलों में त्वरित कार्रवाई, वांछित एवं इनामी अपराधियों की गिरफ्तारी और हिस्ट्रीशीटरों की गतिविधियों पर निगरानी बढ़ाने को कहा गया। गैंगस्टर और एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई के साथ अपराध से अर्जित संपत्ति के नियमानुसार जब्तीकरण पर भी जोर दिया गया। डीआईजी ने सीसीटीएनएस पर 60 और 90 दिनों से लंबित विवेचनाओं का शीघ्र निस्तारण करने तथा ई-साक्ष्य ऐप, ई-समन और यक्ष ऐप का प्रभावी उपयोग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मिशन शक्ति फेज-6.0 के तहत मिशन शक्ति केंद्रों के प्रभावी संचालन और महिला बीट प्रणाली को मजबूत बनाने को कहा गया। साइबर अपराध की शिकायतों को प्राथमिकता से निस्तारित करने तथा साइबर हेल्प डेस्क की कार्यप्रणाली बेहतर करने के निर्देश भी दिए गए। सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए जीरो फैटलिटी डिस्ट्रिक्ट अभियान के तहत यातायात नियमों का पालन कराने और उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई पर जोर दिया गया। आगामी त्योहारों के मद्देनजर सोशल मीडिया पर सतर्क निगरानी, अफवाहों का तत्काल खंडन और पटाखों व विस्फोटक सामग्री की बिक्री करने वाले प्रतिष्ठानों की नियमानुसार जांच कराने को कहा गया। डीआईजी ने स्पष्ट किया कि कानून-व्यवस्था और जनशिकायतों के निस्तारण में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

डंपर ने उजाड़ दिए शादी के सपने

दुनका। दिसंबर में जिस घर में शादी की शहनाइयां बजने वाली थीं, वहां मातम छा गया। कंपनी से ड्यूटी कर बाइक से घर लौट रहे 34 वर्षीय नेत्रपाल की फतेहगंज पश्चिमी क्षेत्र के अगरास मोड़ पर डंपर की टक्कर से मौत हो गई। हादसे में उनका चेहरा बुरी तरह कुचल गया। जिला अस्पताल में डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। शाही थाना क्षेत्र के गांव ठिरिया कल्याणपुर निवासी नेत्रपाल पुत्र रामप्रसाद एक महीने से अमेजन कंपनी में काम कर रहे थे। गुरुवार रात करीब आठ बजे ड्यूटी खत्म कर घर लौटते समय शंखा पुल के आगे तेज रफ्तार डंपर ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। पुलिस ने घायल को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां उनकी मौत हो गई। बड़े भाई नरेंद्र ने बताया कि चार भाई-बहनों में सबसे छोटे नेत्रपाल की शादी दिसंबर में हल्द्वानी की युवती से तय हुई थी। घर में तैयारियां चल रही थीं। मां का पहले ही निधन हो चुका है और पिता रामप्रसाद बीमार रहते हैं। बेटे की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। शुक्रवार शाम साढ़े पांच बजे गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार किया गया।

जल संरक्षण से बढ़ेगी खेती की पैदावार, किसानों को सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए किया प्रेरित

जागरण मोर्चा कार्यालय

मीरगंज। भूमि संरक्षण अनुभाग, कृषि विभाग की ओर से कृषक गोष्ठी का आयोजन कर किसानों को कृषि उत्पादन बढ़ाने, जल संरक्षण और बंजर भूमि को खेती योग्य बनाने से जुड़ी योजनाओं की जानकारी दी गई। गोष्ठी में प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के तहत 'पर ड्रॉप मोर क्रॉप', खेत-तालाब योजना, पंडित दीनदयाल उपाध्याय किसान समृद्धि योजना और डब्ल्यूडीसी-3 योजना के उद्देश्यों और लाभों के बारे में बताया गया। साथ ही किसानों से योजनाओं का लाभ उठाकर खेती को अधिक लाभकारी बनाने की अपील की गई।गोष्ठी में बताया गया कि 'पर ड्रॉप मोर क्रॉप' का उद्देश्य सिंचाई में पानी की प्रत्येक बूंद का बेहतर उपयोग करना है। ड्रिप और स्प्रिंकलर जैसी सूक्ष्म सिंचाई तकनीकों को अपनाकर पानी की बचत के साथ फसलों तक जरूरत के अनुसार पानी पहुंचाया जा सकता है। वहीं, खेत-तालाब योजना के तहत वर्षा जल का संचयन कर सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध कराने और सूखे के प्रभाव को कम करने पर जोर दिया गया।पंडित दीनदयाल उपाध्याय किसान समृद्धि योजना के संबंध में किसानों को बताया गया कि इसके माध्यम से ऊसर, बंजर, बीहड़ और जलभराव से प्रभावित भूमि का सुधार कर उसे खेती के योग्य बनाने का प्रयास किया जाता है। इससे कृषि योग्य भूमि का क्षेत्र बढ़ाने और किसानों की उत्पादकता में सुधार की संभावनाएं बढ़ती हैं।इसके अलावा डब्ल्यूडीसी-3 योजना के तहत जलागम क्षेत्रों के विकास, वर्षा जल संरक्षण, मृदा क्षरण रोकने और प्राकृतिक संसाधनों के बेहतर प्रबंधन के महत्व की जानकारी दी गई। जल एवं भूमि संरक्षण के उपाय अपनाकर खेती को टिकाऊ बनाने और कृषि संसाधनों की उपयोगिता बढ़ाने पर जोर दिया गया। इस दौरान निरंजन यदुवंशी, मोहित गंगवार, राजेश चौहान, नरेंद्र कश्यप, अर्जुन सिंह, संजीव कुमार, विपिन सिंह, हरीश कुमार और जसवंत सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

बरेली-सीतापुर हाईवे की बदलेगी सूरत

फरीदपुर (बरेली)। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के निर्देशन एवं निगरानी में एनएचआईटी साउदर्न प्रोजेक्ट प्रा. लि. द्वारा बरेली-सीतापुर एनएच-30 पर यात्रियों की सुविधाएं बेहतर बनाने के प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में फरीदपुर टोल प्लाजा पर शौचालयों को आधुनिक बनाया गया है। टोल परिसर और हाईवे पर साफ-सफाई, स्वच्छ पेयजल सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। एनएचआईटी टोल प्लाजा प्रबंधक कासिम खान ने बताया कि वाहन चालकों और यात्रियों को बेहतर सुविधाएं देना प्रबंधन की प्राथमिकता है। इसके लिए टोल कर्मचारियों को समय-समय पर प्रशिक्षण दिया जाता है, ताकि वे वाहन चालकों से विनम्रता से बात कर उनकी समस्याओं का समाधान कर सकें।

नौ रंगों और रसों से जीवन बनाएं उल्लासपूर्ण

जागरण मोर्चा कार्यालय



बरेली। श्रीराम मूर्ति स्मारक कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (एसआरएमएस सीईटी) में शुक्रवार को दो दिवसीय वार्षिक सांस्कृतिक महोत्सव जेस्ट-2026 'नवरंग' का शुभारंभ हुआ। उद्घाटन समारोह में एसआरएमएस ट्रस्ट के चेयरमैन देव मूर्ति ने विद्यार्थियों को जीवन में कला, संस्कृति और विभिन्न भावों को अपनाने का संदेश दिया। पहले दिन सभी कॉलेजों के विद्यार्थियों ने 10 सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया।

शतिक सभागार में दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ कार्यक्रम शुरू हुआ। देव मूर्ति ने कहा कि नौ रंग और नौ रस जीवन को उल्लासपूर्ण बनाते हैं। विद्यार्थियों को किसी न किसी विधा में दक्षता हासिल कर अपनी प्रतिभा निखारनी चाहिए। उन्होंने बताया कि वर्ष 1998 में 350 विद्यार्थियों के साथ शुरू हुआ जेस्ट आज बड़े आयोजन का रूप ले चुका है। विद्यार्थियों को इस विरासत को आगे बढ़ाना चाहिए। कार्यक्रम में मीम, मल्टी सीन, टर्न कोट, टी-शर्ट पेंटिंग, सोलो डांस, डुएट डांस और बैटल ऑफ बैंड्स सहित विभिन्न प्रतियोगिताएं हुईं। फाइन आर्ट्स कमेटी की ओर से नवरंग और नवरस पर आधारित पेंटिंग व रेखाचित्रों की प्रदर्शनी आकर्षण का केंद्र रही। इसके साथ ही पूर्व विद्यार्थियों के लिए एल्युमनाई मीट आयोजित हुई, जिसमें उन्होंने अपनी यादें और उपलब्धियां साझा कीं। उद्घाटन में आदित्य मूर्ति, सुभाष मेहरा, डॉ. प्रभाकर गुप्ता, डॉ. शैलेश सक्सेना, एयर मार्शल (सेवानिवृत्त) डॉ. एमएस बुटोला, अमित कुमार शर्मा और डॉ. तरुण सिंह गंगवार मौजूद रहे। शनिवार को सुबह नौ बजे स्केचिंग प्रतियोगिता से कार्यक्रम शुरू होगा और शाम सात बजे स्टेलर नाइट के साथ समापन होगा।

21 पेड़ों के परमिट पर 30 पेड़ काटने का आरोप, जड़ों को उखाड़ने पहुंची जेसीबी

जागरण मोर्चा कार्यालय



नवाबगंज। क्योलड़िया थाना क्षेत्र के गांव पुरैनिया में आम के बाग में पेड़ों के कटान को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। आरोप है कि 21 पेड़ काटने का परमिट लेकर ठेकेदार ने 30 पेड़ों का कटान कर दिया। इतना ही नहीं, कटे हुए पेड़ों की लकड़ी ट्रालियों में भरकर ले जाने के बाद कथित तौर पर जेसीबी से पेड़ों की जड़ों को भी उखाड़ने का प्रयास किया गया। मामले में वन विभाग की मिलीभगत की सूचना मिलने पर विभागीय अधिकारी मौके पर पहुंचे और जांच-पड़ताल की। घटना के बाद वन विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं। जानकारी के अनुसार, गांव पुरैनिया में आम का बाग खरीदने के बाद ठेकेदार द्वारा पेड़ों का कटान कराया गया। आरोप है कि निर्धारित अनुमति से अधिक पेड़ काटे गए। स्थानीय स्तर पर यह भी आरोप लगाए गए कि हरे-भरे पेड़ों को सूखा और फलहीन दर्शाकर कटान कराया गया। कटे हुए पेड़ों की लकड़ी मौके से हटाने के बाद जेसीबी से जड़ों को उखाड़ने की कार्रवाई किए जाने की बात भी सामने आई है। इससे कटान की वास्तविक संख्या और पूरे मामले की जांच को लेकर सवाल खड़े हो गए हैं।

मामले की सूचना मिलने के बाद वन विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे। वन रक्षक वेद प्रकाश ने सफाई देते हुए बताया कि मौके पर जांच की गई, जिसमें ठेकेदार द्वारा परमिट से दो पेड़ अधिक काटे जाने की बात सामने आई है। उन्होंने यह भी बताया कि मौके पर सात पेड़ बिना कटे हुए मिले हैं। वन रक्षक के इस बयान के बाद पेड़ों की वास्तविक संख्या, जारी परमिट और मौके पर हुए कटान का मिलान किए जाने की जरूरत और बढ़ गई है। हालांकि, स्थानीय स्तर पर 21 पेड़ों के परमिट पर 30 पेड़ काटे जाने का आरोप लगाया जा रहा है, जबकि वन रक्षक ने जांच में दो पेड़ अधिक कटने की बात कही है। ऐसे में पूरे मामले की निष्पक्ष जांच के बाद ही कटे हुए पेड़ों की सही संख्या स्पष्ट हो सकेगी।

जड़ों को उखाड़ने के आरोप से बढ़ा मामला

स्थानीय लोगों का आरोप है कि लकड़ी हटाने के बाद जेसीबी से पेड़ों की जड़ों को उखाड़ने का प्रयास किया गया, जिससे कटान से जुड़े साक्ष्य मिटाए जाने की आशंका है। यदि ऐसा किया गया है, तो इसकी भी जांच जरूरी है। सवाल यह है कि जब पेड़ों के कटान के लिए परमिट जारी किया गया था, तो निर्धारित संख्या से अधिक कटान कैसे हुआ और इसकी निगरानी की जिम्मेदारी निभाने वाले अधिकारियों को इसकी जानकारी कब मिली?

पुलिस ने वन विभाग का मामला बताया

इस संबंध में क्योलड़िया थाने के प्रभारी थाना अध्यक्ष कर्म सिंह पाल से जानकारी ली गई तो उन्होंने बताया कि मामला वन विभाग से संबंधित है और इसमें पुलिस की कोई भूमिका नहीं है। वहीं, वन विभाग की ओर से मौके पर जांच किए जाने की बात कही गई है। समाचार लिखे जाने तक मामले में किसी ठोस कार्रवाई की जानकारी सामने नहीं आई थी। अब देखना यह है कि वन विभाग परमिट, मौके पर मौजूद पेड़ों और कटान की वास्तविक संख्या का मिलान कर क्या कार्रवाई करता है। साथ ही, जड़ों को उखाड़ने के आरोपों की जांच कर सच्चाई सामने लाना भी विभाग के लिए अहम होगा।

जल संरक्षण से बढ़ेगी खेती की पैदावार

जागरण मोर्चा कार्यालय

मीरगंज। भूमि संरक्षण अनुभाग, कृषि विभाग की ओर से कृषक गोष्ठी का आयोजन कर किसानों को कृषि उत्पादन बढ़ाने, जल संरक्षण और बंजर भूमि को खेती योग्य बनाने से जुड़ी योजनाओं की जानकारी दी गई। गोष्ठी में प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के तहत 'पर ड्रॉप मोर क्रॉप', खेत-तालाब योजना, पंडित दीनदयाल उपाध्याय किसान समृद्धि योजना और डब्ल्यूडीसी-3 योजना के उद्देश्यों और लाभों के बारे में बताया गया। साथ ही किसानों से योजनाओं का लाभ उठाकर खेती को अधिक लाभकारी बनाने की अपील की गई।गोष्ठी में बताया गया कि 'पर ड्रॉप मोर क्रॉप' का उद्देश्य सिंचाई में पानी की प्रत्येक बूंद का बेहतर उपयोग करना है। ड्रिप और स्प्रिंकलर जैसी सूक्ष्म सिंचाई तकनीकों को अपनाकर पानी की बचत के साथ फसलों तक जरूरत के अनुसार पानी पहुंचाया जा सकता है। वहीं, खेत-तालाब योजना के तहत वर्षा जल का संचयन कर सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध कराने और सूखे के प्रभाव को कम करने पर जोर दिया गया। पंडित दीनदयाल उपाध्याय किसान समृद्धि योजना के संबंध में किसानों को बताया गया कि इसके माध्यम से ऊसर, बंजर, बीहड़ और जलभराव से प्रभावित भूमि का सुधार कर उसे खेती के योग्य बनाने का प्रयास किया जाता है। इससे कृषि योग्य भूमि का क्षेत्र बढ़ाने और किसानों की उत्पादकता में सुधार की संभावनाएं बढ़ती हैं।

मिलावट के शक में मिठाई की दुकानों पर छापेमारी

जागरण मोर्चा कार्यालय



मीरगंज। त्योहारों के मद्देनजर मिलावटी खाद्य पदार्थों की बिक्री पर अंकुश लगाने के लिए खाद्य सुरक्षा विभाग ने मिठाई की दुकानों पर छापेमारी अभियान तेज कर दिया है। शुक्रवार को खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने अलग-अलग स्थानों पर मिठाई की दुकानों का निरीक्षण कर बर्फी, खोया और बूंदी के लड्डू समेत विभिन्न मिठाइयों के नमूने जांच के लिए संग्रहित किए। अचानक हुई कार्रवाई से मिठाई विक्रेताओं में खलबली मच गई। इस दौरान कुछ दुकानदार शटर बंद कर मौके से गायब हो गए।खाद्य सुरक्षा अधिकारी मुकेश कुमार के नेतृत्व में टीम ने मोहल्ला मेवात स्थित लवी स्वीट्स (अजंता) से बर्फी, सिरौली चौराहे पर बाबा दीपक स्वीट्स से खोया और गुप्ता स्वीट्स तहसील रोड से बूंदी के लड्डू का नमूना लिया। इसके अलावा धनेटा फाटक स्थित रूपकिशोर स्वीट्स से भी बर्फी का नमूना संग्रहित किया गया। इससे पहले शुक्रवार को मिर्जापुर चौराहे पर चंदन स्वीट्स से बर्फी और राम स्वीट्स से बेसन के लड्डू का नमूना जांच के लिए लिया गया था। सभी नमूनों को प्रयोगशाला भेजकर उनकी गुणवत्ता और शुद्धता की जांच कराई जाएगी। जांच रिपोर्ट में मिलावट या खाद्य सुरक्षा मानकों के उल्लंघन की पुष्टि होने पर संबंधित विक्रेताओं के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी मुकेश कुमार, राकेश कुमार और तेज बहादुर सिंह शामिल रहे। अधिकारियों ने मिठाई विक्रेताओं को स्पष्ट चेतावनी दी कि बासी, पुरानी और मिलावटी मिठाइयों का निर्माण या बिक्री न करें। मिठाइयों में अखाद्य रंगों और एल्युमिनियम के वर्क का इस्तेमाल न किया जाए। खाद्य पदार्थों को स्वच्छता के साथ तैयार करने और निर्धारित मानकों का पालन करने के निर्देश भी दिए गए।विभाग ने आमजन से भी अपील की है कि मिठाई खरीदते समय उसकी गुणवत्ता और शुद्धता का ध्यान रखें। अत्यधिक चमकदार रंगों वाली और संदिग्ध नकली वर्क लगी मिठाइयों को खरीदने से बचें। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि मिलावटखोरी के खिलाफ छापेमारी अभियान आगे भी जारी रहेगा और नियमों का उल्लंघन करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।

परमिट से अधिक पेड़ काटने का आरोप

फरीदपुर (बरेली)। उपुलिस ने चोरी व लूट के वाहन और उनके पुर्जे बरामद कर तीन कबाड़ कारोबारियों को गिरफ्तार किया है, जबकि एक आरोपी फरार हो गया। गुरुवार शाम पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर बीसलपुर तिराहा, फरीदपुर कट और संभल मुस्लिम ढाबे के पास दबिश देकर इकबाल, लकी और बन्ने को पकड़ लिया। पुलिस ने इकबाल के गोदाम से ट्रैक्टर इंजन, पानी की मोटर और स्वराज ट्रैक्टर, लकी के गोदाम से चार बैटरी व पांच ई-रिक्शा चार्जर तथा बन्ने के गोदाम से दो बाइक, इंजन और अधूरी चेसिस बरामद की। फरार शमी के गोदाम से भी वाहन इंजन और बजाज बाइक का फ्रेम बरामद हुआ। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उन्हें जेल भेज दिया। कार्रवाई में उपनिरीक्षक उमेश कुमार, तरुण कुमार, मानसी हुड्डा सहित पुलिस टीम शामिल रही।



जागरण मोर्चा
www.jagranmorchadaily@gmail.com





एक नजर

ब्राह्मण महासभा की प्रदेश कार्यकारिणी का हुआ विस्तार

बदायूं। अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा के युवा पश्चिमी उत्तर प्रदेश अध्यक्ष पं. आकाश पाराशर ने प्रदेश कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए नए पदाधिकारियों का मनोनयन किया है। बदायूं के शिक्षक एवं समाजसेवी आयुष भारद्वाज को प्रदेश उपाध्यक्ष बनाकर बरेली मंडल का प्रभार सौंपा गया है। वहीं, बागपत के अभिषेक कौशिक को प्रदेश उपाध्यक्ष बनाकर मेरठ मंडल की जिम्मेदारी दी गई है। प्रदेश अध्यक्ष आकाश पाराशर ने बताया कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश के छह मंडलों में अलग-अलग प्रदेश उपाध्यक्षों को प्रभारी बनाया जाएगा। शेष चार मंडलों में भी जल्द नियुक्तियां की जाएंगी। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के 26 जिलों में युवा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्षों और अन्य जिला स्तरीय पदों पर नियुक्तियां मंडल प्रभारियों की संस्तुति पर की जाएंगी। उन्होंने बताया कि वर्ष 2027 में 11 फरवरी, बसंत पंचमी के अवसर पर सामूहिक यज्ञोपवीत संस्कार आयोजित करने की रूपरेखा तैयार की जा रही है।

हत्या के चर्चित मामले से जुड़े आरोपियों के ताऊ ने फिर कब्जाई तालाब की 24 बीघा जमीन, प्रशासन ने कराई मेड़बंदी

जागरण मोर्चा कार्यालय



मूसा जाट थाना क्षेत्र के गांव सैजनी में मेडबंदी कराते राजस्व विभाग के अधिकारी।

बदायूं। तालाब की सरकारी जमीन पर दोबारा कब्जे के मामले में आखिरकार राजस्व विभाग हरकत में आया। विभागीय टीम ने तालाब की करीब 24 बीघा जमीन पर मेड़बंदी कराकर उसे कब्जामुक्त करा दिया। हालांकि, सरकारी जमीन पर दोबारा कब्जा करने के आरोपियों के खिलाफ अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो सकी है। अधिकारियों की ओर से आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने की बात कही जा रही है, लेकिन शुक्रवार देर शाम तक मुकदमा दर्ज नहीं हो सका था। ऐसे में सरकारी जमीन को कब्जामुक्त कराने की कार्रवाई के बाद भी आरोपियों पर कार्रवाई का इंतजार बना हुआ है।

मामला उस तालाब की जमीन से जुड़ा है, जिस पर पहले भी अवैध कब्जे को लेकर राजस्व विभाग कार्रवाई कर चुका था। विभाग की ओर से धारा 67 के तहत कब्जे के मामले में लाखों रुपये का जुर्माना भी लगाया गया था। इसके बावजूद आरोपियों ने कथित तौर पर दोबारा तालाब की जमीन पर जोताई कराकर कब्जा कर लिया। सरकारी संपत्ति पर इस तरह फिर से कब्जा किए जाने का मामला सामने आने के बाद प्रशासन की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठने लगे थे। इस प्रकरण का संबंध एचपीसीएल प्लांट के दो अधिकारियों की सनसनीखेज हत्या के मामले से भी जुड़ा है। बीती 12 मार्च को एचपीसीएल प्लांट के उप महाप्रबंधक हर्षित मिश्रा और सहायक प्रबंधक की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस दोहरे हत्याकांड ने पूरे देश में दातागंज को शर्मसार कर दिया था। हत्याकांड के बाद आरोपी के ताऊ पर भी शिकंजा कसा गया था। उस समय मामला काफी चर्चित हुआ था और देशभर में इसकी चर्चा हुई थी। इसके बावजूद तालाब की सरकारी जमीन पर दोबारा कब्जा किए जाने का दुस्साहस सामने आया। आरोप है कि पहले से कार्रवाई और जुर्माना लगाए जाने के बाद भी कब्जाधारियों ने सबक नहीं लिया और करीब 24 बीघा जमीन पर फिर से खेती करने की तैयारी कर ली। सरकारी तालाब की जमीन पर दोबारा कब्जे की खबर सामने आने के बाद राजस्व विभाग की भूमिका और निगरानी व्यवस्था पर भी सवाल उठे। मामले को प्रमुखता से उठाए जाने के बाद राजस्व विभाग की टीम ने जमीन की स्थिति का जायजा लिया और मेड़बंदी कराकर तालाब की भूमि को कब्जामुक्त कराया। विभाग की इस कार्रवाई से सरकारी जमीन को सुरक्षित करने की दिशा में कदम तो बढ़ा, लेकिन कब्जा करने के आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई का मामला अब भी अधूरा है। अधिकारियों का कहना है कि सरकारी जमीन पर दोबारा कब्जा करने वालों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया जाएगा। हालांकि, शुक्रवार देर शाम तक इस संबंध में मुकदमा दर्ज होने की जानकारी सामने नहीं आई। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि जब धारा 67 के तहत पहले ही लाखों रुपये का जुर्माना लगाया जा चुका था और जमीन को दोबारा कब्जाने का मामला भी सामने आ गया, तो फिर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई में देरी क्यों हो रही है? फिलहाल राजस्व विभाग ने मेड़बंदी कराकर 24 बीघा तालाब की जमीन को कब्जामुक्त करा दिया है। अब निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि प्रशासन आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराकर आगे क्या कार्रवाई करता है, ताकि भविष्य में सरकारी तालाब की जमीन पर दोबारा कब्जा करने की हिम्मत कोई न जुटा सके।

▸ कब्जा करने वाले आरोपियों पर कार्रवाई के नाम पर अब तक खाली हाथ पुलिस-प्रशासन

बरेली-कासगंज रूट पर तीन दिन का ब्लॉक रद्द

बदायूं। बरेली-कासगंज रेल मार्ग पर सफर करने वाले यात्रियों के लिए राहत भरी खबर है। कासगंज रेलवे स्टेशन पर पैदल पुल के गर्डर चढ़ाने के लिए 29 अक्टूबर, एक नवंबर और चार नवंबर को प्रस्तावित रेल ब्लॉक रद्द कर दिया गया है। इससे तीनों दिन ट्रेनों का संचालन सामान्य रहेगा। इज्जतनगर मंडल के जनसंपर्क विभाग के अनुसार, पैदल पुल निर्माण कार्य के चलते सुबह 10 बजे से दोपहर एक बजे तक रेल ब्लॉक लिया जाना प्रस्तावित था। हालांकि, अपरिहार्य कारणों से इसे निरस्त कर दिया गया है। ब्लॉक रद्द होने से ट्रेन संख्या 55328 बरेली सिटी-कासगंज पैसेंजर, 55338 बरेली टाउन-कासगंज पैसेंजर और 55327 कासगंज जंक्शन-बरेली सिटी पैसेंजर के संचालन में प्रस्तावित बदलाव लागू नहीं होंगे। तीनों ट्रेनें अपने निर्धारित मार्ग और समय के अनुसार चलेंगी। इससे बदायूं सहित आसपास के क्षेत्रों के यात्रियों को राहत मिलेगी।

विजिलेंस टीम पर रिश्वत मांगने का आरोप

जागरण मोर्चा कार्यालय



बदायूं। उझानी के हर्ष गेस्ट हाउस में बिजली चोरी की जांच के दौरान विजिलेंस टीम की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हुए हैं। गेस्ट हाउस के किरायेदारों ने टीम पर रिश्वत मांगने और रकम देने से इन्कार करने पर फर्जी बिजली चोरी का मुकदमा दर्ज कराने का आरोप लगाया है। पीड़ितों ने मुख्यमंत्री को शिकायती पत्र भेजकर पूरे मामले की उच्चस्तरीय निष्पक्ष जांच कराने और दोषी अधिकारियों व कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

मुख्यमंत्री को भेजे पत्र में किरायेदार मोहित राघव पुत्र दिनेश कुमार राघव और महावीर सिंह पुत्र कृपाल सिंह निवासी हर्ष गेस्ट हाउस, कल्याण सिंह चौक बाईपास रोड उझानी ने बताया कि 21 अक्टूबर 2026 को शाम करीब 4:30 से 4:45 बजे के बीच विजिलेंस टीम ने गेस्ट हाउस पर औचक निरीक्षण किया था। टीम में जेई हरीश कुमार, इंस्पेक्टर शमशाद अली समेत अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे। इस कार्रवाई के बाद एंटी पावर थेफ्ट थाना बदायूं में विद्युत अधिनियम की धारा 135 के तहत एफआईआर संख्या 2068/2026 दर्ज कराई गई। किरायेदारों का कहना है कि उन्होंने करीब एक महीने पहले ही गेस्ट हाउस वैध एवं पंजीकृत किरायानामे पर लिया था। परिसर में लगा बिजली मीटर पहले से खराब था, जिसकी शिकायत संबंधित विभाग में शिकायत संख्या MV05092 और 612096 के तहत दर्ज कराई गई थी। इसके बावजूद विभाग ने मीटर नहीं बदला। शिकायती पत्र में आरोप लगाया गया है कि चेकिंग के दौरान विजिलेंस टीम के सदस्यों ने उनसे 1.50 लाख रुपये या अन्य अवैध रकम की मांग की। रकम देने में असमर्थता जताने पर टीम ने कथित तौर पर मनगढ़ंत रिपोर्ट तैयार कर मुकदमा दर्ज करा दिया। पीड़ितों के अनुसार, उन्हें 10.50 लाख रुपये का जुर्माना लगाए जाने की बात कहकर मानसिक रूप से प्रताड़ित भी किया गया। पीड़ितों ने मुख्यमंत्री से पूरे प्रकरण की निष्पक्ष उच्चस्तरीय जांच कराने, दर्ज मुकदमे को निरस्त करने तथा कथित अवैध वसूली की मांग और गलत चेकिंग रिपोर्ट तैयार करने के आरोपों की जांच कर संबंधित जेई, इंस्पेक्टर, पुलिसकर्मियों और वाहन चालक के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत कार्रवाई करने की मांग की है। हालांकि, शिकायत में लगाए गए आरोपों पर संबंधित विजिलेंस टीम का पक्ष सामने नहीं आया है।

दंगा नियंत्रण अभ्यास में पुलिसकर्मियों ने दिखाया दमखम





दंगाइयों से निपटने के लिए पुलिस लाइन में किया गया मॉक ड्रिल। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

बदायूं। कानून-व्यवस्था की चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों से निपटने और पुलिस की तैयारियों को मजबूत बनाने के लिए रिजर्व पुलिस लाइन में बलवा ड्रिल का अभ्यास किया गया। पुलिस स्मृति दिवस एवं राष्ट्रीय एकता दिवस कार्यक्रम के अंतर्गत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के निर्देशन में हुए इस अभ्यास में महिला पुलिसकर्मियों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। सहायक पुलिस अधीक्षक एवं सीओ सिटी सुमेध मिलिंद जाधव के नेतृत्व में पुलिसकर्मियों ने भीड़ नियंत्रण, उपद्रवियों से निपटने, लाठीचार्ज और अश्रु गैस के इस्तेमाल का अभ्यास किया। साथ ही सुरक्षा उपकरणों के प्रयोग की प्रक्रिया भी दोहराई गई। अभ्यास का उद्देश्य पुलिसकर्मियों को आपात स्थिति में तत्काल और प्रभावी कार्रवाई के लिए तैयार करना रहा। अधिकारियों ने आपसी तालमेल, अनुशासन और सतर्कता के साथ जनसुरक्षा सुनिश्चित करने पर जोर दिया। इस दौरान प्रतिसार निरीक्षक इन्द्रजीत सिंह, महिला थाना प्रभारी ज्योति सिंह समेत अन्य पुलिस अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

43 मरीजों को बुखार की दवाएं दीं

जागरण मोर्चा कार्यालय



स्वास्थ्य शिविर में दवा लेते मरीज। -जागरण मोर्चा

वजीरगंज। संचारी रोगों की रोकथाम और ग्रामीणों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से ब्लॉक वजीरगंज के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सैदपुर के अंतर्गत ग्राम दिसौलीगंज में स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. विपिन वर्मा के निर्देशन में लगे शिविर में कुल 60 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उपचार किया गया।

इनमें 43 मरीज बुखार से पीड़ित मिले, जिन्हें आवश्यक दवाइयां उपलब्ध कराई गईं। वहीं, अन्य मरीजों को उनकी बीमारी के अनुसार दवाएं दी गईं और उचित चिकित्सकीय परामर्श दिया गया। शिविर में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने मरीजों की जांच कर उन्हें बीमारियों से बचाव के प्रति जागरूक भी किया। इस दौरान डॉ. संजय यादव, एलटी नितिन, जेवा सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी मौजूद रहे। इधर, स्वास्थ्य सेवाओं और संचारी रोग नियंत्रण अभियान की प्रगति का जायजा लेने के लिए जिला स्तरीय टीम ने शिविर का निरीक्षण किया। टीम में डिप्टी सीएमओ डॉ. सनोज मिश्रा और जिला सर्विलांस अधिकारी डॉ. तहसीन शामिल रहे। अधिकारियों ने शिविर की व्यवस्थाओं का जायजा लेकर स्वास्थ्यकर्मियों से जानकारी प्राप्त की।

दो शातिर पशु चोर गिरफ्तार, चोरी की भैंस और 9100 रुपये बरामद

जागरण मोर्चा कार्यालय

उघैती। पुलिस ने पशु चोरी की दो घटनाओं का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से चोरी की एक भैंस और 9100 रुपये नकद बरामद किए ग ए हैं। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान जुगेन्द्र निवासी शेखूपुर और धर्मदास निवासी मुबारकपुर थाना बिसौली के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक, दोनों आरोपी रात दो से तीन बजे के बीच गांवों के बाहर बने घेरों में बंधे पशुओं को निशाना बनाते थे। पूछताछ में आरोपियों ने जून में गदगांव से एक भैंस और उसका पड़वा चोरी करने की बात स्वीकार की। चोरी किए गए पशुओं को उन्होंने 50 हजार रुपये में बेच दिया था। इसके अलावा नौ अक्टूबर को शरह बरौलिया से भी एक भैंस चोरी की थी। पुलिस ने आरोपियों के पास से बरामद 9100 रुपये को जून में बेचे गए पशुओं की बची हुई रकम बताया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को 30 अक्टूबर को गंगा एक्सप्रेसवे के अंडरपास के पास से गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार, जुगेन्द्र के खिलाफ नौ और धर्मदास के खिलाफ 11 आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। धर्मदास की हिस्ट्रीशीट भी थाना बिसौली में खुली हुई है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ विधिक कार्रवाई करते हुए न्यायालय में पेश किया।

▸ रात के अंधेरे में घेरों से पशु चुराकर बेचते थे आरोपी, दोनों पर दर्ज हैं कई आपराधिक मुकदमे

नलकूपों में चोरी से मचा हड़कंप

जागरण मोर्चा कार्यालय



दीवार में नकब लगाकर की गई चोरी।

कुंवरगांव। थाना कुंवरगांव क्षेत्र के गांव लाही फरीदपुर में चोरों ने एक बार फिर किसानों के नलकूपों को निशाना बनाते हुए आधा दर्जन से अधिक नलकूपों से हजारों रुपये के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण चोरी कर लिए। चोर कहीं ताले तोड़कर तो कहीं नकब लगाकर वारदात को अंजाम दे गए। दो महीने के भीतर दूसरी बार चोरी की घटनाएं होने से किसानों में दहशत व्याप्त है।

सालारपुर के पूर्व ब्लॉक प्रमुख गुड्डू गाजी ने पुलिस को सूचना देते हुए बताया कि गांव लाही फरीदपुर में चोरों ने अकरम, बब्लू, खलील अहमद, मेहंदी हसन, दिलावर और आरिफ समेत आधा दर्जन से अधिक किसानों के नलकूपों को निशाना बनाया। चोर नलकूपों के ताले तोड़कर और दीवारों में नकब लगाकर हजारों रुपये के कीमती इलेक्ट्रॉनिक उपकरण चोरी कर ले गए। उन्होंने बताया कि चोर दो महीने के भीतर इन्हीं नलकूपों में दूसरी बार चोरी की वारदात कर चुके हैं। लगातार हो रही चोरियों से किसानों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। वहीं, नलकूपों के जरूरी उपकरण चोरी होने से किसान फसलों की समय पर सिंचाई नहीं कर पा रहे हैं। किसानों के मुताबिक, इससे पहले बनगढ़, सिगोई, हरहरपुर और इनायतगंज क्षेत्र में भी नलकूपों से चोरी की घटनाएं हो चुकी हैं। आरोप है कि इन घटनाओं में अभी तक न तो मुकदमे दर्ज किए गए हैं और न ही चोरियों का खुलासा हो सका है। लगातार वारदातों के बावजूद कार्रवाई न होने से किसानों में नाराजगी है। किसानों ने पुलिस प्रशासन से रात में गश्त बढ़ाने, नलकूपों में हो रही चोरियों पर अंकुश लगाने और घटनाओं का खुलासा कर आरोपितों को गिरफ्तार करने की मांग की है। साथ ही चोरी गए उपकरणों की बरामदगी की भी मांग उठाई है।

▸ दो महीने में दूसरी बार किसानों के नलकूपों को बनाया निशाना, सिंचाई व्यवस्था प्रभावित; पुलिस से गश्त बढ़ाने और खुलासे की मांग

22वें दिन भी जारी रहा भाकियू (चढूनी) का धरना

जागरण मोर्चा कार्यालय



बदायूं। भारतीय किसान यूनियन (चढूनी) के बैनर तले जिलाध्यक्ष सतीश साहू के नेतृत्व में चल रहा अनिश्चितकालीन धरना सोमवार को 22वें दिन भी जारी रहा। नौ अक्टूबर से शुरू हुए धरने को तीन सप्ताह से अधिक समय बीत चुका है, लेकिन किसानों का आरोप है कि अब तक कोई भी प्रशासनिक अधिकारी धरनास्थल पर उनकी समस्याएं सुनने नहीं पहुंचा। इससे किसानों और संगठन के पदाधिकारियों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है।

धरने की अगुवाई कर रहे सदर तहसील अध्यक्ष दिलशाद हुसैन ने बताया कि बदायूं शहर में डॉ. शरीक जनाब द्वारा आम रास्ते और सरकारी नाले को बंद कर दीवार बनाए जाने का मामला उठाया जा रहा है। इससे सरकारी जमीन पर कब्जे की स्थिति बन रही है। संगठन की मांग है कि नाले से संबंधित सरकारी अभिलेखों की जांच कराई जाए और राजस्व टीम भेजकर मौके पर पक्की पैमाइश कराई जाए। उनका कहना है कि नाला बंद होने से मोहल्लेवासियों का आवागमन प्रभावित हो रहा है और भविष्य में जलभराव की समस्या भी गंभीर हो सकती है। इसके अलावा सदर तहसील क्षेत्र की ग्राम पंचायत बुटला दौलत के मजरा जनुइया में जमीन के बैनामे में कथित धांधली का मामला भी उठाया गया। आंदोलनकारियों का आरोप है कि प्रेमवती और भगवान दास ने रामदुलार आदि से जमीन खरीदने का इकरारनामा किया था। मामला न्यायालय में विचाराधीन होने के बावजूद कथित फर्जीवाड़े के जरिए जमीन का बैनामा गजराज के नाम करा दिया गया। संगठन ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराकर पीड़ितों को न्याय दिलाने की मांग की है। जिला प्रवक्ता राशिद अब्बासी ने प्रशासन पर किसानों की समस्याओं की अनदेखी करने का आरोप लगाया। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही नाले की पैमाइश और जमीन के बैनामे की जांच के लिखित आदेश जारी नहीं किए गए तो भाकियू जिला मुख्यालय का घेराव कर उग्र आंदोलन करेगी। इसकी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। धरने में भगवान दास, राशिद अब्बासी, बीयीशुदास, यादवेंद्र यादव, शरीफ अब्बासी, महेंद्र पाल, ओमकार शाक्य, छत्रपाल, रामवीर, दिलशाद हुसैन, प्रेमवती, दीनदयाल पटेल और कल्लू जाटव समेत अन्य किसान मौजूद रहे।

पाइपलाइन बिछाने के बाद क्षतिग्रस्त सड़कों की होगी मरम्मत, जल निगम चला रहा विशेष अभियान

जागरण मोर्चा कार्यालय



बदायूं। ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल पाइपलाइन बिछाने के दौरान खोदी गई सड़कों की मरम्मत कराने के लिए उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण) की ओर से विशेष सड़क पुनर्स्थापना अभियान चलाया जा रहा है। प्रदेशव्यापी यह अभियान एक अक्टूबर से 10 नवंबर 2026 तक संचालित होगा। इसके तहत पाइपलाइन बिछाने के बाद अब तक मरम्मत से वंचित सड़कों को दुरुस्त कराया जाएगा। अधिशासी अभियंता, खंड कार्यालय उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण) अमित कुमार वर्मा ने बताया कि जनपद में पेयजल पाइपलाइन बिछाने के लिए कुल 5334 किलोमीटर सड़कों की खुदाई की गई थी। इनमें से अब तक 5319 किलोमीटर सड़कों की मरम्मत कराई जा चुकी है। शेष 15 किलोमीटर क्षतिग्रस्त सड़कों को भी ठीक कराने की कार्रवाई की जा रही है। संबंधित अधिकारियों को अभियान के दौरान मरम्मत कार्य जल्द पूरा कराने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि जिन गांवों में पाइपलाइन बिछाने के बाद अभी तक सड़कों की मरम्मत नहीं हुई है, वहां के ग्रामीण विभाग के टोल फ्री नंबर 1800-121-2164 पर शिकायत दर्ज करा सकते हैं। इसके अलावा जल समाधान ऐप और आईजीआरएस पोर्टल के माध्यम से भी शिकायत की जा सकती है। अभियान के तहत नागरिकों की सुविधा के लिए जलसारथी ऐप पर भी शिकायत दर्ज कराने की व्यवस्था की गई है। ग्रामीण क्षतिग्रस्त सड़क की फोटो और वीडियो अपलोड कर अपनी समस्या विभाग तक पहुंचा सकते हैं। शिकायत मिलने पर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए जाएंगे। अधिशासी अभियंता अमित कुमार वर्मा ने ग्रामीणों से अपील की कि यदि उनके गांव में पाइपलाइन बिछाने के कारण कोई सड़क क्षतिग्रस्त है और उसकी मरम्मत नहीं कराई गई है तो विभाग को इसकी सूचना दें। उन्होंने कहा कि विभाग की प्राथमिकता क्षतिग्रस्त सड़कों को जल्द दुरुस्त कराकर ग्रामीणों को आवागमन की परेशानी से राहत दिलाना है।

जागरण मोर्चा
www.jagranmorchadaily@gmail.com





एक नजर

चार नवंबर को होगी जनपद स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता

बदायूँ। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद उत्तर प्रदेश के निर्देश पर जिला विज्ञान क्लब की ओर से चार नवंबर को जनपद स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता राजकीय कन्या इंटर कॉलेज, पुलिस लाइन के निकट होगी। इसमें मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थानों में कक्षा नौ से 12 तक के विद्यार्थी प्रतिभाग कर सकेंगे। जिला विज्ञान क्लब के समन्वयक विवेक जौहरी ने बताया कि प्रतियोगिता में विद्यार्थियों के विज्ञान मॉडलों का मूल्यांकन किया जाएगा। उत्कृष्ट मॉडलों का चयन मंडल स्तरीय प्रतियोगिता के लिए होगा। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले को पांच हजार, द्वितीय को तीन हजार और तृतीय स्थान पाने वाले को दो हजार रुपये का पुरस्कार दिया जाएगा। इसके अलावा एक-एक हजार रुपये के दो सांत्वना पुरस्कार भी प्रदान किए जाएंगे। प्रतियोगिता का आयोजन जिलाधिकारी द्वारा गठित समिति के सहयोग से किया जाएगा। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, नवाचार और रचनात्मक क्षमता को बढ़ावा देना है।

डॉ. शैलेश पाठक की एंट्री से दातागंज में सियासी हलचल तेज

जागरण मोर्चा कार्यालय







बदायूं। भारतीय जनता पार्टी में लगातार संगठनात्मक सक्रियता और जनसेवा के जरिए अपनी अलग पहचान बनाने वाले डॉ. शैलेश पाठक को प्रदेश भाजपा कार्यकारिणी में स्थान मिलने के बाद दातागंज विधानसभा क्षेत्र की राजनीति में हलचल तेज हो गई है। प्रदेश कार्यकारिणी में उनका नाम शामिल होने के बाद उन्होंने लखनऊ में आयोजित बैठक में प्रतिभाग किया। इस राजनीतिक उपलब्धि को क्षेत्र में उनके बढ़ते प्रभाव और संगठन के प्रति उनकी सक्रियता से जोड़कर देखा जा रहा है।

डॉ. शैलेश पाठक लंबे समय से भाजपा संगठन के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाते आ रहे हैं। उन्होंने एक सामान्य कार्यकर्ता के रूप में अपनी राजनीतिक यात्रा को आगे बढ़ाया और जनपद में भाजपा सदस्यता अभियान के दौरान बड़ी संख्या में लोगों को पार्टी से जोड़कर अपनी संगठनात्मक क्षमता का परिचय दिया। उनके समर्थकों का दावा है कि बदायूं जनपद में सर्वाधिक सदस्य बनाने का रिकॉर्ड भी उनके नाम रहा है। इसके बाद उन्होंने पिछले सावन माह में उत्तर प्रदेश की अनूठी और ऐतिहासिक कांवड़ यात्रा निकालकर प्रदेशभर में चर्चा बटोरी थी। इस यात्रा में सैकड़ों ट्रैक्टर शामिल हुए थे, जबकि करीब 45 हजार शिवभक्तों ने सहभागिता की थी। इतने बड़े आयोजन के जरिए उन्होंने धार्मिक और सामाजिक क्षेत्र में भी अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई। अब प्रदेश भाजपा कार्यकारिणी में स्थान मिलने के बाद उनकी राजनीतिक गतिविधियों को लेकर दातागंज विधानसभा क्षेत्र में चर्चाओं का दौर शुरू हो गया है। आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए उनके समर्थक उन्हें भाजपा के संभावित मजबूत दावेदार के रूप में पेश कर रहे हैं।

क्षेत्र में जगह-जगह उनकी राजनीतिक भूमिका और भविष्य की संभावनाओं को लेकर कयास लगाए जा रहे हैं। डॉ. पाठक की राजनीति की एक खास बात यह भी बताई जाती है कि उन्होंने कई मौकों पर कार्यकर्ताओं के मान-सम्मान और उनके हितों से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाया है। समर्थकों के अनुसार, उन्होंने इन मामलों में पक्ष-विपक्ष का भेद किए बिना आवाज उठाई। यही वजह है कि उनके समर्थक उन्हें केवल एक राजनीतिक चेहरे के बजाय कार्यकर्ताओं के बीच सक्रिय रहने वाले जनसेवक के रूप में देखते हैं। दातागंज विधानसभा क्षेत्र में उनके जनाधार को लेकर भी समर्थकों में खासा उत्साह है।

उनका दावा है कि क्षेत्र के विभिन्न वर्गों और जातियों के लोगों के बीच डॉ. पाठक की स्वीकार्यता है। दलगत राजनीति से ऊपर उठकर सामाजिक संबंध बनाए रखने की उनकी कार्यशैली को भी उनकी राजनीतिक ताकत के रूप में देखा जा रहा है। प्रदेश कार्यकारिणी में स्थान मिलने के बाद अब सबसे अधिक चर्चा इस बात की है कि क्या भाजपा आगामी विधानसभा चुनाव में दातागंज से उन्हें प्रत्याशी बना सकती है। हालांकि पार्टी की ओर से अभी उनकी उम्मीदवारी को लेकर कोई आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है, लेकिन समर्थकों का मानना है कि यदि उन्हें टिकट मिलता है तो वह मजबूत मुकाबला पेश कर सकते हैं। उनका तर्क है कि क्षेत्र में बदलते राजनीतिक समीकरणों के बीच नए चेहरे और सक्रिय जनसंपर्क की भूमिका महत्वपूर्ण हो सकती है। फिलहाल प्रदेश कार्यकारिणी में डॉ. शैलेश पाठक की मौजूदगी ने दातागंज की सियासत में उनकी राजनीतिक संभावनाओं को नई चर्चा दे दी है। आने वाले समय में पार्टी संगठन और चुनावी समीकरणों में उनकी भूमिका किस दिशा में आगे बढ़ती है, इस पर क्षेत्र के राजनीतिक जानकारों की नजर रहेगी।

हनुमान दल और सुभासपा जिलाध्यक्षों की मुलाकात

▶ सामाजिक सौहार्द और जनहित के मुद्दों पर हुई चर्चा, राष्ट्रीय हनुमान दल ने नए पदाधिकारियों को सौंपी जिम्मेदारी

जागरण मोर्चा कार्यालय



कार्यक्रम में मौजूद हनुमान दल के पदाधिकारी। -जागरण मोर्चा

बदायूं। राष्ट्रीय हनुमान दल के जिलाध्यक्ष ठाकुर दिनेश सिंह और सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) के जिलाध्यक्ष राजेश कश्यप के बीच 30 अक्टूबर को शिष्टाचार भेंट हुई। इस दौरान दोनों पदाधिकारियों ने विभिन्न सामाजिक एवं जनहित से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की। साथ ही समाज में आपसी भाईचारा, सौहार्द और सामाजिक समरसता बनाए रखने पर विचार-विमर्श किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय हनुमान दल के जिलाध्यक्ष ठाकुर दिनेश सिंह ने संगठन का विस्तार करते हुए विक्रम सिंह को जिला संगठन मंत्री नियुक्त किया। वहीं दिनेश कुमार और नरेंद्र पाल को युवा मोर्चा का जिला उपाध्यक्ष तथा आशीष को युवा मोर्चा का जिला महामंत्री बनाया गया। सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर शुभकामनाएं दी गईं। दोनों जिलाध्यक्षों ने सामाजिक हितों और जनकल्याण से जुड़े विषयों पर आपसी संवाद बनाए रखने की बात कही। मुलाकात सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई। इस दौरान राष्ट्रीय हनुमान दल के जिला उपाध्यक्ष संजीव कुमार सक्सेना एडवोकेट, जिला महामंत्री सार्थक चित्रांश एडवोकेट सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

दो लाख के पेड़ काटकर 50 हजार में बेचे

जागरण मोर्चा कार्यालय

सहसवान। थाना मुजरिया क्षेत्र के गांव मुड़सान में खेत में खड़े यूकेलिप्टस के पेड़ों को बिना अनुमति काटकर सस्ते दामों में बेचने का मामला सामने आया है। पीड़ित अमरपाल पुत्र दरियाव सिंह ने गांव के छोटे लाल सिंह, बब्लू आदि पर करीब दो लाख रुपये कीमत के पेड़ों को कटवाकर महज 50 हजार रुपये में बेचने का आरोप लगाया है। अमरपाल के अनुसार, 28 तारीख की रात करीब दो बजे उनके खेत में खड़े यूकेलिप्टस के पेड़ कटवा दिए गए। जानकारी होने पर उन्होंने यूपी-112 पर फोन कर पुलिस को सूचना दी। आरोप है कि मौके पर पहुंची पुलिस ने लकड़ी को वहीं रुकवा दिया था। इसके बाद उन्होंने थाना मुजरिया में शिकायती प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की। पीड़ित का आरोप है कि शिकायत के बावजूद 30 तारीख को दोपहर करीब 12 बजे पुलिस की मौजूदगी में लकड़ी उठवाकर ठेकेदार को सौंप दी गई। उनका सवाल है कि जब पुलिस ने लकड़ी मौके पर रुकवा दी थी और मामला थाने में विचाराधीन था, तो शिकायत का निस्तारण किए बिना लकड़ी कैसे उठवा दी गई। अमरपाल ने मुजरिया पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए एसएसपी सहित उच्चाधिकारियों से शिकायत करने की बात कही है। उन्होंने मामले की निष्पक्ष जांच कराकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

पीईटी-2026 में 14,245 अभ्यर्थियों ने दी परीक्षा, 5,387 रहे अनुपस्थित

जागरण मोर्चा कार्यालय

▶ डीएम और एसएसपी ने परीक्षा केंद्रों से लेकर कोषागार तक पहुंचकर परखी सुरक्षा व्यवस्था

बदायूं। उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग (यूपीएसएसएससी) की प्रारंभिक अर्हता परीक्षा (पीईटी)-2026 शुक्रवार को जिले में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। परीक्षा की दोनों पालियों में कुल 19,632 पंजीकृत अभ्यर्थियों में से 14,245 ने परीक्षा दी, जबकि 5,387 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे।

परीक्षा के आंकड़ों के अनुसार, प्रथम पाली में पंजीकृत 9,816 अभ्यर्थियों में से 7,116 परीक्षा में शामिल हुए और 2,700 अनुपस्थित रहे। वहीं दूसरी पाली में भी 9,816 अभ्यर्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 7,129 ने परीक्षा दी, जबकि 2,687 अभ्यर्थी परीक्षा देने नहीं पहुंचे। परीक्षा को नकलविहीन और निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराने के लिए जिलाधिकारी अवनीश राय और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने परीक्षा संचालन, सुरक्षा व्यवस्था और ड्यूटी पर तैनात कर्मचारियों की कार्यप्रणाली का जायजा लिया। साथ ही संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसके बाद अधिकारियों ने कोषागार पहुंचकर प्रश्नपत्रों की सुरक्षा और उनके सुरक्षित रख-रखाव की व्यवस्था भी परखी। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रश्नपत्रों की सुरक्षा में किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए। डीएम और एसएसपी ने परीक्षा से जुड़े अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सतर्कता, पारदर्शिता और आपसी समन्वय के साथ जिम्मेदारी निभाने के निर्देश दिए। प्रशासनिक निगरानी और सुरक्षा के व्यापक इंतजामों के बीच जिले में पीईटी-2026 की परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गई।

हनुमान-विभीषण मिलन के बाद लंका दहन

जागरण मोर्चा कार्यालय



रामलीला मंच पर अभिनय करते कलाकार।

बिसौली। आदर्श रामलीला कमेटी दिसौलीगंज के रंगमंच पर हनुमान-विभीषण मिलन और लंका दहन की लीला का मनमोहक एवं सजीव मंचन किया गया। कलाकारों के शानदार अभिनय ने रामलीला परिसर को भक्तिमय वातावरण से सराबोर कर दिया। पूरी लीला के दौरान प्रभु श्रीराम और बजरंगबली के जयकारों से परिसर गूंजता रहा। लीला में माता सीता की खोज करते हुए लंका पहुंचे पवनपुत्र हनुमान की विभीषण से भेंट का भावपूर्ण दृश्य प्रस्तुत किया गया। विभीषण ने हनुमानजी को माता सीता के अशोक वाटिका में होने की जानकारी दी। इसके बाद अशोक वाटिका में हनुमानजी और माता सीता के बीच हुए संवाद का मार्मिक मंचन किया गया। वहीं रावण के दरबार में हनुमानजी की निर्भीकता और उनकी पूंछ में आग लगाए जाने के बाद पूरी लंका को जलाने के दृश्य ने दर्शकों में विशेष उत्साह भर दिया। हनुमान की भूमिका में ब्रह्मपाल सिंह, विभीषण के रूप में धर्मपाल शाक्य और माता सीता की भूमिका में राजू ने अपने प्रभावशाली अभिनय से दर्शकों की खूब तालियां बटोरीं। कलाकारों के शानदार संवाद, भाव-भंगिमाओं और जीवंत अभिनय ने दर्शकों को अंत तक बांधे रखा। रामलीला परिसर जय श्रीराम और जय बजरंगबली के जयघोष से गुंजायमान रहा।

बृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर की तैयारियों की समीक्षा

जागरण मोर्चा कार्यालय

बदायूँ। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशों के अनुपालन में तथा जनपद न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष विवेक संगल के आदेशानुसार एक नवंबर 2026 को मेगा/बृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर के माध्यम से विभिन्न सरकारी योजनाओं के पात्र लाभार्थियों को लाभान्वित किया जाएगा। शिविर के सफल आयोजन के संबंध में गुरुवार को जनपद न्यायालय, बदायूँ में न्यायिक शिविर समिति की अध्यक्ष एवं प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश रिन्कू की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में शिविर की तैयारियों का जायजा लिया गया तथा कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में समिति के सदस्य विशेष न्यायाधीश एससी/एसटी (पीए) एक्ट राजवीर सिंह, षष्ठम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं विशेष न्यायाधीश गैंगस्टर एक्ट ऋषि कुमार, अपर सिविल जज (सीनियर डिवीजन)/त्वरित न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के प्रभारी सचिव अंकित रस्तोगी तथा न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम सागर तायल सहित जनपद न्यायालय के न्यायिक अधिकारी उपस्थित रहे। प्रभारी सचिव अंकित रस्तोगी ने बताया कि शिविर में प्रशासनिक विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर आमजन को सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी तथा पात्र व्यक्तियों को योजनाओं का लाभ दिलाया जाएगा।

राजकीय इंटर कॉलेज में छात्राओं की डंडे से पिटाई का आरोप, कई घायल

जागरण मोर्चा कार्यालय



थाने के बाहर खड़ी छात्राएं। -जागरण मोर्चा

बिनावर। थाना बिनावर क्षेत्र के गांव घटपुरी के पास स्थित राजकीय इंटर कॉलेज में छात्राओं के साथ डंडे से मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। मारपीट में कई छात्राओं के हाथ-पैर में चोटें आई हैं। छात्राओं ने घर पहुंचकर परिजनों को घटना की जानकारी दी। इसके बाद एक छात्रा के पिता ने थाना पुलिस को तहरीर देकर प्रधानाध्यापक और संबंधित शिक्षिका के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। गांव रफियाबाद निवासी गुनगुन पुत्री जगपाल, रिया पुत्री महेंद्र पाल और मनीषा पुत्री लक्ष्मण विद्यालय में पढ़ती हैं। परिजनों के अनुसार, बृहस्पतिवार को तीनों छात्राएं सुबह करीब 9:20 बजे विद्यालय पहुंचीं तो मुख्य गेट बंद था। करीब 9:40 बजे विद्यालय का एक शिक्षक पहुंचा और गेट खुलवाया। इसके बाद शिक्षक के साथ छात्राएं भी विद्यालय परिसर में प्रवेश कर गईं। आरोप है कि इसी बात को लेकर प्रधानाध्यापक राजपाल सिंह ने शिक्षिका भूरी देवी को छात्राओं की पिटाई करने का आदेश दिया।

संपत्ति की पुनरीक्षित मूल्यांकन सूची पर छह नवंबर तक दर्ज कराएं आपत्तियां

जागरण मोर्चा कार्यालय

बदायूँः 29 अक्टूबर। सहायक महानिरीक्षक निबंधन सुरेश चन्द्र मौर्य ने बताया कि उत्तर प्रदेश स्टाम्प (संपत्ति का मूल्यांकन) नियमावली, 1997 एवं तृतीय संशोधन, 2015 के प्रावधानों के अंतर्गत जनपद बदायूँ में 13 अक्टूबर 2025 से प्रभावी मूल्यांकन सूची का पुनरीक्षण किया जा रहा है। जिलाधिकारी के निर्देशानुसार आगामी प्रभावी होने वाली वार्षिक प्रस्तावित पुनरीक्षित मूल्यांकन सूची आमजन के अवलोकनार्थ 30 अक्टूबर 2026 से उपलब्ध रहेगी।

उन्होंने बताया कि प्रस्तावित मूल्यांकन सूची अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व)/सहायक महानिरीक्षक निबंधन, बदायूँ तथा जनपद के समस्त उप जिलाधिकारी, तहसीलदार एवं उपनिबंधक कार्यालयों में देखी जा सकती है। पुनरीक्षित मूल्यांकन दरों के संबंध में किसी भी व्यक्ति को कोई विसंगति प्रतीत होने पर वह अपनी आपत्ति अथवा सुझाव छह नवंबर 2026 तक संबंधित कार्यालयों में किसी भी कार्यदिवस में शाम पांच बजे तक प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित तिथि एवं समय के बाद प्राप्त होने वाली आपत्तियों एवं सुझावों पर विचार किया जाना संभव नहीं होगा। प्राप्त आपत्तियों के निस्तारण के उपरांत जिलाधिकारी के निर्देशानुसार पुनरीक्षित मूल्यांकन सूची को प्रभावी किया जाएगा।

185वें उर्स-ए-कादरी में पूर्व मंत्री आबिद रजा ने की चादरपोशी, अमन-चैन की मांगी दुआ

जागरण मोर्चा कार्यालय



उर्स कादरी में पहुंचे पूर्व मंत्री आबिद रजा करते गुलपोसी। -जागरण मोर्चा

बदायूं। 185वें उर्स-ए-कादरी के अवसर पर पूर्व मंत्री आबिद रजा ने दरगाह के मजार शरीफ पर चादरपोशी और गुलपोशी कर मुल्क में अमन-चैन, खुशहाली और भाईचारे के लिए दुआ मांगी। इस दौरान उन्होंने कहा कि देश, प्रदेश और शहर में हिंदू, मुस्लिम, सिख और ईसाई सभी लोग इंसानियत के नाते एक-दूसरे से मोहब्बत करें और पूरी दुनिया में आपसी भाईचारे व इंसानियत का पैगाम पहुंचाएं।

उर्स में नगर पालिका की ओर से लगाए गए कैंप में पूर्व मंत्री आबिद रजा ने जायरीनों का गर्मजोशी से इस्तकबाल किया। इस दौरान बड़ी संख्या में जायरीन उनसे मिले। लोगों ने उनके साथ हाथ मिलाकर और सेल्फी लेकर आपसी मोहब्बत का इजहार किया। आबिद रजा ने भी जायरीनों से आत्मीयता के साथ मुलाकात की। इस मौके पर सभासद अनवर खां, सभासद अबरार, सोहिल सिद्दीकी, सपा जिला महासचिव समर खां, मोहम्मद मियां, लालू, छोटू, बब्लू, पप्पन पीर जी, जफर अली, मोहम्मद तय्यब सहित सैकड़ों जायरीन मौजूद रहे।

युवा उत्सव में प्रतिभाओं ने दिखाया दमखम

जागरण मोर्चा कार्यालय

बदायूं। भारत यंग लीडर डायलॉग 2026-27 के अंतर्गत युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग के तत्वावधान में डाइट ऑडिटोरियम में जनपद स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि मुख्य विकास अधिकारी गामिनी सिंगला (आईएएस) रहीं। उन्होंने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

इस दौरान विभिन्न विद्यालयों के प्रतिभागियों ने नुक्कड़ नाटक, लोकगीत, कविता लेखन, पेंटिंग और लोकनृत्य प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए सीडीओ ने कहा कि ऐसे आयोजनों से समाज की सांस्कृतिक परंपराओं और प्रतिभाओं को प्रोत्साहन मिलता है। उन्होंने प्रतिभागियों को जीत-हार के बजाय सहभागिता को प्राथमिकता देने और अधिक से अधिक प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेने के लिए प्रेरित किया।

प्रतियोगिताओं में नुक्कड़ नाटक में एसके इंटर कॉलेज बदायूं ने प्रथम और केदारनाथ महिला इंटर कॉलेज ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। लोकगीत समूह प्रतियोगिता में देवकीनंदन स्मारक इंटर कॉलेज वजीरगंज प्रथम, एनआर इंटर कॉलेज वजीरगंज द्वितीय और दास कॉलेज तृतीय स्थान पर रहा। कविता लेखन में रोहित गुप्ता ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। पेंटिंग प्रतियोगिता में असमीजा ने प्रथम स्थान हासिल किया। लोकनृत्य समूह प्रतियोगिता में राजकीय कन्या इंटर कॉलेज बदायूं की छात्राएं प्रथम, केदारनाथ महिला इंटर कॉलेज की छात्राएं द्वितीय और भगवान परशुराम इंटर कॉलेज की छात्राएं तृतीय स्थान पर रहीं। प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को विशिष्ट अतिथि जिला विकास अधिकारी मनोज कुमार ने पुरस्कार और प्रमाण पत्र वितरित किए। कार्यक्रम का आयोजन जिला युवा कल्याण अधिकारी हरि प्रेम ने किया। निर्णायक मंडल में मो. अब्बास, डॉ. अक्षत अशेष, मधु राकेश, निर्मला उपाध्याय और आशुतोष शामिल रहे। इस अवसर पर राहुल चौबे, शाहनवाज, पंकज शर्मा, नितेश वार्ष्णेय सहित जनपद के क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी और कार्यक्रम प्रभारी रंजीत सिंह मौजूद रहे।

जागरण मोर्चा
www.jagranmorchadaily@gmail.com



एक नजर

ओमर वैश्य महिला मंडल ने धूमधाम से मनाया करवा चौथ उत्सव

पुवायां, शाहजहांपुर। ओमर वैश्य महिला मंडल की ओर से नीरज गुप्ता के मो . कमल बाग स्थित आवास पर करवा चौथ उत्सव का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ गणेश जी के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इसके बाद वंदना हुई। महिलाओं ने करवा चौथ स्पेशल थीम पर आयोजित गेम और हाउजी में उत्साहपूर्वक भाग लिया। साथ ही मनमोहक डांडिया प्रस्तुति ने सभी का मन मोह लिया। मंडल की अध्यक्ष रीता रानी गुप्ता और महामंत्री मीना गुप्ता ने सभी महिलाओं को करवा चौथ की शुभकामनाएं दीं। चौथ माता का सुंदर दरबार नीरज गुप्ता और श्रद्धा गुप्ता ने सजाया। विभिन्न खेलों में मीना गुप्ता ने प्रथम स्थान प्राप्त कर करवा क्वीन का खिताब जीता। आशा गुप्ता द्वितीय और मीनू गुप्ता तृतीय स्थान पर रहीं।

पुवायां में भाजपा का अभेद्य किला! चेतराम पासी के गढ़ में सेंध लगाना सपा के लिए बनी बड़ी चुनौती।

जागरण मोर्चा कार्यालय



पुवायां। उत्तर प्रदेश की सियासत में वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव को लेकर भले ही अभी समय हो, लेकिन पुवायां विधानसभा क्षेत्र में राजनीतिक बिसात बिछने लगी है। जनपद की छह विधानसभा सीटों में पुवायां भाजपा के सबसे मजबूत गढ़ के रूप में अपनी पहचान बना चुकी है।

यहां पिछले दो विधानसभा चुनावों में भाजपा ने लगातार बड़ी जीत दर्ज की है। दोनों बार जीत का अंतर 50 हजार से अधिक रहा। इतना ही नहीं, 2024 के लोकसभा चुनाव में भी भाजपा ने इस विधानसभा क्षेत्र में समाजवादी पार्टी पर करीब 56 हजार मतों की बढ़त बनाई थी। ऐसे में पुवायां में भाजपा को चुनौती देना सपा के लिए आसान नहीं दिखाई दे रहा है। इस मजबूत चुनावी किले के केंद्र में भाजपा विधायक चेतराम पासी हैं, जिन्होंने लगातार दो विधानसभा चुनावों में बड़े अंतर से जीत दर्ज कर अपनी राजनीतिक पकड़ साबित की है। हालांकि, 2027 के चुनाव में उनके सामने सबसे बड़ी चुनौती विपक्ष से ज्यादा अपनी ही पार्टी के भीतर टिकट की दावेदारी करने वाले नेताओं से मिलती दिखाई दे रही है। 2017 में 72 हजार से अधिक वोटों से दर्ज की थी ऐतिहासिक जीत :वर्ष 2017 के विधानसभा चुनाव में भाजपा ने चेतराम पासी को मैदान में उतारा था। उस चुनाव में चेतराम पासी को 1,26,635 वोट मिले, जबकि सपा प्रत्याशी शकुंतला देवी को 54,218 मत प्राप्त हुए थे। इस तरह चेतराम पासी ने 72,417 मतों के भारी अंतर से जीत दर्ज कर पुवायां में भाजपा का परचम लहराया था। यह जीत उनके राजनीतिक कद को मजबूत करने वाली साबित हुई।

2022 में प्रत्याशी बदला, लेकिन नहीं बदला चुनावी परिणाम: वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी ने रणनीति बदलते हुए शकुंतला देवी की जगह उपेंद्र पाल को चुनाव मैदान में उतारा। माना जा रहा था कि नए चेहरे से मुकाबला दिलचस्प हो सकता है, लेकिन चुनावी नतीजे भाजपा के पक्ष में ही रहे। चेतराम पासी ने इस बार 1,29,785 मत हासिल किए, जबकि सपा प्रत्याशी उपेंद्र पाल को 78,207 वोट मिले। इस तरह भाजपा ने 51,578 मतों के अंतर से लगातार दूसरी बार जीत दर्ज की। खास बात यह रही कि चेतराम पासी ने पिछले चुनाव की तुलना में अपने मतों में भी बढ़ोतरी की।

लोकसभा चुनाव में भी भाजपा की मजबूत पकड़, सपा रह गई पीछे:' विधानसभा चुनावों के बाद वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में भी पुवायां क्षेत्र में भाजपा की मजबूत स्थिति दिखाई दी। इस विधानसभा क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशी ने सपा पर करीब 56 हजार मतों की बढ़त हासिल की। लगातार तीन चुनावों में भाजपा के पक्ष में आए नतीजे यह संकेत देते हैं कि पुवायां में पार्टी का चुनावी आधार मजबूत बना हुआ है।

चेतराम पासी के सामने अब विपक्ष नहीं, अपनों से मुकाबले की चर्चा! : पुवायां की राजनीति में सबसे दिलचस्प पहलू भाजपा के भीतर टिकट को लेकर बन रहा नया समीकरण है। चर्चा है कि पिछले विधानसभा चुनावों में चेतराम पासी से शिकस्त खा चुके सपा के पूर्व प्रत्याशी भी अब भाजपा में शामिल होकर टिकट की दावेदारी कर रहे हैं। ऐसे में राजनीतिक गलियारों में कई सवाल तैरने लगे हैं। क्या भाजपा आगामी चुनाव में दो बार के विधायक चेतराम पासी पर ही भरोसा जताएगी? क्या पार्टी किसी नए चेहरे को मौका देकर चुनावी मैदान में उतारेगी? या फिर उन नेताओं में से किसी को टिकट मिल सकता है, जो कभी चेतराम पासी के खिलाफ चुनाव लड़ चुके हैं?

भाजपा के मजबूत गढ़ में टिकट की जंग होगी दिलचस्प: पुवायां में भाजपा की लगातार जीत ने पार्टी के भीतर टिकट की दावेदारी को भी रोचक बना दिया है। एक तरफ दो बार बड़ी जीत दर्ज कर चुके मौजूदा विधायक चेतराम पासी हैं, तो दूसरी तरफ टिकट की उम्मीद लगाए बैठे कई दावेदार। ऐसे में 2027 का चुनाव आने से पहले ही पुवायां की राजनीति में सियासी सरगर्मी तेज होती दिखाई दे रही है। हालांकि, चुनाव में अभी समय है और भाजपा का अंतिम निर्णय पार्टी नेतृत्व ही करेगा। लेकिन इतना तय है कि पुवायां में इस बार मुकाबला केवल भाजपा और सपा के बीच नहीं, बल्कि भाजपा के भीतर टिकट को लेकर भी दिलचस्प रहने वाला है। अब देखना यह होगा कि भाजपा अपने मजबूत चुनावी चेहरे चेतराम पासी पर भरोसा कायम रखती है या पुवायां में किसी नए चेहरे के साथ सियासी दांव खेलती।

गोमती संरक्षण को निकली बंगो गोमती यात्रा

जागरण मोर्चा कार्यालय



पुवायां, शाहजहांपुर। इस भाव के साथ २८ अक्टूबर को गोमती_उद्गमस्थल से प्रारंभ होने वाली बंगो_गोमती_यात्रा के प्रथम दिन कार्यक्रम में सहभागिता की। बरखेड़ा से विधायक महामंडलेश्वर स्वामी प्रवक्तानंद जी ने #गोमती_पूजन कर इस दुपहिया #गोमती_यात्रा को भगवा झंडी दिखाकर प्रस्थान आशीर्वचन प्रदान किए। इस अवसर पर स्थानीय गोमती सेवा टोली से संबद्ध योगेश्वर सिंह , कुँवर निर्भय सिंह एवं कुंवर नीरज सिंह शक्ति सिंह सहित बंगाली समाज के अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इसके उपरांत पूरनपुर विकासखंड के दो बंगाली गांवों राजेंद्र कालोनी ढक्का में श्री राजेंद्र मंडल जी और चंदिया_हजारा में श्री भवतोष मलिक द्वारा आयोजित चौपालों में इस समाज के परिवारों से संवाद का अवसर प्राप्त हुआ। दशकों से अपनी जड़ों से दूर,जीवनयापन के लिए संघर्ष करते हुए भी यह समूह अपनी परंपराओं और संस्कृति से जुड़ा है। परिवारों में दैनिक वार्तालाप में बांग्लाभाषा का प्रयोग होने से नई पीढ़ियां भी इसे सीख रही हैं।चंदिया हजारा में पारंपरिक रूप से अतिथि_सत्कार का दृश्य भावुक कर देने वाला था। बंगाली समाज प्राकृतिक_जीवनशैली के अति निकट है। जंगल के मध्य और जल के निकट बसे इस गांव के प्रत्येक आवासीय परिसर में सब्जी, फल और फूलों के पौधे दिखाई पड़ते हैं। दुपहिया वाहन से पीलीभीत, लखीमपुर और सीतापुर के गोमती के निकट क्षेत्र से चयनित बंगाली ग्रामों के भ्रमण पर निकली इस यात्रा के माध्यम से बंगाली परिवारों को गोमतीसंरक्षण के विषय से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। बंगो_लोकभारती यात्रा के सह संयोजक सुमंत , उत्तराखंड के प्रान्त संयोजक संजय , नितिन राय सहित अनेक कार्यकर्ता इस यात्रा में सहभागी हैं। यात्रा का संयोजन बंगो लोकभारती के राष्ट्रीय संयोजक डॉ देवज्योति कर रहे हैं। तथा राष्ट्रीय सहसंयोजक कुमार नीरज सिंह मौजूद रहे।

गोबर से बने लक्ष्मी-गणेश से करें पूजन

पुवायां, शाहजहांपुर। नगर पुवायां में गौभक्त उद्योगपति संजीव मेहरोत्रा भट्टे वाले सबके चिर परिचित हैं, समाजसेवी हैं, सबकी मदद करते रहते हैं, यह तो सब लोग जानते हैं, वह अपनी एक देसी गौवंश की गौशाला भी चलाते हैं, गौशाला कैसे स्वावलंबी हो, इस विचार करते हैं और एक परिचित महिला को गोबर से प्रोडेक्ट बनाने की ट्रेनिंग दिलवाते हैं, और इस समय वहां गाय के गोबर सेबनी लक्ष्मी गणेश, दीपक तथा अन्य उत्पाद बनायें जा रहें हैं। अभी हाल में ही विश्व हिन्दू परिषद के केन्द्रीय मंत्री दिनेश उपाध्याय का प्रवास था, इस दौरानउन्होंने यह सब देखा और इस पुनीत कार्य की भूरि भूरि प्रशंसा की। विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष कृष्ण कुमार गुप्ता के द्वारा कहा गया कि हम सब संजीव मेहरोत्रा को अच्छा कार्य करने पर बहुत बहुत साधुवाद देते हैं।

अवनी, अग्रिम और शिवांश देव बने चैंपियन

जागरण मोर्चा कार्यालय

▶ निबंध लेखन एवं चित्रकला प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

पुवायां, शाहजहांपुर। पंजाब एंड सिंध बैंक की ओर से 26 अक्टूबर से एक नवंबर तक मनाए जा रहे सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत नगर के लिटिल फ्लावर कॉन्वेंट स्कूल में निबंध लेखन एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का विषय 'सत्यनिष्ठा से समृद्धि' रहा। इसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग कर अपनी रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

प्रतियोगिता तीन वर्गों में आयोजित की गई। प्राथमिक और जूनियर वर्ग के विद्यार्थियों ने चित्रकला प्रतियोगिता में हिस्सा लिया, जबकि उच्च वर्ग के विद्यार्थियों ने निबंध लेखन प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा दिखाई। प्राथमिक स्तर की चित्रकला प्रतियोगिता में अवनी पटेल ने प्रथम, लक्षिता ने द्वितीय और अनन्या कश्यप ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। जूनियर स्तर पर अग्रिम मिश्रा प्रथम, माही मिश्रा द्वितीय और तृषा गुप्ता तृतीय स्थान पर रहीं। वहीं, उच्च वर्ग की निबंध लेखन प्रतियोगिता में शिवांश देव ने प्रथम, कोमल दीप कौर ने द्वितीय और अनामिका शर्मा ने तृतीय स्थान हासिल किया।

प्रतियोगिता के विजेताओं को उपजिलाधिकारी सदानंद सरोज और पंजाब एंड सिंध बैंक के शाखा प्रबंधक सचिन कनौजिया ने ट्रॉफी एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी सदानंद सरोज ने कहा कि शिक्षकों को बच्चों को शिक्षा के साथ संस्कार भी देने चाहिए। साथ ही उन्हें जीवन में प्रेरणा देने वाले महापुरुषों और चरित्रों के बारे में जानकारी देनी चाहिए। क्षेत्राधिकारी प्रवीण कुमार मलिक ने विद्यार्थियों को साइबर सतर्कता के प्रति जागरूक किया। उन्होंने कहा कि किसी विद्यार्थी, अभिभावक या शिक्षक को साइबर संबंधी समस्या होने पर उनसे अथवा साइबर सेल से संपर्क किया जा सकता है। कार्यक्रम में प्रबंध समिति के वरिष्ठ सदस्य अरुण सक्सेना, राकेश चंद्र गुप्ता, सुरेंद्र पाल, सुभाष चौधरी, प्रमोद चंद्र गुप्ता और चैतन्य मनु भारद्वाज सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

हजरत हातिम अली शाह मियां के उर्स की तैयारियां तेज

जागरण मोर्चा कार्यालय

तिलहर। नगर के प्रसिद्ध बुजुर्ग हजरत हाजी हाफिज मोहम्मद हातिम अली शाह मियां का 53बा उर्स शरीफ को कामयाब बनाने के लिए राजा कारों की मीटिंग का आयोजन सज्जादा नशीन इकबाल हुसैन उर्फ फूल मियांके आवास पर हुई जिसमें रज़ा कारो को जिम्मेदारी दी गईउन्होंने जानकारी देते हुए सज्जादा नशीन इकबाल हुसैन उर्फ फूलमियां ने बताया 4 नवंबर की रात में ऑल इंडिया मुशायरा होगा जिसमें चांद खान चांद भोपाल , नफीस सीतापुरी, नई माहिर मध्य प्रदेश, मुफीद कन्नौज, नसीम मुंह फट झांसी, जीशान नोमानी, अरुण शर्मा दिल्ली, डॉ बृजभूषण, निर्दोष कुमार बिन, आदि मशहूर शायरों को आमंत्रित किया गया है5 नवंबर को सुबह 10:00 बजे से चादर गश्त रात में 8:00 से जलसा ईद मिलादुन्नबी उसके बाद कव्वाली 6 नवंबर को सुबह 10:30 बजे कुल शरीफ होगा बाद में कव्वाली होंगे और रात में 8:00 बजे से कव्वाली का प्रोग्राम होगा जलसा में कारी फुरकान रज़ा नूरी बीसलपुर, शायर मोहम्मद रज़ा बरकाती बरेली, रेहान रज़ा मरकजी बरेली, ताज रज़ा बरेली, मौलाना इरशाद हुसैन बरेली, मोहम्मद रज़ा फैजी, को आमंत्रित किया गया है और वसीम वारसी कव्वाल, शमीम वारसी कव्वाल, वसीम चिश्ती कव्वाल मुरादाबाद प्रोग्राम पेश करेंगे बैठक में ओवैस खान शिफा, वाजिद हुसैन वाजिद, इब्ने हसन , इफ्तिखार हुसैन साबरी, वकार हुसैन, मोहम्मद अहमद, आदि मौजूद थे।

दो पैन कार्ड मामले में जमानत मिलने पर आजम समर्थकों ने मनाया जश्न

जागरण मोर्चा कार्यालय



सपा नेता आजम खां को जमानत मिलने की खुशी में मिठाई बांटते राधेश्याम राही।

शाहबाद। समाजवादी पार्टी के महासचिव आज़म ख़ान और पूर्व विधायक अब्दुल्ला आज़म को दो पेन कार्ड मामले में हाई कोर्ट से जमानत मिलने के बाद सपा नेता राधेश्याम राही के नेतृत्व में सपाइयों ने जमकर जश्न मनाया और एक दूसरे को मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दी। 38 मिलक विधानसभा क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी राधेश्याम राही ने मिलक, कस्बा धमोरा, नगर पंचायत शाहाबाद और सैफनी स्थित श्याम फिलिंग स्टेशन पर अपने साथियों एवं स्थानीय लोगों के बीच मिठाई बाँटकर खुशी का इज़हार किया। इस अवसर पर अपने साथियों के साथ-साथ वहाँ से गुजरने वाले लोगों को भी मिठाई खिलाकर इस खुशी में शामिल किया गया। लोगों ने एक-दूसरे का मुँह मीठा कराकर अपनी प्रसन्नता व्यक्त की। सपा नेता राधेश्याम राही ने इस अवसर पर दोनों नेताओं के प्रति अपना सम्मान और स्नेह व्यक्त करते हुए इसे इंसाफ़ की जीत बताया। मिठाई वितरण के माध्यम से लोगों के साथ खुशियाँ साझा की गईं तथा आपसी मोहब्बत, भाईचारे और एकजुटता का संदेश दिया गया। इस अवसर पर दोनों नेताओं के सभी समर्थकों एवं शुभचिंतकों को मुबारकबा दी।

युवक को टक्कर मारने वाले ट्रक के अज्ञात चालक पर केस

शाहबाद। बिलारी स्टेट हाईवे पर राणा शुगर मिल के पास तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। मामले में मृतक की पत्नी की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। कोतवाली क्षेत्र के खांजीपुरा गांव निवासी सौरभ 16 अक्टूबर की शाम करीब साढ़े सात बजे अपनी पत्नी को मायके से लाने जा रहा था। इसी दौरान शाहबाद की ओर से आ रहे ट्रक संख्या यूपी21-ईटी-6208 के चालक ने उसकी बाइक में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने से सौरभ सड़क पर गिर गया और ट्रक उसे कुचलता हुआ मौके से फरार हो गया। हादसे में युवक की मौके पर ही मौत हो गई।

पति की दीर्घायु को रखा व्रत

जागरण मोर्चा कार्यालय



शाहजहांपुर। पति की दीर्घायु, सुख-समृद्धि और दांपत्य जीवन में प्रेम एवं विश्वास की कामना के साथ शुक्रवार, 30 अक्टूबर 2026 को करवा चौथ का पर्व जिलेभर में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। सुहागिन महिलाओं ने परंपरागत रीति-रिवाजों के अनुसार निर्जला व्रत रखकर भगवान गणेश और मां गौरी की पूजा-अर्चना की। सुबह से ही घरों में पर्व की तैयारियां शुरू हो गई थीं। महिलाओं ने सोलह शृंगार कर नए वस्त्र धारण किए और हाथों में मेहंदी सजाई। शाम को महिलाओं ने सामूहिक रूप से करवा चौथ की कथा सुनी तथा एक-दूसरे को पर्व की शुभकामनाएं दीं। बाजारों में भी चूड़ियों, साड़ियों, मेहंदी, सौंदर्य प्रसाधनों और पूजन सामग्री की दुकानों पर रौनक देखने को मिली। रात्रि में चंद्रमा के दर्शन होने के बाद महिलाओं ने छलनी से चांद और फिर अपने पति का चेहरा देखकर व्रत का पारण किया। पतियों ने अपनी पत्नी को जल पिलाकर व्रत खुलवाया। इस दौरान परिवारों में उत्साह और खुशियों का माहौल रहा। करवा चौथ का पर्व भारतीय संस्कृति में पति-पत्नी के अटूट प्रेम, समर्पण और विश्वास का प्रतीक माना जाता है। आधुनिक जीवनशैली के बीच भी इस पारंपरिक पर्व के प्रति महिलाओं का उत्साह और आस्था देखने लायक रही।

पुवायां सीएचसी में नवजात की मौत, डॉक्टरों पर लापरवाही का आरोप

जागरण मोर्चा कार्यालय



पुवायां। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पुवायां में बुधवार को प्रसव के बाद नवजात शिशु की मौत हो गई। परिजनों ने डॉक्टरों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए अस्पताल में जमकरहंगामा किया। सिंधौली क्षेत्र के गांव आयु निवासी मोहित कुमार बुधवार सुबह करीब 11 बजे अपनी गर्भवती पत्नी मैना देवी को 102 एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पुवायां लेकर पहुंचे थे। दोपहर करीब 2:30 बजे मैना देवी ने सामान्य प्रसव से बेटे को जन्म दिया।

आरोप है कि जन्म के बाद नवजात को देखने के लिए कोई डॉक्टर नहीं पहुंचा। परिजनों के मुताबिक, देखरेख के अभाव में शिशु की हालत बिगड़ गई और कुछ ही देर बाद उसकी मौत हो गई। नवजात की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। गुस्साए परिजनों ने डॉक्टरों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए अस्पताल में हंगामा किया। उधर, इस संबंध में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पुवायां के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी से बात करने पर बताया कि ऐसी कोई बात नहीं है नवजात शिशु की हालत एकदम से खराब हो गई क्योंकि नवजात को परिजनों के द्वारा मां के पास नहीं लिटाकर गोद में लिए रहे इससे उसकी हालत खराब हो गई और उसकी मौत हो गई इसमें डॉक्टरों की कोई लापरवाही नहीं है अस्पताल अधीक्षक ने बताया कि नवजात की डिलीवरी के समय बाल रोग विशेषज्ञ डॉक्टर सुशील कुमार मौजूद रहे।

सी डी ओ, सी एम ओ ने किया मेडिकल कॉलेज का निरीक्षण

जागरण मोर्चा कार्यालय

शाहजहांपुर। स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय संबद्ध चिकित्सालय, शाहजहांपुर का शुक्रवार को निरीक्षण किया गया। निरीक्षण सी डी ओ उत्कर्ष द्विवेदी मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. विवेक कुमार मिश्र के द्वारा किया गया । निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने अस्पताल के हड्डी विभाग, दवा वितरण कक्ष, पीएनसी वार्ड, मेडिकल वार्ड, बुजुर्ग वार्ड और इमरजेंसी वार्ड में चल रहे मरम्मत कार्यों का जायजा लिया। इसके साथ ही 50 शैय्या वाले निर्माणाधीन वार्ड के कार्य की भी प्रगति देखी गई। निरीक्षण के समय जहां भी कमियां पाई गईं, उन्हें तत्काल दूर करने के निर्देश मौके पर मौजूद अधिकारियों को दिए गए।

निरीक्षण के उपरांत मुख्य चिकित्साधिकारी, प्रधानाचार्य, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, चिकित्सा अधीक्षक एवं अन्य चिकित्सकों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में चिकित्सालय की व्यवस्थाओं, मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही स्वास्थ्य सेवाओं तथा अस्पताल से संबंधित विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की गई। अधिकारियों को अस्पताल की व्यवस्थाओं में आवश्यक सुधार कराने और मरीजों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए।

बिलारी – शाहबाद स्टेट हाइवे पर बाईकों में भिड़ंत, तीन ज़ख्मी

जागरण मोर्चा कार्यालय



शाहबाद। शुक्रवार को शाहबाद- बिलारी स्टेट हाइवे स्थित नईमगंज गांव के मोड़ के पास बाईकों की आपस में भिड़ंत हो गई। हादसे में दो महिलाओं समेत तीन लोग बुरी तरह जख्मी हो गए। घायलों को उपचार के लिए सीएचसी शाहबाद में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने घायलों को प्राथमिक उपचार देकर एक महिला को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के नईमगंज निवासी मदन लाल बाइक पर सवार अपनी पत्नी कांति और बेटी प्रियंका के साथ बड़ागांव से खून की जांच कराकर अपने गांव लौट रहा था, रास्ते में नईमगंज के मोड़ के पास बाईकों की भिड़ंत हो गई। हादसे में नईमगंज निवासी मदन लाल, कांति और प्रियंका जख्मी हो गए। सभी घायलों को उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टरों ने घायलों को प्राथमिक उपचार देकर कांति की गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

फांसी के फंदे पर लटकी युवती, मौत

शाहबाद। कोतवाली क्षेत्र के मधुकर गांव में 17 वर्षीय युवती ने घर में फांसी के फंदे पर झूलकर जान दे दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। मिली जानकारी के अनुसार शाहबाद कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत ढकिया चौकी के मधुकर गांव में 17 वर्षीय युवती ने घर के बरामदे में लगे कुंडे पर फांसी का फंदा डालकर खुदकुशी कर ली। युवती के भाई ने जब बहन को फांसी के फंदे पर झूलते देखा तो उसके होश उड़ गए। सूचना मिलते ही ढकिया चौकी इंचार्ज मनोज मिश्रा गांव पहुंचे और युवती के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजकर जांच पड़ताल शुरू कर दी।

जागरण मोर्चा
www.jagranmorchadaily@gmail.com



एक नजर

संत धर्म के वाहक और धरोहर, काम-क्रोध से दूर रहकर जिएं जीवनः पंडित अशोक दीक्षित

चंदौसी। वीर सावरकर नगर में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन कथा व्यास पंडित अशोक दीक्षित जी महाराज ने संतों के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि संत धर्म के वाहक और समाज की धरोहर होते हैं। मनुष्य को काम, क्रोध, मद, मोह और लोभ से दूर रहकर वसुधैव कुटुंबकम की भावना के साथ जीवन जीना चाहिए। प्रेम और भाईचारे से ही समाज तथा देश मजबूत बनते हैं। कथा व्यास ने मनु-सतरूपा और नारद मोह प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन किया। उन्होंने बताया कि देवर्षि नारद को राजा शीलनिधि की पुत्री विश्व मोहिनी से विवाह का मोह हो गया था। भगवान विष्णु ने उनका बंदर जैसा रूप बना दिया, जिसके कारण नारद ने उन्हें श्राप दिया। भगवान ने इस घटना को भक्त के हित में बताया।

बादलों की लुकाछिपी के बीच महिलाओं ने किया करवा चौथ का व्रत, व्हाट्सएप के चांद से दीदार कर खोले उपवास

जागरण मोर्चा कार्यालय







चंदौसी। अखंड सौभाग्य और सुहाग की लंबी उम्र का प्रतीक करवा चौथ का पर्व रविवार को चंदौसी और आसपास के क्षेत्रों में पारंपरिक उल्लास के साथ मनाया गया। दिनभर निर्जला उपवास रखने के बाद महिलाओं को शाम को चांद के दीदार के लिए लंबा इंतजार करना पड़ा। आसमान में छाए बादलों ने व्रतधारियों की परीक्षा ली, लेकिन महिलाओं का उत्साह और तकनीक की आधुनिकता ने इस बाधा को भी दूर कर दिया।

बादलों और चांद की आंख-मिचौनी

शाम ढलते ही सुहागिनें सज-धजकर और हाथों में पूजा की थाली लेकर छतों पर चांद का इंतजार करने लगीं। हालांकि, आसमान में घने बादल छाए रहने के कारण चांद समय पर नजर नहीं आया। थोड़ी देर के लिए जब चांद बादलों की ओट से बाहर निकलता, तो महिलाओं में खुशी की लहर दौड़ जाती, लेकिन चंद पलों में ही वह फिर बादलों के आगोश में छिप जाता था।

दूर बैठे रिश्तेदारों ने भेजी चांद की तस्वीर

स्थानीय स्तर पर चांद के दर्शन न होने पर महिलाओं ने आधुनिक तकनीक का सहारा लिया। जिन दूरदराज के शहरों में बैठे रिश्तेदारों के यहां आसमान साफ था और चांद निकल आया था, उन्होंने व्हाट्सएप और अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स के जरिए चंदौसी में मौजूद अपने परिजनों और परिचितों को चांद की लाइव तस्वीरें और वीडियो भेज दिए।

मोबाइल स्क्रीन पर चांद के दीदार कर तोड़ा व्रत

सुहागिनों ने अपनों द्वारा भेजे गए व्हाट्सएप संदेशों और तस्वीरों में चांद के दीदार किए। इसके बाद पारंपरिक विधि-विधान से छलनी से चांद और पति का चेहरा देखकर अपना दिनभर का कठिन उपवास तोड़ा। व्रत टूटने के बाद महिलाओं के चेहरों पर एक अलग ही रौनक और संतोष नजर आया।

पतियों के साथ लीं सेल्फी

व्रत संपन्न होने के बाद महिलाओं ने अपने जीवनसंगियों के साथ इस खास पल को कैमरे में कैद किया। पतियों के साथ सेल्फी लेने और सोशल मीडिया पर तस्वीरें साझा करने का दौर देर शाम तक चलता रहा। बादलों की रुकावट के बावजूद चंदौसी में करवा चौथ का यह पर्व उत्साह, उल्लास और अनोखी यादों के साथ संपन्न हुआ।

भरत मिलाप देख भावुक हुए श्रद्धालु

चंदौसी। श्री आदर्श युवक रामलीला समिति के तत्वावधान में शिव मंदिर प्रांगण में आयोजित रामलीला में शुक्रवार को भरत मिलाप का मार्मिक मंचन किया गया। राम, सीता और लक्ष्मण के वनवास जाने की सूचना पर भरत व शत्रुघ्न व्याकुल हो उठते हैं। वे अयोध्यावासियों के साथ वन पहुंचकर प्रभु श्रीराम से अयोध्या लौटने का आग्रह करते हैं, लेकिन पितृ आज्ञा का पालन करने की बात कहकर श्रीराम लौटने से मना कर देते हैं। इस पर भरत उनकी चरण पादुकाएं लेकर अयोध्या लौटते हैं और उन्हें सिंहासन पर विराजमान कर राजकाज संभालते हैं। इस भावुक प्रसंग को देखकर दर्शक भाव-विभोर हो उठे। आयोजन में कमल सिंह प्रजापति, एकराम प्रजापति, थान सिंह यादव, संजय पाल, सोबरन सिंह मौर्य, लीलाधर मौर्य, ताराचंद मौर्य, चंद्रपाल प्रजापति, अंश, वंश, नरेंद्र कुमार, सोमपाल सिंह, भजन लाल, तरुण कुमार पाल और डॉ. महेश मौर्य आदि का सहयोग रहा।

एबीसी किड्स मांटेसरी स्कूल में दीपावली एवं बाल दिवस पर सजा भव्य मेला

जागरण मोर्चा कार्यालय



चंदौसी के एबीसी किड्स मांटेसरी स्कूल में झूलों का आनंद लेते बच्चें।

चंदौसी। शुक्रवार को एबीसी किड्स मांटेसरी स्कूल में दीपावली एवं बाल दिवस के पावन उपलक्ष्य में बच्चों के लिए एक भव्य और आकर्षक मेले का आयोजन किया गया। रंग-बिरंगे स्टॉल, मनोरंजक खेल और स्वादिष्ट व्यंजनों से सजे इस मेले में नौनिहालों ने जमकर आनंद लिया। पूरे विद्यालय परिसर में उत्साह, उमंग और बाल-किलकारियों से सराबोर एक खुशनुमा माहौल देखने को मिला।

कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय में बतौर अतिथि पहुँचे मधु मिश्रा एवं सीडी भार्गव द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया। अतिथियों ने बच्चों के साथ वक्त बिताते हुए उनके उल्लास को बढ़ाया। विद्यालय की संचालिका संगीता भार्गव ने इस अवसर पर कहा कि बाल दिवस बच्चों के प्रति प्रेम, सम्मान और उनके उज्ज्वल भविष्य के प्रति हमारी जिम्मेदारियों को याद कराने का विशेष अवसर है। देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू को बच्चों से विशेष लगाव था और वे इन्हें देश का भविष्य मानते थे। वहीं, दीपावली खुशियों, प्रकाश और सकारात्मकता का पर्व है। इन दोनों पर्वों को यादगार बनाने और पढ़ाई के साथ बच्चों को मनोरंजन का अवसर देने के लिए यह आयोजन किया गया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए ऐसी गतिविधियां बेहद आवश्यक हैं, जो उनमें आत्मविश्वास और आपसी मेल-जोल की भावना विकसित करती हैं। मेले में अध्यापिकाओं द्वारा हाउस-वाइज लगाई गई खान-पान की स्टॉल मुख्य आकर्षण का केंद्र रहीं। बच्चों ने छोले चाट, पॉपकॉर्न, पापड़ी चाट, आलू चाट, मैगी, स्वीट कॉर्न और सैंडविच जैसे लजीज व्यंजनों का स्वाद चखा। वहीं मनोरंजन के लिए बिंदी वाला गेम, सिक्के डालना, डॉट गेम, लकी पिक, बकेट गेम, ऑल पिन गेम, गुब्बारे को ग्लास में डालना, रिंग गेम, बॉल गेम और लकी ड्रॉ जैसे रोचक खेलों का आयोजन हुआ। इसके अलावा मिकी माउस और तरह-तरह के झूलों ने बच्चों का दिनभर मनोरंजन किया। खेलों के माध्यम से बच्चों में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा और एकाग्रता देखने को मिली। आयोजन को सफल बनाने में विद्यालय की सभी अध्यापिकाओं ने हाउस-वाइज स्टॉल लगाकर अहम भूमिका निभाई। कार्यक्रम को सफल बनाने में शालू,निशा,काजल,प्रिया,सिल्की,लक्षिता,संतोष,मनप्रीत,मंतशा ,दीक्षा,रूपाली,दीपाली,दीपा,अध्या,शिल्पा,सोनल,सरिता ,अर्शी,कुमुद,वंशिता,हुमा,दिया,दीक्षा,रक्षा ड्रीमा सहित समस्त स्टाफ का विशेष सहयोग रहा। अंत में संचालिका संगीता भार्गव ने सभी शिक्षिकाओं के प्रयासों की सराहना की। दीपावली और बाल दिवस के इस भव्य मेले ने बच्चों के चेहरों पर मुस्कान बिखेरते हुए इस दिन को उनके लिए बेहद यादगार बना दिया।

रावण जन्म और मंदोदरी विवाह का मंचन

चंदौसी। क्षेत्र के गांव दियौरा खास में आदर्श श्री रामलीला कमेटी के तत्वावधान में आयोजित रामलीला में गुरुवार रात कलाकारों ने मनमोहक लीलाओं का मंचन किया। इस दौरान रावण, कुंभकरण और विभीषण के जन्म, उनकी कठोर तपस्या तथा ब्रह्मा जी से वरदान प्राप्त करने के प्रसंग का सजीव मंचन किया गया। इसके बाद रावण और मंदोदरी के विवाह का दृश्य प्रस्तुत किया गया, जिसे देखकर दर्शक भाव-विभोर हो उठे। कलाकारों के जीवंत अभिनय और सुंदर झांकियों ने देर रात तक श्रद्धालुओं को बांधे रखा। कमेटी पदाधिकारियों ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस बार भी रामलीला का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया जा रहा है। इस मौके पर लल्लू सिंह, गोकरन यादव, रनवीर सिंह, वीरेश यादव सहित कमेटी के सदस्य और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

मांगों को लेकर सफाई कर्मचारियों का 2 को लखनऊ में प्रदर्शन

जागरण मोर्चा कार्यालय

चंदौसी। स्थानीय निकाय सफाई मजदूर संघ की बैठक शुक्रवार को संजय बस्ती में आयोजित की गई। इसकी अध्यक्षता राजेश चौहान ने की तथा संचालन विजेन्द्र ने किया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आगामी 2 नवंबर को अधिक से अधिक संख्या में कर्मचारी लखनऊ पहुंचेंगे। वक्ताओं ने बताया कि उत्तर प्रदेश सफाई कर्मचारी संघर्ष संयुक्त मोर्चा के आह्वान पर लखनऊ नगर निगम के सामने लालबाग में विशाल प्रदर्शन किया जाएगा। इसमें नगर निकायों में कार्यरत आउटसोर्सिंग, ठेका और संविदा सफाई कर्मचारियों को स्थायी करने की मांग उठाई जाएगी। स्थायीकरण होने तक न्यूनतम 20 हजार रुपये मासिक वेतन देने तथा दैनिक मजदूरी भर्ती में आरक्षण व्यवस्था लागू करने की मांग भी शामिल है। इसके अलावा योग्यता प्रमाण पत्र की अनिवार्यता और 60 वर्ष की आयु पूरी होने पर बिना सेवानिवृत्ति लाभ दिए ठेका कर्मचारियों को हटाने की नीति का विरोध किया जाएगा। संगठन के जिलाध्यक्ष रॉकी वाल्मीकि ने संभल जनपद के सभी निकायों के कर्मचारियों से एकजुट होकर भारी संख्या में लखनऊ पहुंचने की अपील की। बैठक में वीरेश, संजय वाल्मीकि, शंकर उर्फ छोटू, आनंद वाल्मीकि, अजीत, सर्वेश, सुजीत, सुमित, हिमांशु, अतुल, रंजीत, सरजू, सोनू, कुलदीप, अर्जुन, महीपाल, विष्णु और नीरज सहित अनेक कर्मचारी मौजूद रहे।

मंत्रोच्चार के साथ वीनस शुगर मिल का पेराई शुरू

जागरण मोर्चा कार्यालय

चंदौसी। वीनस शुगर मिल के पेराई सत्र 2026-27 का शुक्रवार सुबह वैदिक मंत्रोच्चार, यज्ञ और पूजा-अर्चना के साथ विधिवत शुभारंभ हुआ। इसके साथ ही वीनस शुगर मिल उत्तर प्रदेश में चालू पेराई सत्र शुरू करने वाली पहली चीनी मिल बन गई। वीनस ग्रुप के एमडी अतुल कुमार सिंह और सीईओ अनुपम कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से चेन में गन्ना डालकर पेराई सत्र का आगाज किया। इससे पहले मेरठ से आए पंडितों ने विधिवत यज्ञ कराया। इसमें मिल प्रबंधन और उपस्थित लोगों ने आहुतियां देकर पेराई सत्र के सफल संचालन की कामना की। इस अवसर पर एमडी अतुल कुमार सिंह ने कहा कि जिस तरह मिल ने प्रदेश में सबसे पहले पेराई सत्र शुरू किया है, उसी तरह किसानों के गन्ने का भुगतान भी प्राथमिकता के आधार पर सबसे पहले और समय से करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने नए पेराई सत्र और भविष्य की योजनाओं को अपने पिता स्वर्गीय एमपी सिंह की प्रेरणा का परिणाम बताया। सीईओ अनुपम कुमार सिंह ने घोषणा की कि जल्द ही मिल परिसर में वीनस डिस्टिलरी का शुभारंभ किया जाएगा। इससे स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे और क्षेत्र के विकास को गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि डिस्टिलरी की स्थापना से क्षेत्र को आर्थिक रूप से भी लाभ मिलेगा।

कार्यक्रम में गन्ना समिति के पदाधिकारियों ने किसानों से अधिक से अधिक गन्ना मिल को आपूर्ति करने की अपील की। सहायक उपाध्यक्ष सचिन गुप्ता और वरिष्ठ महाप्रबंधक शाहिद खान ने अतिथियों, अधिकारियों और किसानों का आभार व्यक्त किया।

त्योहारों से ठीक पहले चंदौसी के बाजार बने जाम के अड्डे, जनता परेशान

जागरण मोर्चा कार्यालय

चंदौसी। आगामी त्योहारों अहोई अष्टमी, धनतेरस, दीपावली और भैयादूज की आहट के साथ ही चंदौसी के प्रमुख बाजारों में खरीदारी के लिए लोगों का सैलाब उमड़ने लगा है। हालांकि, त्योहारों को लेकर पुलिस प्रशासन और नगर पालिका की तैयारियां अब तक शून्य नजर आ रही हैं। शहर में न तो यातायात पुलिस ने अब तक कोई रूट डायवर्ज प्लान लागू किया है और न ही नगर पालिका की तरफ से पार्किंग की कोई व्यवस्था की गई है। ऊपर से शहर की तंग सड़कों पर अनियंत्रित ई-रिक्शाओं के आतंक ने स्थिति को और गंभीर बना दिया है। बाजार में खरीदारी करने आ रहे आम नागरिकों और वाहन चालकों को घंटों जाम से जूझना पड़ रहा है। बाजारों में मुख्य मार्गों से लेकर संकरी गलियों तक ई-रिक्शा चालकों का कब्जा बना हुआ है। जहां-तहां ई-रिक्शा खड़े कर सवारी उतारने व बैठाने के कारण फव्वारा चौक, सुभाष रोड, घंटाघर, संभल गेट, मुरादाबाद गेट, ब्रह्म बाजार, बड़ा बाजार, में लगातार जाम के हालात बने रहते हैं। स्थानीय दुकानदारों और ग्राहकों का कहना है कि यदि ई-रिक्शाओं का प्रवेश नो-वेंडर जोन या नो-एंट्री बनाकर नियंत्रित नहीं किया गया, तो धनतेरस और दीपावली के दिन पैदल चलना भी दूभर हो जाएगा।

न रूट डायवर्ज न पार्किंग की व्यवस्था स्थानीय निवासियों में इस बात को लेकर बेहद रोष है कि हर साल त्योहारों पर यातायात व्यवस्था ध्वस्त होती है, फिर भी पुलिस प्रशासन पहले से सबक नहीं लेता। नगर पालिका द्वारा शहर में कहीं भी टू-व्हीलर या फोर-व्हीलर वाहनों के लिए अस्थायी या स्थायी पार्किंग नहीं बनाई गई है। मजबूरी में लोग सड़कों के किनारे ही अपने वाहन खड़े करने को मजबूर हैं, जिससे सड़क की चौड़ाई आधी रह जाती है और जाम की स्थिति पैदा होती है। जनता ने मांग की है कि पुलिस प्रशासन तत्काल ट्रैफिक डायवर्ज प्लान लागू करे और नगर पालिका त्योहारों के दौरान खाली स्थानों पर पार्किंग की अस्थायी व्यवस्था बनाए ताकि लोगों को राहत मिल सके।

बार चुनाव नामांकन पत्रों की जांच संपन्न

जागरण मोर्चा कार्यालय

चंदौसी। बार एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी गठन के लिए चुनाव प्रक्रिया जारी है शुक्रवार को नामांकन पत्रों की जांच की गई । इसके बाद मतदान होने वाले पर निर्विरोध चुने वाले प्रत्याशियों की घोषणा की गई। एल्डर कमेटी के अनुसार इन पदों पर केवल तय संख्या में ही सही नामांकन प्राप्त हुए। इसलिए इनके लिए मतदान नहीं होगा। चुनाव के बाद इन्हें सीधे विजयी घोषित किया जाएगा। जिसमें वरिष्ठ उपाध्यक्ष महिला आरक्षित): कविता चौहान उपाध्यक्ष वरिष्ठ खण्ड को नूर नवाज खान व प्रवीण गुप्ता, उपाध्यक्ष कनिष्ठ खण्ड शुभम प्रताप सक्सेना, सहसचिव महिला आरक्षित मंजू रानी, सदस्य गवर्निंग काउंसिल वरिष्ठ खण्ड सुरजीत सिंह यादव, निजामुद्दीन, शमीम अहमद, मौहम्मद गुलनवाज, कुमकुम रानी व नीलम, सदस्य गवर्निंग काउंसिल कनिष्ठ खण्ड पीयूष कुमार, अनुराग सिंह, नौमान अली व इन्द्रपाल सिंह शामिल है । इन पदों पर एक से अधिक उम्मीदवार होने के कारण 4 नवंबर को वोट डाले जाएंगे। जिसमें अध्यक्ष पद 1 पद राजीव कुमार शर्मा और नवनीत सिंह यादव के बीच मुकाबला होगा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष 1 पद को प्रेमनारायण गुप्ता और मौहम्मद सलीम, सचिव पद एक पद को बीएल सागर, जितेन्द्रपाल सिंह, दया सिन्धु यादव और मनोज कुमार वार्ष्णेय, कोषाध्यक्ष पद नीलम वार्ष्णेय और पूनम रानी, सहसचिव दो पद रामवीर, रजत कुमार राणा और सुभाष चन्द यादव के बीच मुकाबला होगा । चुनाव प्रक्रिया एल्डर्स कमेटी और मनोनीत चुनाव अधिकारियों शकील अहमद वारसी, मौहम्मद सगीर सैफी, राज बहादुर की देखरेख में कराई जा रही है। एल्डर कमेटी के अनुसार सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान अजीत सिंह मैमोरियल बार रूम, भूतल पर कराया जाएगा।इसके बाद मतगणना के तुरंत बाद निर्वाचित प्रत्याशियों की घोषणा की जाएगी।

कार्यालय ग्राम पंचायत काफियाबाद विकास खण्ड मुरादाबाद

पंत्राकः मीमो / ग्राम निधि / ग्राम पंचायत / निविदा / 2026-27 दिनांकः 30/10/2026

अल्पकालीन निविदा सूचना

ग्राम पंचायत काफियाबाद विकासखंड मुरादाबाद जनपद मुरादाबाद में वित्तीय वर्ष 2026- 27 के अंतर्गत ग्राम निधि से कराए जाने वाले विभिन्न विकास एवं निर्माण कार्य तथा विद्यालयों में आवश्यक मरम्मत एवं निर्माण कार्य हेतु सामग्री की आपूर्ति वर्टिकल टेंडर के इच्छुक एवं पंजीकृत फर्मों से सील बंद निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्में अपनी निविदाएं आवश्यक अभिलेख एवं निर्धारित जमानत राशि सहित दिनांक अपरान्ह 12:30 तक ग्राम पंचायत कार्यालय में जमा कर सकते हैं प्राप्त निविदाएं दिनांक 7.11.26 को अपराध 3:30 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जाएगी।

निविदा विवरण

क्र० सं०	कार्य तथा स्थल का नाम	अनुमानित धनराशि	जमानत राशि 2	कार्य अवधि
1	जूनियर स्कूल में वाटरप्रूफिंग कार्य	69085	2%	6 माह
2	रमेश से उमराव के घर तक नाली एवं सीसी टाइल्स कार्य	243452	2%	6 माह
3	राजवीर के घर से उमराव के घर तक नाली सीसी टाइल्स कार्य	215389	2%	6 माह
4	उच्च प्राथमिक विद्यालय में ऑपरेशन कायाकल्प के अंतर्गत कार्य	68826	2%	6 माह
5	प्राथमिक विद्यालय में ऑपरेशन कायाकल्प कार्य	247245	2%	6 माह
6	ग्राम पंचायत में पुलिया निर्माण	82020	2%	6 माह
7	प्राइमरी स्कूल में वाटरप्रूफिंग	40540	2%	6 माह
8	वाल्मीकि शमशान पर नाल रिबोर	40540	2%	6 माह
9	पंचायत भवन मरम्मत एवं लाइट फिटिंग	71488	2%	6 माह

सामग्री का विवरण (आपूर्ति हेतु):
ईंट, रोड़ा, बजरी, बजरकुट, रेता, सी०सी० टाइल्स तथा विद्यालयों में उपयोग की जाने वाली अन्य आवश्यक निर्माण एवं मरम्मत संबंधी सामग्री।
नियम एवं शर्तें:
1. निविदा के साथ फर्म का पंजीकरण प्रमाणपत्र, जीएसटी पंजीकरण प्रमाणपत्र तथा अन्य आवश्यक अभिलेख संलग्न करना अनिवार्य होगा।
2. आपूर्ति की जाने वाली सामग्री की गुणवत्ता निर्धारित मानकों के अनुरूप होनी चाहिए।
3. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत द्वारा जारी आदेश के अनुसार निर्धारित स्थान पर करनी होगी।
4. अपूर्ण अथवा निर्धारित शर्तों के विपरीत प्राप्त निविदाएँ स्वीकार नहीं की जाएँगी।
5. निविदा स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार ग्राम पंचायत के पास सुरक्षित रहेगा।

सचिव / प्रशासक
ग्राम पंचायत काफियाबाद विकास खण्ड मुरादाबाद

कार्यालय ग्राम पंचायत मोरा मुस्तकम विकास खण्ड मुरादाबाद

पंत्राकः मीमो / ग्राम निधि / ग्राम पंचायत / निविदा / 2026-27 दिनांकः 30/10/2026

अल्पकालीन निविदा सूचना

ग्राम पंचायत मोरा मुस्तकम विकासखंड मुरादाबाद जनपद मुरादाबाद में वित्तीय वर्ष 2026- 27 के अंतर्गत ग्राम निधि से कराए जाने वाले विभिन्न विकास एवं निर्माण कार्य तथा विद्यालयों में आवश्यक मरम्मत एवं निर्माण कार्य हेतु सामग्री की आपूर्ति वर्टिकल टेंडर के इच्छुक एवं पंजीकृत फर्मों से सील बंद निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्में अपनी निविदाएं आवश्यक अभिलेख एवं निर्धारित जमानत राशि सहित दिनांक अपरान्ह 12:30 तक ग्राम पंचायत कार्यालय में जमा कर सकते हैं प्राप्त निविदाएं दिनांक 7.11.26 को अपराध 3:30 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जाएगी।

निविदा विवरण

क्र० सं०	कार्य तथा स्थल का नाम	अनुमानित धनराशि	जमानत राशि 2	कार्य अवधि
1	स्कूल में बैठने की सीट और मिड डे मील शेड निर्माण	287783	2%	6 माह
2	प्राथमिक विद्यालय में शौचालय निर्माण	61682	2%	6 माह
3	पंचायत भवन रंगी पुताई कार्य	57715	2%	6 माह
4	प्राथमिक विद्यालय में शौचालय मरम्मत कार्य	132070	2%	6 माह
5	प्राइमरी स्कूल में मरम्मत एवं रंगाई पुताई कार्य	262936	2%	6 माह
6	जूनियर स्कूल में मरम्मत एवं रंगाई पुताई कार्य	405193	2%	6 माह
7	प्राइमरी स्कूल में वॉटर प्रूफिंग	59344	2%	6 माह
8	जूनियर स्कूल में वाटर प्रूफिंग	100891	2%	6 माह

सामग्री का विवरण (आपूर्ति हेतु):
ईंट, रोड़ा, बजरी, बजरकुट, रेता, सी०सी० टाइल्स तथा विद्यालयों में उपयोग की जाने वाली अन्य आवश्यक निर्माण एवं मरम्मत संबंधी सामग्री।
नियम एवं शर्तें:
1. निविदा के साथ फर्म का पंजीकरण प्रमाणपत्र, जीएसटी पंजीकरण प्रमाणपत्र तथा अन्य आवश्यक अभिलेख संलग्न करना अनिवार्य होगा।
2. आपूर्ति की जाने वाली सामग्री की गुणवत्ता निर्धारित मानकों के अनुरूप होनी चाहिए।
3. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत द्वारा जारी आदेश के अनुसार निर्धारित स्थान पर करनी होगी।
4. अपूर्ण अथवा निर्धारित शर्तों के विपरीत प्राप्त निविदाएँ स्वीकार नहीं की जाएँगी।
5. निविदा स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार ग्राम पंचायत के पास सुरक्षित रहेगा।

सचिव / प्रशासक
ग्राम पंचायत मोरा मुस्तकम विकास खण्ड मुरादाबाद

सीमित चुनावों के बड़े संकेत

विधान परिषद के चुनावों में कांग्रेस 'बड़े शून्य' के धब्बे से बच गई। बुधवार देर रात उसने नागपुर स्नातक सीट जीत कर सभी को चौंका दिया। नागपुर की जीत 'प्रतीकात्मक' है, क्योंकि यहां आरएसएस का मुख्यालय है और केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी यहां से सांसद हैं। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस भी नागपुर की एक सीट से विधायक हैं। क्या नागपुर में स्नातक युवाओं पर संघ परिवार का मानसिक और नैतिक प्रभाव कम हुआ है? उप्र में प्रधानमंत्री मोदी के चुनाव क्षेत्र वाराणसी में शिक्षक और स्नातक सीटें समाजवादी पार्टी ने जीती हैं। इस सीट पर प्रधानमंत्री की सांसद के तौर पर जीत का अंतर भी काफी कम हुआ था, लिहाजा यह भाजपा की नई चिंता होनी चाहिए कि शिक्षक और स्नातक जैसा शिक्षित वर्ग क्या भाजपा से विमुख हो रहा है? छिटक रहा है? लखनऊ केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का चुनाव क्षेत्र है और गोरखपुर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का गृह-गढ़ है। लखनऊ में भाजपा की पराजय हुई है और गोरखपुर में 'दूसरी वरीयता' के स्तर पर मात्र 307 मतों से जीत पाई है। इलाहाबाद (अब प्रयागराज) भी भाजपा का गढ़ है। वहां से भी सपा ने जीत हासिल की है। उप्र में मार्च, 2027 में विधानसभा चुनाव होने हैं। बेशक विधान परिषद के चुनाव 'सीमित' होते हैं, फिर भी हजारों मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करते हैं। यह भी जनादेश से कमतर नहीं माना जा सकता। कमोबेश इनके नतीजों से स्पष्ट संकेत मिलते हैं, लिहाजा दल सबक भी ले सकते हैं। उप्र में आम विधानसभा चुनाव से पहले ही समीकरण बदलते लग रहे हैं। यदि सपा-कांग्रेस ने वाकई गठबंधन में चुनाव लड़ा, तो नतीजे 'अप्रत्याशित' भी हो सकते हैं! अलबत्ता विधान परिषद की कुल 28 में से 16 सीटें भाजपा ने जीती हैं, लिहाजा संतोष किया जा सकता है। यह जीत भाजपा-एनडीए की साझा जीत है। उप्र में कुल 11 सीटों में से भाजपा के हिस्से 6 और सपा के हिस्से 5 सीटें आई हैं। भाजपा पिछले चुनाव की तरह ही है, लेकिन सपा ने 2 सीटों की बढ़त बनाई है, लिहाजा संकेत स्पष्ट हैं कि भाजपा के सामने चुनावी चुनौतियां हैं। जनादेश इतना आसान, सहज, सरल नहीं होगा। सबसे चौंकाऊ नतीजा यह रहा है कि कर्नाटक में कांग्रेस का सूपड़ा साफ हो गया है। सभी चारों सीटों पर भाजपा-जद (एस) का कब्जा हो गया है। कर्नाटक में कांग्रेस सत्तारूढ़ है। मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार 'चुनावी सियासत' के चाणक्य माने जाते रहे हैं। बेंगलुरु में पुट्टन्ना परिषद की शिक्षक वर्ग सीट से 5 बार निर्वाचित हो चुके हैं और परिषद के उपाध्यक्ष भी रहे हैं, लेकिन इस बार वह सीट जद-एस ने छीन ली है। शेष तीनों सीटों पर भाजपा विजयी रही है। यह 2028 के विधानसभा चुनाव के मद्देनजर 'बदलाव का संकेत' है। महाराष्ट्र में भाजपा-महायुति दावा कर रहे थे कि वे पांचों सीटों पर 'क्लीन स्वीप' करेंगे, लेकिन 'बुजुर्ग चाणक्य' शरद पवार और कांग्रेस ने तीन सीट जीत कर तमाम समीकरण बदल दिए और सत्ता के दावे ध्वस्त कर दिए। भाजपा-शिवसेना (शिंदे) के हिस्से 1-1 सीट ही आई। बिहार में एनडीए ने अपेक्षाकृत बेहतर प्रदर्शन किया, लेकिन वे प्रशांत किशोर की 'जनसुराज पार्टी' की एक सीट पर जीत को रोक नहीं पाए। बहरहाल सबसे संवेदनशील राज्य उप्र रहा, जहां मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सनातन, श्रीराम, माफिया, बुलडोजर आदि के जरिए आक्रामक प्रचार करने में जुटे हैं। विपक्ष में सपा-कांग्रेस की सीटें अभी तय नहीं हो पाई हैं। तीसरे पक्ष के तौर पर ओवैसी मुसलमानों को लामबंद करके अपनी पार्टी का खाता खोलने में जुटे हैं। उप्र विधानसभा में कुल 403 सीटें हैं। यह चुनाव भी मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार गुप्ता की ही सरपरस्ती में हुआ है। जो परिणाम सामने हैं और जिस तरह विपक्ष ने जीत हासिल की है, उससे 'वोट चोरी' का जुमला अब छोड़ देना चाहिए। यदि मनमर्जी की मतदाता सूची बनाई जा सकती है, तो कर्नाटक सरकार भी कर सकती थी और कुछ सीटें जीत सकती थी, लेकिन ऐसा संभव नहीं होता। 'वोट चोरी' का मुद्दा उछालने के बाद विपक्ष और खासकर कांग्रेस सभी चुनाव हारी है, लेकिन अप्रत्याशित जीत भी दर्ज की गई हैं।

राष्ट्रीय एकता के सूत्रधार सरदार बल्लभ भाई पटेल



वल्लभ भाई झावर भाई पटेल, जिन्हें सम्पूर्ण संसार प्रेमपूर्वक सरदार पटेल के नाम से जानता है। भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन के ऐसे अग्रणी महानायक थे। जिनकी दूरदर्शिता, सूझबूझ, राजनैतिक कुशलता एवं सामाजिक समरता स्थापित करने की रणनीति संसार को कायल बनाती थी। आपकी कार्यकुशलता आपके कार्यों में बखूबी देखी जा सकती है। भारतीय इतिहास के सुनहरे पन्ने पलटने से ज्ञात होता है कि ऐसे व्यक्तित्व के धनी महापुरुष सदियों में बमुश्किल जन्म लेते हैं। हम भारतीयों के लिए अत्यंत गौरवान्वित करने की बात है कि इनका जन्म भारत भूमि में हुआ है। भारत की स्वतंत्रता के लिए समर्पित आपका सम्पूर्ण जीवन आने वाली पीढ़ियों के लिए मार्गदर्शक बना रहेगा। वल्लभ भाई का जन्म 31 अक्टूबर 1875 ई. को नाडियाद, गुजरात में झवेरभाई पटेल और लाडबा देवी के घर हुआ था। 19वीं सदी के उस दौर में भारत ब्रिटिश हुकूमत की गुलामी और शोषण की बेडियों में जकडा हुआ था। आपने शिक्षा हासिल कर वकालत का पेशा अपनाया और बैरिस्टर बन भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के वरिष्ठ नेता के तौर पर देश की सेवा की। भारत गांवों में बसता है इस बात को आत्मसात् कर वल्लभ भाई के संघर्षों का दौर खेडा की भूमि से आरम्भ हुआ। ब्रिटिश हुकूमत से पहला लोहा आपने खेड़ा आन्दोलन में ही लिया। स्वयं से पूर्व राष्ट्रहित की बेहतरी के विषय में ध्यान केन्द्रित करने वाले वल्लभ भाई पटेल ने स्वतंत्रता के संघर्षों से लेकर स्वतंत्रता प्राप्त होने के पश्चात् तक ताबूत में लगने वाली अंतिम कील की भांति कार्य किया और अखण्ड भारत के स्वप्न को पूरा करने में भारत के बिस्मार्क की भूमिका निभाई। स्वतंत्रता के पश्चात् भारत के एकीकरण में अपना अविस्मरणीय योगदान दिया। उनके योगदान और दृढ़ संकल्प को देखते हुए भारत उन्हें ''लौह पुरूष'' और ''भारत के बिस्मार्क'' की संज्ञा देता है। भारत सरकार ने 2018 में गुजरात में विश्व की सबसे ऊँची मूर्ति के तौर पर ''स्टैच्यू ऑफ यूनिटी'' वल्लभ भाई पटेल को समर्पित की। जो राष्ट्र की एकता में उनके योगदान के साथ उनके अदम्य शौर्य और साहस का प्रतीक है। राष्ट्रीय एकता और अखण्डता के हिमायती लौह पुरुष सरदार पटेल का संघर्षमयी जीवन आधुनिक युग के लिए प्रेरक भी है और प्रेरणा भी। भारतीय स्वतंत्रता के गौरवान्वित इतिहास लेखन में सरदार वल्लभ भाई पटेल का नाम एक युग निर्माता के तौर पर अंकित है। अखण्ड भारत के निर्माण की परम्परा के वाहक सरदार पटेल आधुनिक भारत में जाति-धर्म, असामानता, वर्ग-भेद से परे राष्ट्रीय एकता के महान पैरोकार थे। इतिहास में दर्ज उनके संघर्षों को वर्तमान सासम्मान सहेज कर रखेगा। वे एक ऐसे राष्ट्र निर्माता थे जिन्होंने भारत को अखण्डता के सूत्र में बांध संसार के समक्ष अहिंसा की अद्वितीय मिशाल पेश की। वल्लभ भाई का बचपन खेतों और खलिहानों में गुजरा और बाद में लंदन से बैरिस्टर की पढ़ाई करने का अवसर प्राप्त हुआ। देश प्रेम उन्हें भारत वापस आकर अहमदाबाद में वकालत करने के लिए प्रेरित कर रहा था। जिसमें उन्हें अत्यंत ही सफलता प्राप्त हुई। इस दौर में संपूर्ण भारत स्वतंत्रता के आन्दोलनों में गोते लगाने की तैयारियों में एकजुट होने की तैयारी में था। यह दौर महात्मा गांधी के आंदोलन में भागीदारी का था। सरदार पटेल महात्मा गांधी से प्रेरित हो स्वतंत्रता आन्दोलन में सहभागिता की। भारत को स्वतंत्रता दिलाने में सरदार पटेल का विशेष योगदान है। वर्ष 1917 एवं 1918 में प्लेग और अकाल जैसी आपदाएं भारत में घिर आई तब इन्होंने संकट निवारण में अहम् भूमिका निभाई। इन्हें वर्ष 1917 में गुजरात सभा का सचिव चुना गया। जिसने तत्कालीन परिस्थिति में बड़ी राहत का काम किया। सन् 1918 में प्रारम्भ हुए खेड़ा सत्याग्रह में सरदार पटेल की भूमिका को लेकर महात्मा गांधी ने कहा था- कि यदि वल्लभ भाई की सहायता नहीं होती तो यह अभियान इतनी सफलतापूर्वक नहीं चलाया जाता। 8 अगस्त 1942 को बम्बई में 'अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी' ने 'भारत छोड़ो' प्रस्ताव पारित किया तत्पश्चात् ब्रिटिश सरकार ने वल्लभ भाई को कार्य समिति के अन्य सदस्यों के साथ 9 अगस्त 1942 को गिरफतार कर लिया और महात्मा गांधी एवं कस्तूरबा गांधी के साथ अहमदनगर किले में नजरबंद कर दिया। सरदार पटेल तीन वर्ष तक जेल में रहे। वल्लभ भाई पटेल ने तत्कालीन समाज की समस्याओं और शोषण को समाप्त करने के लिए व्यक्तिगत जीवन के सुख-सुविधाओं को दरकिनार कर राष्ट्र सेवा के कार्य किए। सन् 1922 के पश्चात् के दौर में गुजरात के सूरत जिले में स्थित बारदोली राजनीतिक गतिविधियों का केंद्र बना हुआ था।

जियो की छलांग और विकसित भारत की नई आर्थिक गाथा



किसी राष्ट्र की प्रगति केवल ऊँची इमारतों, चमचमाती सड़कों और बढ़ते सकल घरेलू उत्पाद के आँकड़ों से नहीं आंकी जाती, बल्कि इस बात से तय होती है कि उसकी उद्यमशीलता कितने लोगों के जीवन को बदलती है, तकनीक कितनी दूर तक पहुँचती है और आर्थिक शक्ति किस सीमा तक जनसामान्य की आकांक्षाओं को पंख देती है। भारत की विकास यात्रा में रिलायंस समूह और जियो की कहानी इसी व्यापक परिवर्तन की ओर ध्यान आकर्षित करती है। भारत के औद्योगिक इतिहास में टाटा समूह ने विश्वास, संस्थागत मूल्यों, सामाजिक उत्तरदायित्व और दीर्घकालीन दृष्टि की मजबूत विरासत निर्मित की है। दूसरी ओर, रिलायंस समूह ने बड़े पैमाने पर निवेश, बाजार की नब्ज पहचानने, तकनीक को जनसुलभ बनाने और नए क्षेत्रों में निर्णायक प्रवेश करने की क्षमता से अपनी अलग पहचान बनाई है। दोनों समूह भारतीय अर्थव्यवस्था के महत्वपूर्ण स्तंभ हैं। ऐसे में रिलायंस का टाटा समूह से आगे निकलना किसी एक की पराजय और दूसरे की विजय भर नहीं है, इसे भारतीय उद्योग जगत में प्रतिस्पर्धा के नए अध्याय के रूप में देखना अधिक उचित होगा। जियो की यात्रा एक उल्लेखनीय उदाहरण है। भारतीय दूरसंचार क्षेत्र में प्रवेश के बाद उसने इंटरनेट सेवाओं को अधिक सुलभ बनाने, डेटा की कीमतों में व्यापक बदलाव लाने और डिजिटल गतिविधियों को आम नागरिक तक पहुँचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। जियो की असली उपलब्धि केवल बाजार में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाना नहीं, बल्कि डिजिटल अर्थव्यवस्था में भागीदारी का दायरा विस्तृत करना है।

रिलायंस की सफलता को मुकेश अंबानी के नेतृत्व में विकसित दीर्घकालीन कारोबारी दृष्टि, बड़े निवेश और बदलते समय के अनुरूप व्यवसाय का विस्तार करने की रणनीति के संदर्भ में समझना चाहिए। धीरूभाई अंबानी ने जिस उद्यमशीलता को व्यापक जनभागीदारी और पूँजी बाजार से जोड़ने की नींव रखी, उसे आगे बढ़ाते हुए समूह ने पेट्रोकेमिकल, ऊर्जा, खुदरा व्यापार और दूरसंचार जैसे विविध क्षेत्रों में अपनी उपस्थिति मजबूत की। जियो ने इस विरासत को डिजिटल युग की आवश्यकताओं से जोड़ा। इस यात्रा का संदेश स्पष्ट है-समय के साथ जो नहीं बदलता, समय उसे पीछे छोड़ देता है, जो समय की आहट पहचान लेता है, वही भविष्य की दिशा तय करने लगता है। 28 अक्टूबर 2026 को जियो प्लेटफॉर्म्स की शेयर बाजार में ऐतिहासिक सूचीबद्धता ने इस यात्रा को नया आयाम दिया। लगभग 30,213 करोड़ रुपये के सार्वजनिक निर्गम के बाद कंपनी का बाजार पूँजीकरण 12.5 लाख करोड़ रुपये से ऊपर पहुँच गया और कारोबार के पहले दिन यह देश की दूसरी सबसे मूल्यवान सूचीबद्ध कंपनी बन गई। रिलायंस समूह की सूचीबद्ध कंपनियों का संयुक्त बाजार मूल्य भी टाटा समूह से आगे निकल गया। ये आँकड़े भारतीय पूँजी बाजार के बदलते स्वरूप और डिजिटल अर्थव्यवस्था में निवेशकों के विश्वास को दर्शाते हैं। लेकिन यह समझना भी जरूरी है कि बाजार पूँजीकरण कंपनियों के मूल्यांकन का पैमाना है, आम नागरिक की समृद्धि का नहीं। शेयर बाजार में ऊँचाई तभी सार्थक है, जब उसका लाभ अर्थव्यवस्था की जड़ों तक पहुँचे।

इस ऐतिहासिक अवसर पर प्रदत्त अनंत अंबानी का भावपूर्ण वक्तव्य चर्चाओं में हैं, उन्होंने इस व्यावसायिक उपलब्धि को पारिवारिक संस्कारों और आध्यात्मिक संवेदना से जोड़कर अर्थ के साथ अध्यात्म के महत्व को उजागर किया है। उन्होंने कारोबार की तुलना पूजा से और शेयरों को प्रसाद की तरह देश के साथ साझा करने की भावना से की। उनके शब्दों में कृतज्ञता, पारिवारिक विरासत और लाखों ग्राहकों के योगदान की स्वीकृति थी। मुकेश अंबानी का भावुक होना भी इस बात का प्रतीक था कि किसी बड़ी उपलब्धि के पीछे वर्षों का परिश्रम, संघर्ष, विश्वास और पीढ़ियों के सपने जुड़े होते हैं। यहाँ एक विचार विशेष रूप से उल्लेखनीय है-व्यापार केवल लाभ कमाने की व्यवस्था नहीं, बल्कि सामाजिक विश्वास अर्जित करने का माध्यम भी है। जब कोई कंपनी अपनी सफलता में कर्मचारियों, तकनीशियनों, साझेदारों और उपभोक्ताओं के योगदान को स्वीकार करती है, तब उद्यम का मानवीय पक्ष सामने आता है।

बैलेट पेपर भी नहीं जिता पाए

बैलेट पेपर की माँग उठी, ईवीएम पर उँगली उठी,
हार मिली सवाल अनेक, जीत मिले वाह अनेक !
कभी मशीनों पर दोष मढ़ा, जनता से नाता तोड़ा,
जनता ने फैसला सुनाया, नेताओं ने शोर मचाया।

हो बंगाल व बिहार का रण, जनता ने चुना शासन,
वादों-नारों की दुनिया में,किसने जीता जनता मन?
राहुल सड़कों पे निकले, ईवीएम के सवाल उछले,
बैलेट पेपर से जीत मिलेगी, जनता सोच बदलेगी?

केरल में सवाल खड़े हैं,कांग्रेस के सपने कहाँ पड़े?
गठबंधन नाव डगमगाती, ना 'किनारे-भँवर' जाती।
समाजवादी राह चले, बसपा के भी क्या दाँव चले,
विपक्षी एकता निराली, चुनाव लिखें अलग कहानी।

जनता को काम व विकास, महँगाई राहत व आस,
रोजगार, शिक्षा व सम्मान, यही हैं असली अरमान।
हार हुई तो मंथन करिए, जन-मन का चिंतन करिए,
मशीनें दोषी ठहराने से, नहीं बदलेंगे हार के मायने!

बैलेट या ईवीएम दौर, जनता निर्णय का बड़ा जोर,
लोकतंत्र में जनता महान,फैसले को करिए प्रणाम।
नतीजा हार-जीत नहीं, ये जनता का संदेश है भाई,
जो जनता मन पढ़ पाएगा, वही परचम लहराएगा!



संजय एम तराणेकर
(कवि, लेखक व समीक्षक)
इन्दौर-452011 (मध्य प्रदेश)
मो. 98260 25986

बंदा बहादुर व साथियों पर सन्नाटा क्यों?



तीन दिन पहले उन बंदा बहादुर जी की जयंती थी जिसने सैकड़ों साल बाद भारत में मुगलों का सामना करने की सन् 1000 से चली आ रही रणनीति बदल दी थी और इसमें उन्हें अभूतपूर्व सफलता मिली थी। देश के विभिन्न हिस्सों में उनकी जयंती अत्यन्त उत्साह पूर्वक मनाई गई। लेकिन देश के विश्वविद्यालयों के डिफेंस स्टडीज विभागों में कहीं बन्दा बहादुर को लेकर चर्चा या कोई सेमिनार हुआ हो, ऐसी सूचना कम से कम मेरे पास नहीं है। मैंने कुछ स्थानों पर फोन कर यह सूचना एकत्रित करने की कोशिश भी की। बंदा बहादुर जम्मू कश्मीर के पुंछ क्षेत्र के रहने वाले थे। जम्मू कश्मीर सुरक्षा के लिहाज से भी और सुरक्षात्मक रणनीति के हिसाब से भी बहुत महत्वपूर्ण क्षेत्र है। एक ओर चीन और दूसरी ओर पाकिस्तान। वहां के विश्वविद्यालयों या महाविद्यालयों ने बन्दा बहादुर का नोटिस लिया हो, ऐसी कोई सूचना नहीं है। अरबों, तुर्कों व मुगलों के आक्रमण काल से भारत ने आक्रमणकारियों का मुकाबला ही किया है, कभी दुश्मन के घर जाकर लड़ाई लड़ी हो, ऐसे उदाहरण कम ही मिलते हैं। भारत सुरक्षात्मक रणनीति ही अपनाता रहा। लेकिन एक हजार सन् से चली आ रही इस सुरक्षात्मक सैनिक रणनीति को सन् 1700 के पहले दशक में बन्दा सिंह बहादुर ने पहली बार बदला। महाराष्ट्र में यह रणनीति शिवाजी मराठा ने अपनाई थी और पश्चिमोत्तर/सप्त सिन्धु में बन्दा बहादुर ने मुगलों के खिलाफ यह आक्रामक रणनीति अपनाई। सामान्य जनता की ओर से इसको जबरदस्त समर्थन मिला। यहां तक कि इस क्षेत्र के देसी मुसलमान, जिनके पुरखे कभी मुगलों के अत्याचारों से डर कर इस्लाम पंथ या शिया पंथ में चले गए थे, वे भी मुगलों के खिलाफ बन्दा बहादुर के साथ मिल गए थे। इस नई युद्ध नीति का परिणाम भी मिला। बन्दा बहादुर ने वर्तमान पंजाब, हरियाणा और हिमाचल का बहुत बड़ा भाग मुगल सत्ता व आक्रमणकारियों से स्वतंत्र करवा लिया। नई राज्य व्यवस्था लागू की। पहली बार 'जमीन जोतने वाले की' का सिद्धान्त व्यावहारिक स्तर पर लागू किया गया। राज्य किसी भी व्यक्ति के मजहब में दखलन्दाजी नहीं करेगा, यह पंथ निरपेक्षता को जमीनी धरातल पर लागू किया। बन्दा बहादुर बदले की राजनीति नहीं कर रहा था, बल्कि वह तो विदेशी अन्यायी शासन व्यवस्था को हटा कर न्याय पर आधारित नया निजाम स्थापित करने का प्रयास कर रहा था। लेकिन बन्दा बहादुर पूरे सप्त सिन्धु क्षेत्र की सांस्कृतिक राजधानी लाहौर को जीतने के कगार पर ही था कि अपने लोगों ने ही धोखा दे दिया।

राजनाथ सिंह के तेवर देख बगलें झांकने लगा अमेरिका



राजनाथ सिंह की रक्षा कूटनीति ने अमेरिका के सामने भारत की सुरक्षा चिंताओं को जिस दृढ़ता और दोटूक अंदाज में रखा है, उसने पाकिस्तान को सैन्य सहायता देने के मुद्दे पर वाशिंगटन को भी असहज स्थिति में ला खड़ा किया। एफ-16 लड़ाकू विमानों के लिए अमेरिकी सहायता पैकेज पर भारत की कड़ी आपत्ति और पाकिस्तान को दी जाने वाली संवेदनशील तकनीक के तीसरे देश तक पहुंचने की आशंका उठाकर राजनाथ सिंह ने स्पष्ट कर दिया कि भारत अब अपनी सुरक्षा के सवाल पर किसी भी तरह की ढिलाई बर्दाश्त करने को तैयार नहीं है।

आतंकवाद पर दोहरे मापदंडों के खिलाफ रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का सख्त संदेश इस बात का संकेत है कि भारत-अमेरिका की रणनीतिक साझेदारी अपनी जगह है, लेकिन पाकिस्तान के मामले में भारत अपने हितों से समझौता नहीं करेगा। देखा जाये तो रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने एक बार फिर साबित किया है कि बदलते वैश्विक शक्ति-संतुलन में भारत की रक्षा कूटनीति केवल बैठकों और औपचारिक बयानों तक सीमित नहीं है। यह राष्ट्रीय सुरक्षा के हितों की स्पष्ट पैरवी करने, मित्र देशों के साथ रणनीतिक साझेदारी मजबूत करने और क्षेत्रीय स्थिरता के लिए भारत की शर्तों को प्रभावी ढंग से सामने रखने का माध्यम भी है।


हम आपको बता दें कि फिलीपींस के सेबू में आसियान रक्षा मंत्रियों की बैठक के दौरान राजनाथ सिंह ने अमेरिका के सामने पाकिस्तान को एफ-16 लड़ाकू विमानों के लिए सहायता पैकेज देने का मुद्दा उठाया। इसके साथ ही जापान और ऑस्ट्रेलिया के रक्षा मंत्रियों के साथ उनकी मुलाकातों ने हिंद-प्रशांत क्षेत्र में भारत की बढ़ती रणनीतिक सक्रियता का एक महत्वपूर्ण संदेश दिया। राजनाथ सिंह ने भारत का पक्ष इतनी स्पष्टता से रखा कि वाशिंगटन के लिए पाकिस्तान को दी जाने वाली सैन्य सहायता के दुष्परिणामों पर जवाब देना और इस्लामाबाद का बचाव करना मुश्किल हो गया। अमेरिका के रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ के साथ बातचीत में राजनाथ सिंह ने पाकिस्तान के एफ-16 कार्यक्रम से जुड़े सहायता पैकेज पर भारत की गंभीर चिंता व्यक्त की। हम आपको बता दें कि अमेरिका का 64.9 करोड़ डॉलर का यह पैकेज पाकिस्तान के लड़ाकू विमानों की परिचालन क्षमता और रखरखाव को मजबूत करने से जुड़ा है। इसमें एवियोनिक्स सुधार, तकनीकी उपकरण, स्पेयर पार्ट्स, प्रशिक्षण, सिमुलेटर और लॉजिस्टिक सहायता जैसी व्यवस्थाएं शामिल हैं।

भारत की आपत्ति का मूल प्रश्न यही है कि पाकिस्तान को मिलने वाली ऐसी सैन्य सहायता का वास्तविक इस्तेमाल किस उद्देश्य से होगा और इसका दक्षिण एशिया की सुरक्षा पर क्या प्रभाव पड़ सकता है। भारत लंबे समय से सीमा पार आतंकवाद का मुद्दा उठाता रहा है। ऐसे में पाकिस्तान की सैन्य क्षमताओं को मजबूत करने वाले किसी भी कदम को नई दिल्ली क्षेत्रीय सुरक्षा के व्यापक संदर्भ में देखती है।

राजनाथ सिंह ने अमेरिकी पक्ष को इस बात के लिए भी आगाह किया कि पाकिस्तान को दी जाने वाली संवेदनशील सैन्य तकनीक किसी तीसरे देश तक पहुंच सकती है। देखा जाये तो यह चिंता केवल भारत-पाकिस्तान संबंधों तक सीमित नहीं है, बल्कि तकनीकी सुरक्षा, हथियारों के प्रसार और व्यापक क्षेत्रीय सामरिक संतुलन से भी जुड़ी है।

राजनाथ सिंह की कूटनीतिक पहल का महत्व इस बात में है कि भारत ने अपनी सुरक्षा संबंधी चिंताओं को सीधे अमेरिकी नेतृत्व के सामने स्पष्टता और दृढ़ता के साथ रखा है। भारत ने यह संदेश दिया है कि रणनीतिक साझेदारी अपनी जगह है, लेकिन राष्ट्रीय सुरक्षा के मुद्दों पर वह चुप्पी नहीं साधेगा। राजनाथ सिंह ने अपने अमेरिकी समकक्ष के साथ बातचीत के दौरान आतंकवाद के खिलाफ शून्य-सहिष्णुता की नीति पर जोर दिया। उनका संदेश स्पष्ट था कि आतंकवादी संगठनों को समर्थन, प्रशिक्षण या वित्तीय सहायता देने वाले देशों के प्रति अंतरराष्ट्रीय समुदाय का रवैया सुसंगत और कठोर होना चाहिए। अमेरिकी रक्षा मंत्री ने भी सीमा पार आतंकवाद से मुकाबले में भारत के प्रति समर्थन दोहराया। यह भारत के लिए महत्वपूर्ण कूटनीतिक आधार है, क्योंकि आतंकवाद के विरुद्ध सहयोग तभी प्रभावी हो सकता है जब सुरक्षा संबंधी चिंताओं को केवल बयानों में नहीं, बल्कि व्यावहारिक नीतियों में भी जगह मिले।

जागरण मोर्चा
www.jagranmorchadaily@gmail.com



विधानसभा सत्र को लेकर कापड़ी ने सरकार पर साधा निशाना

भ्रष्टाचार के मुद्दों पर चर्चा से बचकर भागी सरकार, जनता के पैसों का बंदरबांट करने के लिए चलाया जा रहा है सत्र- कापड़ी

जागरण मोर्चा कार्यालय

खटीमा। गैरसैंण (भराड़ीसैंण) में 27 अक्टूबर से आयोजित उत्तराखंड विधानसभा का दो दिवसीय सत्र अनुपूरक बजट पारित होने के बाद अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया गया। सत्र में राज्य सरकार ने 7,844.18 करोड़ रुपये का अनुपूरक बजट प्रस्तुत किया, जिसे सदन से पारित कर दिया गया। वहीं, सत्र की अवधि और सदन में जनहित से जुड़े मुद्दों पर चर्चा नहीं होने को लेकर खटीमा विधायक एवं उपनेता प्रतिपक्ष भुवन चंद्र कापड़ी ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला है। कापड़ी ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार ने विधानसभा सत्र को महज औपचारिकता बनाकर रख दिया है। सत्र का पहला दिन शोक संवेदनाओं में बीत गया, जबकि दूसरे दिन विपक्ष ने भ्रष्टाचार सहित विभिन्न जनहित के मुद्दों पर नियम 310 के तहत चर्चा कराने की मांग की थी। उन्होंने कहा कि सरकार के एक मंत्री पर उनके पति द्वारा 210 करोड़ रुपये के भ्रष्टाचार के आरोप लगाए गए हैं। वहीं, हाईकोर्ट ने भी मंत्री के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति के मामले में मुकदमा दर्ज करने के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा एक अन्य मंत्री द्वारा अपने आश्रम के लिए सात करोड़ रुपये जारी किए जाने का मामला भी गंभीर है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में भ्रष्टाचार के कई मामले हैं, जिन पर सदन में चर्चा होनी चाहिए थी, लेकिन सरकार इन मुद्दों पर जवाब देने के बजाय सदन से बचती नजर आई। कापड़ी ने आरोप लगाया कि अनुपूरक बजट पारित कर सरकार की मंशा इसे बट्टे खाते में डालने की है। उन्होंने कहा कि सरकार लगातार बजट बढ़ने का दावा करती है, जबकि वास्तविकता यह है कि बजट सत्र हो या अनुपूरक बजट सत्र, सदन की कार्यवाही के दिन लगातार कम होते जा रहे हैं। देश के अन्य राज्यों में प्रतिवर्ष 25 से 30 दिन तक विधानसभा की कार्यवाही चलती है, जबकि उत्तराखंड में भाजपा सरकार महज पांच से आठ दिन ही सत्र संचालित करती है। कापड़ी ने आरोप लगाया कि सरकार का उद्देश्य बजट का सदुपयोग करने के बजाय जनता की गाढ़ी कमाई का बंदरबांट करना है। गौरतलब है कि सत्र के दौरान कांग्रेस विधायकों ने कथित भ्रष्टाचार और अन्य जनहित के मुद्दों पर नियम 310 के तहत चर्चा की मांग को लेकर सदन में हंगामा और विरोध प्रदर्शन किया। इसके चलते सदन की कार्यवाही कई बार बाधित हुई और अंततः दो दिवसीय सत्र को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया गया।



विधायक भुवन कापड़ी के साथ मौजूद नवनियुक्त पदाधिकारी। -जागरण मोर्चा

रम्पुरा में कन्याओं ने कराया माता रानी का विशाल जागरण

भाजपा नेता चुघ ने दीप प्रज्जवलित कर किया

जागरण मोर्चा कार्यालय

रुद्रपुर। रम्पुरा वार्ड 24 में माता रानी का विशाल जागरण आयोजित किया गया। यह जागरण कन्याओं ने आयोजित कराया गया। जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य और समाजसेवी भारत भूषण चुघ ने दीप प्रज्वलित कर और माता जी से आशीर्वाद लेकर किया। जागरण से पूर्व पंडित जयशंकर शर्मा ने विधिवत रूप से पूजा अर्चना की। तत्पश्चात भजन गायक जतिन शर्मा, नैंसी ग्रोवर, अमित श्याम, दिनेश यादव, मास्टर बाबी ने माता के सुंदर-सुंदर भजन सुना कर माहौल भक्तिमय में कर दिया। उन्होंने माता जिनको याद करें वह लोग निराले होते हैं, तूने मुझे बुलाया शेरावालिए मैं आया मैं आया शेरावालिए, आ मां आ तुझे दिल ने पुकारा, चलो बुलावा आया है माता ने बुलाया है जैसे भजन सुना कर माता का गुणगान किया। मुख्य अतिथि चुघ ने कहा की माता रानी के जागरण का श्रवण करने से ऊर्जा का संचार होता है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार कन्याओं ने माता का जागरण आयोजित करवाया है वह दिखाता है कि आज की बेटियां हर क्षेत्र में सफलतापूर्वक कार्य कर रही हैं। उन्होंने कहा कि धर्म, शिक्षा, राजनीति समेत हर क्षेत्र में बेटियों का योगदान है। इस दौरान संध्या,शोभा, सिमरन ,लक्ष्मी, परी, तान्या, पिंकी, पूनम ,नीलकंठ राणा, हीरामन समेत तमाम श्रद्धालु मौजूद थे।



जागरण का दीप प्रज्ज्वलित करते भाजपा नेता चुघ। -जागरण मोर्चा

बाल अधिकारों, सुरक्षा एवं संरक्षण को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

जागरण मोर्चा कार्यालय

रुद्रपुर। श्री गुरु नानक हायर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल में 'सुरक्षित बचपन अभियान' के अंतर्गत बाल अधिकार एवं संरक्षण पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की जिला सचिव ममता पंत के निर्देशानुसार जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया।सुरक्षित बचपन अभियान सुरक्षा और संरक्षण, हर बच्चे का अधिकार' के अंतर्गत बाल अधिकारों, सुरक्षा एवं संरक्षण जागरूकता कार्यक्रम का सीजीएम जयेंद्र सिंह चौहान,अपर जिला न्यायिक अधिकारी हेमंत सिंह राणा, न्यायिक मजिस्ट्रेड रुद्रपुर,चौकी प्रभारी आदर्श कालोनी प्रदीप पंत,जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दीपक कुमार,सतीश कुमार, समाजसेवी कपिल सिंह विद्यालय मे मौजूद रहे। विद्यालय प्रधानाचार्य जसविंदर कौर संधू, शिक्षिकाएं समेत अन्य का सहयोग किया।कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों को उनके अधिकारों,सुरक्षा,संरक्षण के प्रति जागरूक करना तथा उन्हें सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने के लिए समाज, विद्यालय और संबंधित विभागों की भूमिका को सुदृढ़ करना था। इस अवसर पर बच्चों की सुरक्षा, बाल अधिकारों के महत्व तथा बच्चों के हित में सामूहिक जिम्मेदारी निभाने की आवश्यकता पर जोर दिया गया। बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पैरालेगल वॉलिंटियर सुशील कुमार श्रीवास्तव, अंकित त्रिपाठी, अनुष्का द्विवेदी,शालिनी गुप्ता आदि कार्यक्रम में मौजूद रहे।



जागरूकता कार्यक्रम का शुभारंभ करते न्यायाधीश। -जागरण मोर्चा

प्रेम सादगी और एकत्व की दिव्य भावना से सुशोभित हुई निरंकारी सामूहिक सादा शादियाँ, 126 नवयुगल परिणय सूत्र में बंधे

जागरण मोर्चा कार्यालय

काशीपुर। जहाँ सतगुरु का पावन आशीर्वाद, प्रेम और आध्यात्मिकता का संगम हो, वहाँ हर मंगलमय पल एक दिव्य अनुभूति बन जाता है। 79वें निरंकारी संत समागम के समापन उपरांत समालखा के पावन मैदानों में सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज एवं निरंकारी राजपिता रमित जी की दिव्य उपस्थिति में आयोजित सामूहिक विवाह समारोह इसी आध्यात्मिक भावना का सुंदर प्रतीक बना, जहाँ 126 नवयुगलों ने परिणय सूत्र में बंधकर अपने नवजीवन का शुभारंभ किया और सतगुरु से प्रेम, समर्पण एवं सुखमय दांपत्य जीवन का आशीर्वाद प्राप्त किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक जयमाला एवं निरंकारी सांझा-हार से हुआ, जिसे मिशन की प्रधान आदरणीय राजकुमारी जी एवं अन्य कार्यकारिणी सदस्यों ने सभी नवविवाहित जोड़ों को पहनाकर उनके सुखमय नवजीवन की मंगलकामना की। इसके पश्चात हिंदी में भक्तिमय निरंकारी लावों का गायन हुआ, जिनमें विश्वास, सम्मान एवं समर्पण पूर्ण गृहस्थ जीवन की शिक्षाएँ समाहित थीं। अंत में सतगुरु माता जी एवं निरंकारी राजपिता जी ने नवविवाहित जोड़ों पर पुष्पवृष्टि कर उन्हें सुख, शांति एवं आनंदमय जीवन का आशीर्वाद प्रदान किया। सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज ने अपने आशीर्वचनों में नवविवाहित जोड़ों को प्रेरित करते हुए कहा कि सामूहिक विवाह का भाव केवल एक आयोजन तक सीमित न रहकर जीवन जीने का ढंग बनना चाहिए। पति-पत्नी एक-दूसरे की जिम्मेदारियों को समान रूप से निभाते हुए प्रेम, विश्वास और तालमेल के साथ आगे बढ़ें तथा एक-दूसरे के दो पंख बनकर जीवन की हर परिस्थिति का सामना करें। सतगुरु माता जी ने सेवा, सुमिरन और सत्संग के मार्ग पर परस्पर सहयोग का महत्व बताते हुए प्रेरित किया कि पति-पत्नी एक-दूसरे को आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करें। विवाह जीवनभर प्रेम, आदर और समर्पण से निभाया जाने वाला पवित्र रिश्ता है, जिसे दोनों परिवारों के आपसी सम्मान और स्नेह से और भी सुदृढ़ बनाया जा सकता है।



संक्षेप समाचार

विधायक शिव ने खाद्य मंत्री रेखा आर्य से की मुलाकात, ट्रांजिट कैंप में सस्ता गल्ला दुकानों की संख्या बढ़ाने को सौंपा पत्र



विधायक रुद्रपुर खाद्य मंत्री रेखा आर्या से मिल सस्ता गल्ला की दुकानों की संख्या बढ़ाने को पत्र सौंपते। -जागरण मोर्चा

रुद्रपुर। गैरसैंण विधानसभा सत्र के दौरान रुद्रपुर विधायक शिव अरोरा ने प्रदेश की खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री रेखा आर्य से मुलाकात कर ट्रांजिट कैंप क्षेत्र में लंबे समय से रिक्त पड़ी सरकारी सस्ता गल्ला दुकानों को शीघ्र भरने की मांग उठाई। विधायक ने इस संबंध में खाद्य मंत्री को लिखित पत्र सौंपते हुए क्षेत्र की घनी आबादी और राशन वितरण में आ रही समस्याओं से विस्तारपूर्वक अवगत कराया। विधायक ने कहा कि जिला पूर्ति अधिकारी, ऊधम सिंह नगर के पत्र संख्या के क्रम में शहरी क्षेत्रों में रिक्त सरकारी सस्ता गल्ला दुकानों की सूची तैयार की गई थी। उक्त को भरने के लिये कार्यवाही आगे बढ़ाने की मांग रखी ट्रांजिट कैंप रुद्रपुर का अत्यंत घनी आबादी वाला क्षेत्र है, जहां लगभग 40 से 50 हजार लोग निवास करते हैं। क्षेत्र में बड़ी संख्या में परिवार निवासरत हैं, लेकिन सरकारी राशन की दुकानों की कमी के कारण पात्र लाभार्थियों को राशन प्राप्त करने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। राशन डिपो की कमी के चलते उन्हें राशन लेने के लिए लंबी कतारों में लगना पड़ता है, जिसके कारण कई बार उन्हें अपना काम छोड़ना पड़ता है और उनकी दैनिक मजदूरी भी प्रभावित होती है। ऐसे में क्षेत्र की आबादी और वार्डों की आवश्यकता के अनुरूप अतिरिक्त सस्ता गल्ला दुकानों का संचालन जनहित में अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि ट्रांजिट कैंप क्षेत्र में सस्ता गल्ला दुकानों को शीघ्र खुलवाने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया जाए। विधायक ने बताया कि खाद्य मंत्री रेखा आर्य ने पत्र को खाद्य सचिव को मार्क करते हुए आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए।

वार्ड 18 में जलभराव की समस्या से मिली राहत, वार्डवासियों ने पालिका अध्यक्ष की की सराहना



वार्ड वासियों की समस्याएं सुनते पालिकाध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी। -जागरण मोर्चा

खटीमा। वार्ड नंबर 18 के वार्डवासियों ने नगर पालिका अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी से उनके आवास पर मुलाकात कर नालों की नियमित सफाई एवं बेहतर जल निकासी व्यवस्था पर संतोष जताया। उन्होंने कहा कि समय पर नालों की सफाई होने से वार्ड में जलभराव की समस्या नहीं हुई और लोगों को परेशानी से राहत मिली। इस दौरान वार्ड की व्यवस्थाओं एवं विकास कार्यों को लेकर भी चर्चा हुई।

किच्छा में सुहागिनों ने पारंपरिक तरीके से मनाया करवा चौथ का पर्व



किच्छा में पूजा की तैयारी करती व्रतधारी सुहागिन महिलाएं। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

किच्छा। नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में सुहागिन महिलाओं द्वारा करवा चौथ का पर्व पारंपरिक तरीके से बड़े उत्साह से मनाया गया। इस मौके पर सुहागिन महिलाओं ने अपने पति की लंबी उम्र की कामना करते हुए निर्जला उपवास रखा और देर शाम चांद के दीदार करने के बाद अन्न जल ग्रहण किया। करवा चौथ पर्व के अवसर पर सुहागिन महिलाओं द्वारा अपने पति की दीर्घायु की कामना के साथ निर्जला उपवास रखा जाता है, पूरा दिन सुहागिन महिलाएं निराहार रहकर उपवास कर पूजा करती हैं। नगर के आवास विकास स्थित तमाम स्थानों पर उपवास रखने वाली तमाम व्रतधारी महिलाओं द्वारा सामूहिक रूप से करवा चौथ की पारंपरिक कथा को सुनकर पारंपरिक तरीके से पूजा अर्चना की गई। करवा चौथ को लेकर सुहागिन महिलाएं काफी उत्साहित नजर आई। सुहागिन महिलाओं ने दुल्हन की तरह सोलह श्रृंगार कर उपवास रखते हुए करवा चौथ का त्यौहार मनाया।

पंतनगर कृषि विवि की शोधार्थियों एवं पूर्व छात्रा को मिले युवा वैज्ञानिक पुरस्कार

जागरण मोर्चा कार्यालय

पंतनगर। लीची की टिकाऊ फल बैगिंग और वैकल्पिक वस्त्र रेशों पर किए गए शोध ने 21वें उत्तराखंड राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी सम्मेलन में गोविन्द बल्लभ पन्त कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, पंतनगर को पहचान दिलाई। विश्वविद्यालय की पाँच शोधार्थियों और एक पूर्व छात्रा ने सम्मेलन की मौखिक एवं पोस्टर प्रस्तुति श्रेणियों के अंतर्गत चार विषयगत क्षेत्रों में युवा वैज्ञानिक पुरस्कार प्राप्त किए। उत्तराखंड राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद (यूकॉस्ट) द्वारा आयोजित यह सम्मेलन 25-26 अक्टूबर 2026 को विज्ञान धाम, झाझरा, देहरादून में सम्पन्न हुआ।गृह विज्ञान, स्वास्थ्य एवं पोषण' विषयगत क्षेत्र में परिधान एवं वस्त्र विज्ञान की पीएचडी शोधार्थी सूर्या तेजस्वी देसू को लीची में टिकाऊ फल बैगिंग पर किए गए शोध के लिए युवा वैज्ञानिक पुरस्कार मिला। यह अध्ययन सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय की प्राध्यापक एवं अधिष्ठाता डा. अलका गोयल,आईसीएआर-निनफेट, कोलकाता के डा संजय देबनाथ तथा उद्यान अनुसंधान केन्द्र, पथरचट्टा के संयुक्त निदेशक डा एके सिंह के वैज्ञानिक मार्गदर्शन में किया गया। निर्णायकों ने शोध की नवीनता और वर्तमान शोध आवश्यकताओं के प्रति इसकी प्रासंगिकता की सराहना की। यह अध्ययन वस्त्र क्षेत्र के नवाचार को टिकाऊ बागवानी पद्धतियों से जोड़ने की संभावनाएँ प्रस्तुत करता है। इसी विषयगत क्षेत्र में परिधान एवं वस्त्र विज्ञान की पूर्व छात्रा तथा वर्तमान में देवभूमि उत्तराखंड विश्वविद्यालय में सहायक प्राध्यापक डा. मोनिका नेगी को भी युवा वैज्ञानिक पुरस्कार मिला। उनका शोध ढैंचा को नॉनवोवन सामग्री के विकास हेतु वैकल्पिक वस्त्र रेशे के रूप में उपयोग करने पर केन्द्रित था। यह कार्य ढैंचा के वस्त्र संबंधी उपयोगों पर प्रारम्भिक शोध में योगदान देता है। अध्ययन सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय की परिधान एवं वस्त्र विज्ञान की प्राध्यापक डा. अनीता रानी के वैज्ञानिक मार्गदर्शन में किया गया।विश्वविद्यालय की अन्य शोधार्थियों ने भी विभिन्न वैज्ञानिक क्षेत्रों में पुरस्कार प्राप्त किए। रसायन विज्ञान विभाग की पीएचडी शोधार्थी आस्था जोशी को 'कृषि विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, पर्यावरण विज्ञान एवं वानिकी' विषयगत क्षेत्र में सम्मानित किया गया। सूक्ष्मजीव विज्ञान विभाग की पीएचडी शोधार्थी शीतल अल्चोनी को 'जैव प्रौद्योगिकी, जैव रसायन एवं सूक्ष्मजीव विज्ञान' विषयगत क्षेत्र में पुरस्कार मिला। रसायन विज्ञान विभाग की पीएचडी शोधार्थियों पूजा बर्गली और आकांक्षा कोटियाल ने 'रसायन विज्ञान' विषयगत क्षेत्र में युवा वैज्ञानिक पुरस्कार प्राप्त किए।सम्मेलन ने अन्य विद्यार्थियों को भी अपने उत्कृष्ट शोध कार्य प्रस्तुत करने का अवसर दिया। पुरस्कारों के माध्यम से चुनिंदा प्रस्तुतियों को सम्मान मिला, वहीं सभी प्रतिभागियों के कार्यों में समर्पण, निरंतर प्रयास और वैज्ञानिक जिज्ञासा दिखाई दी।



देहरादून में आयोजित एक कार्यक्रम में पंतनगर विश्वविद्यालय की छात्रा को पुरस्कृत किया गया। -जागरण मोर्चा

डीएम ने दिए अधीनस्थों को राजस्व वसूली के निर्देश

जागरण मोर्चा कार्यालय

रूद्रपुर। जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने शुक्रवार को जिला सभागार में मासिक स्टाफ बैठक लेते हुए राजस्व वसूली बढ़ाने व कोर्ट में लम्बित वादों को शीघ्रता से निस्तारण करने निर्देश दिए। डीएम ने उप जिलाधिकारियों व तहसीलदारों को नियमित कोर्ट लगाकर लम्बित वादों को त्वरित निस्तारण करने के निर्देश दिये। पुराने वादों को प्राथमिकता से निस्तारण किया जाये। डीएम ने कहा कि बकायदारो से कड़ाई से राजस्व वसूली की जाए।जिन राजस्व अमीनों ने इस माह अक्टूबर तक 50 प्रतिशत से कम वसूली की जायेगी, उन राजस्व अमीनो का माह नवम्बर का वेतन आहरण पर रोक लगा दी जायेगी। उन्होंने एसडीएम को मजिट्रीयल जांच समय से पूर्ण करने के भी निर्देश दिये। डीएम ने कानून व्यवस्था की समीक्षा करते हुए अपराधों को रोकने के लिए सक्रियता से कार्य करने निर्देश पुलिस विभाग को दिए। उन्होने जनपद में अनैतिक गतिविधियों पर पैनी नजर रखने के निर्देश पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों को दिये। उन्होंने बन्दोबस्त चकबंदी अधिकारी को निर्देश दिये कि जिन गांव में चकबंदी प्रक्रिया चल रही है उन गांवों की चकबंदी प्रक्रिया में तेजी लाते हुए निर्धारित समय में पूर्ण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने आबकारी अधिकारी को कच्ची शराब व अवैध मदिरा बिक्री पर पूर्ण प्रतिबन्ध लगाने हेतु नियमित छापेमारी करने के निर्देश भी दिये। उन्होंने सीएम हैल्पलाईन, सीएम जन समर्पण पोर्टल, आयोग के सन्दर्भो, रिट याचिका सन्दर्भो, आडिट आपत्तियों,पेंशन प्रकरणों आदि की आख्या रिपोर्टिंग को समय सीमा के भीतर भेजने के निर्देश दिये।उन्होंने सीएम हैल्प लाईन व जन समर्पण पोर्टल में प्राप्त शिकायतों को गम्भीरता से लेते हुये समय से निस्तारण करने व शिकायतकर्ता से स्वयं वार्ता भी करने के निर्देश भी दिये। उन्होंने एआरटीओ को ओवर लोड वाहनों व एनएच सर्विस लेन में पार्किंग करने वालो के खिलाफ अभियान चलाकर कार्यवाही करने के निर्देश दिये। अनफिट वाहन चलाने वालों के खिलाफ सख्ती से कार्यवाही करने के निर्देश एआरटीओ को दिए।

बैठक में एडीएम पंकज उपाध्याय,एसपी क्राईम अनुषा बडोला एडीएम कौस्तुभ मिश्रा, त्रह्या सिंह, मनीष बिष्ट, गौरव पांडेय, अभय प्रताप सिंह, राहुल शाह, तुषार सैनी, संयुक्त निदेशक अभियोजन डीएस जंगपांगी, डीजीसी मनोज कुमार तिवारी, एआरटीओ मोहित कोठारी, सहित तहसीलदार आदि मौजूद रहे।



डीएम स्टाफ बैठक के दौरान अधीनस्थों को निर्देश देते। -जागरण मोर्चा

वोविनाम एसोसिएशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष गर्ग को एशियन वोविनाम फेडरेशन का महासचिव बनने पर खुशी

जागरण मोर्चा कार्यालय

रूद्रपुर। वोविनाम एसोसिएशन ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रवीण गर्ग को एशियन वोविनाम फेडरेशन का महासचिव नियुक्त किया गया है, जिसकी आधिकारिक पुष्टि ओलंपिक काउंसिल ऑफ एशिया की वेबसाइट पर दर्ज हो गई है। वोविनाम एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड के पदाधिकारियों ने खुशी का इजहार किया।एसोसिएशन के अध्यक्ष त्रृषि पाल भारती,महासचिव विनोद लखेरा, तकनीकी निदेशक एवं उपाध्यक्ष देवेंद्र सिंह रावत के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में प्रशिक्षकों और खिलाड़ियों ने एक-दूसरे का मिठाई खिलाकर एवं आतिशबाजी कर जश्न मनाया।अध्यक्ष त्रृषि पाल भारती ने कहा कि"पहले एशियन फेडरेशन का संचालन वियतनाम जैसे देशों से होता था। ये बहुत बड़ी उपलब्धि है कि पहली बार भारत देश से हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रवीण गर्ग जी को यह अंतरराष्ट्रीय जिम्मेदारी मिली है। इससे भारत का परचम पूरे एशिया में लहरेगा। महासचिव विनोद लखेरा ने कहा कि प्रवीण गर्ग ने वोविनाम के माध्यम से लखनऊ, (भारत वर्ष) को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया है। उनकी इस सफलता से उत्तराखंड के प्रत्येक खिलाड़ी का हौसला बढ़ा है।तकनीकी निदेशक देवेंद्र सिंह रावत ने कहा कि इस नियुक्ति से खेल के तकनीकी स्तर में अभूतपूर्व सुधार होगा। हमारे बच्चों को अब एशियाई नियमों के अनुसार अंतरराष्ट्रीय प्रशिक्षण का लाभ सीधे मिलेगा। इस दौरान उत्तरांचल ओलंपिक एसोसिएशन महासचिव डीके सिंह, अध्यक्ष खेल परिषद कुलदीप बुटोला, उपाध्यक्ष खेल परिषद मोहन पाठक सहसंयोजक खेल परिषद किशोर जोशी, विनोद वैद्य, विश्वकेतु वैद्य, भूमिका बनवाल, अमित चौधरी, ज्योति पांडे, कृष्ण चौहान, सतविंदर सिंह, मयंक श्रीवास्तव, रफ़्तार सिंह, आशीष कुमार आदि मौजूद रहे।



टीम के साथ पदाधिकारी। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा

www.jagranmorchadaily@gmail.com





एक नजर



पत्नी के अस्वस्थ होने पर पति ने रखा करवाचौथ व्रत

निघासन-खीरी। निघासन के गोविंदपुरी (बिहारी पुरवा) वार्ड नम्बर 13 के निवासी रविंद्र यादव की पत्नी की तबीयत खराब होने के चलते उन्होंने पत्नी की जगह करवाचौथ का व्रत रखने का निर्णय लिया। आमतौर पर इस पर्व पर महिलाएं अपने पति की दीर्घायु के लिए उपवास रखती हैं, लेकिन रविंद्र यादव ने अपनी पत्नी की अस्वस्थता को देखते हुए यह जिम्मेदारी स्वयं निभाई। करवाचौथ के अवसर पर पति की ओर से व्रत रखने की यह पहल पति-पत्नी के बीच प्रेम, आपसी समझ और एक-दूसरे के प्रति जिम्मेदारी की भावना को दर्शाती है। पत्नी के बीमार होने पर पति द्वारा व्रत रखने की यह अनोखी परंपरा क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है।

लखाही पेट्रोल पंप के पास हादसे में युवक गंभीर घायल, पांच दिन बाद भी फरार पिकअप का सुराग नहीं

टक्कर में तीन जगह से टूटा युवक का पैर, घायल के भाई ने पुलिस से की कार्रवाई की मांग

जागरण मोर्चा कार्यालय

निघासन-खीरी। पढ़ुआ थाना क्षेत्र के लखाही पेट्रोल पंप के पास अज्ञात पिकअप की टक्कर से गंभीर रूप से घायल हुए युवक के मामले में चार दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस फरार वाहन का पता नहीं लगा सकी है। हादसे में युवक का पैर तीन जगह से टूट गया था। पीड़ित के भाई ने पढ़ुआ थाना प्रभारी को प्रार्थना-पत्र देकर अज्ञात पिकअप चालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की थी। इसके बावजूद वाहन का सुराग न मिलने से घायल के परिजन परेशान हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, कोतवाली तिकुनियां क्षेत्र के ग्राम लालापुरवा निवासी चन्द्रमोहन पुत्र किशुनलाल ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि उनके भाई कमलेश पाल पुत्र किशुनलाल 26 अक्टूबर 2026 को गांव चंदैया पुरवा में करवां देने के सिलसिले में गए थे। वहां से वापस लौटते समय शाम करीब 5:30 बजे लखाही पेट्रोल पंप के पास एक अज्ञात पिकअप ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में कमलेश पाल गंभीर रूप से घायल हो गए और उनका पैर तीन जगह से टूट गया। घटना के बाद पिकअप चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। परिजनों ने वाहन और चालक की तलाश की, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिल सकी। इसके बाद घायल के भाई चन्द्रमोहन ने 27 अक्टूबर 2026 को पढ़ुआ थाना प्रभारी को प्रार्थना पत्र देकर मामले की जांच कराने और अज्ञात पिकअप चालक के खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई करने की मांग की। परिजनों का कहना है कि घटना के कई दिन बीत जाने के बाद भी फरार पिकअप का पता नहीं चल पाया है। जब की पेट्रोल पम्प और आसपास कैमरे लगे ऐसे में पीड़ित परिवार को कार्रवाई का इंतजार है। अब देखना है कि पुलिस फरार वाहन और उसके चालक का पता लगाकर मामले में आगे क्या कार्रवाई करती है।



सड़क पर पड़ा चोटिल युवक। -जागरण मोर्चा

सीएम धामी के नेतृत्व में 3 नवंबर को निकलेगी अराजकता हटाओ संविधान बचाओ रैली

जागरण मोर्चा कार्यालय



मीडिया कर्मियों को कार्यक्रम की जानकारी देते पार्टी पदाधिकारी। -जागरण मोर्चा

रुद्रपुर। भाजपा जिला कार्यालय में प्रदेश उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह बिष्ट की अध्यक्षता में संगठनात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी 3 नवंबर को आयोजित होने वाली मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में अराजकता हटाओ संविधान बचाओ रैली की तैयारियों तथा कार्यक्रमों को सफल बनाने को लेकर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई।बैठक में आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर चर्चा करते हुए सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से मुख्यमंत्री की रैली में अधिक से अधिक संख्या में सहभागिता सुनिश्चित करने का आह्वान किया गया। बैठक में बताया गया कि रैली गांधी पार्क से शुरू होकर मुख्य बाजार, भगत सिंह चौक,अग्रवाल धर्मशाला,काशीपुर बाईपास रोड,अग्रसेन चौक होते हुए गांधी पार्क पहुंचकर संपन्न होगी। नगर में आगमन पर सीएम धामी का ऐतिहासिक स्वागत किया जाएगा।प्रदेश उपाध्यक्ष श्री राजेंद्र सिंह बिष्ट ने सभी कार्यकर्ताओं से संगठन की एकजुटता एवं समन्वय के साथ कार्यक्रमों की तैयारियों में जुटने की अपील की। उन्होंने कहा कि प्रत्येक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता की सहभागिता कार्यक्रमों को व्यवस्थित एवं सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।बैठक में संगठनात्मक मजबूती, आपसी समन्वय एवं आगामी कार्यक्रमों की सफलता को लेकर कार्यकर्ताओं में उत्साह और सक्रियता के साथ कार्य करने पर जोर दिया गया। बैठक में जिला अध्यक्ष कमल कुमार जिंदल, विधायक शिव अरोरा,महापौर विकास शर्मा , दर्जा राज्य मंत्री, रामपाल सिंह,जिला महामंत्री तरुण दत्ता, मीडिया संयोजक विजय तोमर,कार्यालय मंत्री मोर सिंह, जिला अध्यक्ष युवा मोर्चा विट्टू चौहान, रचित सिंह आदि मौजूद रहे।

वार्डों के समान विकास को प्राथमिकता नगर पालिका अध्यक्ष जोशी

जाति-धर्म से ऊपर उठकर सभी 20 वार्डों में विकास कार्य कराने पर जोर

जागरण मोर्चा कार्यालय

खटीमा। नगर पालिका अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी ने वार्ड नंबर 12 का स्थलीय निरीक्षण कर वार्डवासियों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र की समस्याओं, जनसुविधाओं और विकास कार्यों को लेकर लोगों से संवाद किया। पालिका अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मंत्र से प्रेरित होकर नगर पालिका सभी 20 वार्डों में बिना किसी जाति, धर्म या वर्ग के भेदभाव के विकास कार्यों को प्राथमिकता दे रही है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक वार्ड की आवश्यकताओं के अनुसार विकास योजनाएं तैयार की जा रही हैं, ताकि लोगों को बेहतर सड़क, स्वच्छता और अन्य मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें। उनका लक्ष्य है कि विकास का लाभ हर नागरिक तक पहुंचे और कोई भी वार्ड विकास से वंचित न रहे। जोशी ने कहा कि जनता का विश्वास और सहयोग ही जनसेवा की सबसे बड़ी ताकत है। नगर पालिका क्षेत्र के सर्वांगीण विकास और नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयासरत है।



वार्ड- 12 का स्थलीय निरीक्षण करते पालिकाध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी। -जागरण मोर्चा

कांग्रेस ने नवनियुक्त पदाधिकारियों का किया गया भव्य स्वागत

जागरण मोर्चा कार्यालय

खटीमा। नगर कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में शुक्रवार को कांग्रेस कार्यालय खटीमा में भव्य स्वागत समारोह आयोजित किया गया। इसमें नगर कांग्रेस कमेटी के संरक्षक मंडल, नवनियुक्त नगर कांग्रेस कमेटी, अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ की नगर एवं ब्लॉक कमेटी तथा किसान कांग्रेस के नवनियुक्त पदाधिकारियों का भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम में खटीमा विधायक भुवन कापड़ी ने नवनियुक्त पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया और उन्हें नई जिम्मेदारियों के लिए शुभकामनाएं दीं। वहीं प्रदेश महासचिव अल्पसंख्यक विभाग विजय शंकर यादव, सैनिक प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव हर्ष बहादुर चंद, नगर कांग्रेस के संरक्षक मंडल में शामिल मेहंदी हसन, मुकेश मोहन शर्मा, बाबुद्दीन, जावेद अंसारी, दिगंबर गुप्ता, राज किशोर सक्सेना, कमलजीत सिंह, जनक सिंह, बसंत जोशी, पवन ठाकुर, छोटे मंसूरी, जाहिद मंसूरी, हाजी मोहम्मद शाहिद एवं राजू जोशी, नवनियुक्त नगर कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष पप्पू अली, प्रकाश बिष्ट, जबी हसन, गोपाल भट्ट, सलीम सलमानी, जगदीश चंद, संदीप कांडपाल, नगर उपाध्यक्ष अनिल विश्वकर्मा, लाइक मंसूरी, संगठन महासचिव पंकज टम्टा, महासचिव शहाबुद्दीन अंसारी, बादल सक्सेना, जगत भंडारी, नगर सचिव रोहित राणा, राजकुमार चौहान, नितिन खनका, मनोज राणा, नत्थू लाल, किसान कांग्रेस के विधानसभा अध्यक्ष सुखविंदर पंढेर एवं ब्लॉक अध्यक्ष नितिन राणा को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विधायक भुवन चन्द्र कापड़ी ने कहा कि संगठन की मजबूती कार्यकर्ताओं की एकजुटता, सक्रियता और समर्पण पर निर्भर करती है। सभी पदाधिकारी पूरी निष्ठा से जनता के बीच जाकर कांग्रेस की विचारधारा एवं नीतियों को पहुंचाएं और जनहित के मुद्दों को प्रमुखता से उठाएं। उन्होंने विश्वास जताया कि नवनियुक्त पदाधिकारी आपसी समन्वय के साथ बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत बनाने में अहम भूमिका निभाएंगे। इस मौके पर विधायक कापड़ी ने भाजपा सरकार की जन विरोधी नीतियों पर करारा प्रहार करते हुए दावा किया कि 2027 में निश्चित रूप से प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनेगी।

संक्षेप समाचार

राज्य स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में नोजगे स्कूल के दो खिलाड़ियों ने जीते कांस्य पदक



पदक के साथ मौजूद विद्यार्थी। -जागरण मोर्चा

खटीमा। देहरादून में आयोजित राज्य स्तरीय खेल महाकुंभ ताइक्वांडो प्रतियोगिता में नोजगे पब्लिक स्कूल (हैप्पी) के दो खिलाड़ियों ने कांस्य पदक जीतकर विद्यालय का नाम रोशन किया है। 26 से 28 अक्टूबर तक आयोजित प्रतियोगिता में यशमीत राणा ने अंडर-14 बालक वर्ग के 53 किलोग्राम भार वर्ग में कांस्य पदक हासिल किया। वहीं, शुभांशी राणा ने अंडर-14 बालिका वर्ग के 47 किलोग्राम भार वर्ग में कांस्य पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। खिलाड़ियों की इस सफलता में कोच हरि सिंह का मार्गदर्शन और प्रशिक्षण महत्वपूर्ण रहा। दोनों खिलाड़ियों की उपलब्धि पर विद्यालय की प्रबंध निदेशक सुरेंद्र कौर (हैप्पी) और प्रधानाचार्य एचसी पंत ने बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि खेल विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। खिलाड़ियों की सफलता से अन्य विद्यार्थियों को भी खेलों में आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलेगी।

स्वच्छता अभियान में चमका दफ्तर, योजनाओं के प्रचार-प्रसार पर भी फोकस



फलदार और छायादार वृक्ष लगातीं महिलाएं। -जागरण मोर्चा

लखीमपुर-खीरी। कार्यालयों को स्वच्छ, सुव्यवस्थित और जनहितकारी बनाने की पहल के तहत शुक्रवार को महिला कल्याण विभाग की हब फॉर इम्पावरमेंट ऑफ वुमेन इकाई के तत्वावधान और जिला प्रोबेशन अधिकारी लवकुश भार्गव की मार्गदर्शन में एक दिवसीय विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान कार्यालय परिसर में साफ-सफाई के साथ अनुपयोगी सामग्री और कबाड़ का निस्तारण किया गया। साथ ही अभिलेखों को व्यवस्थित कर ई-कचरे के उचित संग्रहण एवं निस्तारण की व्यवस्था सुनिश्चित की गई। अभियान केवल स्वच्छता तक सीमित नहीं रहा, बल्कि महिला हितों और जनसमस्याओं के समाधान पर भी विशेष जोर दिया गया। महिला एवं आमजन की शिकायतों और समस्याओं के निस्तारण के लिए आवश्यक कार्रवाई की गई। वहीं महिला सशक्तिकरण एवं महिला कल्याण विभाग की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार कर पात्र लोगों तक योजनाओं की जानकारी पहुंचाने का प्रयास किया गया। कार्यक्रम में विकासखंड लखीमपुर की प्रशासक दिव्या सिंह ने स्वच्छता अभियान में सहभागिता की बल्कि फलदार, छायादार औषधीय पौधों का रोपण भी किया। इस दौरान हब फॉर इम्पावरमेंट ऑफ वुमेन से आर्यमित्रा विष्ट, निक्की गुप्ता, सरोजनी देवी, सेंटर मैनेजर रश्मि चतुर्वेदी एवं काउंसलर विजेता गुप्ता सहित अन्य स्टाफ मौजूद रहीं।

मिनी ट्रामा सेंटर में एक माह में 25 सफल ऑपरेशन, 767 से अधिक मरीजों को मिली राहत

जागरण मोर्चा कार्यालय

लखीमपुर-खीरी। ओयल-बेहजम रोड स्थित मिनी ट्रामा सेंटर हड्डी रोग से पीड़ित मरीजों के लिए राहत का केंद्र बनकर उभरा है। यहां हड्डियों के फ्रैक्चर और अन्य जटिल समस्याओं का उपचार किया जा रहा है। बीते एक माह में केंद्र पर छोटे-बड़े कुल 25 सफल ऑपरेशन किए गए, जबकि 767 से अधिक मरीजों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। इस दौरान आईपीडी में 28 मरीज भर्ती हुए।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संतोष गुप्ता के अनुसार, ट्रामा सेंटर में कई जटिल मामलों का सफल उपचार किया गया है। पिपराछींट, खीरी निवासी तीन वर्षीय सूर्यांश का पैर चोट लगने के बाद टूट गया था। परिजनों के मुताबिक, निजी अस्पताल में उपचार के दौरान उसकी हड्डी गलत तरीके से जुड़ गई थी, जिससे परेशानी बनी हुई थी। मिनी ट्रामा सेंटर में परीक्षण के बाद चिकित्सकों ने दोबारा ऑपरेशन किया। उपचार के बाद बच्चे की हालत में सुधार बताया जा रहा है। इसी क्रम में सीतापुर जनपद के सलारपुर गांव निवासी 55 वर्षीय गुड्डी बानो के पैर के पंजे की टूटी उंगली का 28 अक्टूबर को सफल उपचार किया गया। वहीं, पसगवां निवासी 28 वर्षीय दीपक और सड़क हादसे में पैर में फ्रैक्चर से घायल रामपुर निवासी 55 वर्षीय रितेश का भी सफल ऑपरेशन किया गया। इन मरीजों का उपचार ऑर्थोपेडिक सर्जन डॉ. हरिराम वर्मा, डॉ. फैसल अहमद, डॉ. विनोद कुमार और डॉ. शशांक मोहन सहित चिकित्सकों की टीम ने किया। टीम में एनेस्थेटिक डॉ. जयराम, ईएमओ डॉ. अमन अंसारी और डॉ. एसपी सिंह भी शामिल रहे।

किच्छा विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों को लेकर विधायक बेहड़ ने की अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक

जागरण मोर्चा कार्यालय

किच्छा। विधायक तिलक राज बेहड़ ने किच्छा विधानसभा अंतर्गत चल रहे विभिन्न विकास कार्यों की प्रगति को लेकर उत्तराखंड अर्बन सेक्टर डेवलपमेंट एजेंसी (यूएसडीएए) के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की और निर्माण कार्यों को निर्धारित समय सीमा में अच्छी गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिए। नगर स्थित विधायक कार्यालय पर यूएसडीएए संस्था के सहायक अभियंता पवन टोलिया एवं डीएससी के निर्माण प्रबंधक मुजाहिद हमीद से समीक्षा बैठक के दौरान उन्होंने विधायक बेहड़ को अवगत कराया कि किच्छा विधानसभा क्षेत्र में तीन प्रमुख बड़ी सड़कों का निर्माण कार्य पूरा कर लिया गया है, जिसमें आजाद नगर /बंगाली कॉलोनी मार्ग 2.10 किलोमीटर, सिरौली कला से पंतपुरा/अंजनिया /पटेरी डेढ़ किलोमीटर मोटर मार्ग तथा किच्छा से पनचक्की फॉर्म तक नहर किनारे 2.10 किलोमीटर संपर्क मार्ग का निर्माण शामिल है। बताया कि इसके अलावा छह प्रमुख सड़कों का निर्माण कार्य प्रगति पर है, जिसमें बंडिया भट्टा 1.5 किलोमीटर संपर्क मार्ग, नालंदा स्कूल/ गोल्ज्यू मंदिर तक 1.20 किलोमीटर मार्ग, गुरुकुल स्कूल से धर्मकांटे तक 0.50 किलोमीटर संपर्क मार्ग, किच्छा से देवरिया/ आजाद नगर 5 किलोमीटर संपर्क मार्ग तथा गैस एजेंसी/उत्तरांचल कॉलोनी सड़क निर्माण कार्य अंतिम चरण में है। विधायक बेहड़ में बताया कि नगर पालिका सिरौली कला क्षेत्र में लगभग 90 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है तथा लेफ्ट पाहा नहर/ एसबीआई से ऊपर सड़क निर्माण कार्य को गुणवत्ता के साथ तेजी से करने के यूएसडीडीए को निर्देश दिए गए हैं। विधायक बेहड़ ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि आवास विकास/बलवंत कॉलोनी सहित नगर के जिन क्षेत्रों में पाइप लाइन बिछाने का कार्य शेष है तथा सड़के क्षतिग्रस्त हुई हैं, वहां दीपावली के बाद तेजी से मरम्मत एवं निर्माण कार्य शुरू कराया जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि निर्माण कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा कार्यों को समयबद्ध तरीके से बेहतर गुणवत्ता के साथ पूरा किया जाए।



किच्छा में अधिकारियों के साथ बैठक करते विधायक तिलक राज बेहड़। -जागरण मोर्चा

कामयाबी वन विभाग दारोगा अखिलेश रावत और उनकी टीम को चार घंटे बाद मिली सफलता

शिकार के लालच में पिंजरे में कैद हुआ तेंदुआ

जागरण मोर्चा कार्यालय

निघासन-खीरी। निघासन क्षेत्र में पिछले कई दिनों से दहशत का पर्याय बना तेंदुआ आखिरकार शिकार के लालच में पिंजड़े में कैद हो गया। वन विभाग की ओर से घटनास्थल के पास पिंजड़ा लगाए जाने के करीब चार घंटे के भीतर तेंदुआ उसमें फंस गया। तेंदुए के पिंजड़े में कैद होने की सूचना मिलते ही ग्रामीणों ने राहत की सांस ली।

मामला वन क्षेत्र लुधौरी के अंतर्गत ढकरेवा खालसा का है। जानकारी के अनुसार, क्षेत्र में कई दिनों से तेंदुए की आवाजाही बनी हुई थी। इसी दौरान तेंदुए ने गांव टापरपुरवा मजरा ढकरेवा खालसा निवासी छोटेलाल पुत्र खेमन के घर के पास एक आवारा पशु पर हमला कर उसे मार डाला। इसके बाद तेंदुआ पशु को खींचकर पास स्थित केले के खेत में ले गया, जहां उसने उसके शव को आंशिक रूप से खा लिया। घटना के बाद तेंदुआ मौके से निकल गया। वन विभाग की टीम ने मृत पशु के शव को नियमानुसार जमीन में दफन करा दिया। तेंदुए की लगातार मौजूदगी और शिकार की घटना से ग्रामीणों में भय का माहौल बना हुआ था। ग्रामीणों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने तेंदुए की गतिविधियों पर नियंत्रण रखने तथा किसी अप्रिय घटना को रोकने के लिए पिंजड़ा लगाए जाने की मांग की थी। ग्रामीणों की मांग और सुरक्षा को देखते हुए वन विभाग ने घटनास्थल के समीप तेंदुए को सुरक्षित रेस्क्यू करने के लिए पिंजड़ा लगाया। वन विभाग की रणनीति सफल रही और पिंजड़ा लगाए जाने के करीब चार घंटे के भीतर तेंदुआ शिकार के लालच में पिंजड़े में कैद हो गया। कार्रवाई की निगरानी दक्षिण निघासन रेंज के क्षेत्रीय वन अधिकारी मोहम्मद मोबिन आरिफ के दिशा-निर्देशन में की गई। इस दौरान वन दरोगा अखिलेश रावत, वन रक्षक कमलकांत, वन्यजीव रेस्क्यूअर अक्षय मौर्य, मनोज चौरसिया और चालक राजन सहित वन विभाग की टीम लगातार निगरानी में जुटी रही। वन विभाग की टीम ने ग्रामीणों को तेंदुए की संभावित गतिविधियों को लेकर सतर्क रहने, अनावश्यक रूप से घरों से बाहर न निकलने तथा जरूरी सुरक्षा सावधानियां बरतने के लिए जागरूक किया। तेंदुए के पिंजड़े में कैद होने के बाद क्षेत्र के ग्रामीणों ने राहत महसूस की है। अब वन विभाग की ओर से नियमानुसार आगे की रेस्क्यू प्रक्रिया पूरी की जाएगी।



पिंजरे में कैद तेंदुआ। -जागरण मोर्चा

कार्यालय ग्राम पंचायत अमेठी, विकास खंड, धौरहरा-खीरी

मेमो/निविदा/राज्य वित्त आयोग/वर्ष 2026-27 दिनांक- 16-10-2026

अल्पकालीन निविदा सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम निधि योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत के कार्यालय में निर्माण हेतु निम्न दरों पर केवल सामग्री आपूर्ति हेतु पंजीकृत स्थानीय फर्म जिनका आयकर वाणिज्य कर विभाग में पंजीकृत हो। सील बन्द निविदा दिनाँक 17-10-2026 से 24-10-2026 अपराह्न 12 बजे तक आमंत्रित की जाती है। जो दिनाँक 24-10-2026 को सायं 2 बजे सम्बंधित कार्यालय में निविदादाता/प्रतिनिधि व समिति के समक्ष खोली जायेगी।

क्र0 सं0	कार्य का नाम	सामग्री	दर	अनुमानित लागत
1	अमेठी गौशाला में पटंजा का निर्माण कार्य	ईंटा- 275 नग	दर- 7.00/-	255211.00/-

निविदा की शर्तें-

1. निविदा फार्म क्रय की जाने वाली सामग्री सम्बन्धित दिशा-निर्देश अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में निविदा मूल्य के साथ जमा करके प्राप्त किये जा सकतें हैं।
2. किसी भी वाद-विवाद की दशा में जनपद न्यायालय लखीमपुर खीरी होगा।
3. निविदा /स्वीकृत/निरस्त करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा।
4. सामग्री आपूर्ति कार्य स्थल पर ही की जायेगी।

प्रशासक
जुगुल किशोर वर्मा
ग्राम पंचायत अमेठी
विकास खंड-धौरहरा-खीरी

सचिव
नवल किशोर वर्मा
ग्राम पंचायत अमेठी
विकास खंड- धौरहरा-खीरी

जागरण मोर्चा

www.jagranmorchadaily@gmail.com





पीलीभीत

11

लखनऊ, शनिवार, 31 अक्टूबर 2026

एक नजर

कहासुनी में युवक पर फावड़े और तलवार से हमला

पूरनपुर/घुंघचाई। थाना घुंघचाई क्षेत्र के हरीपुर गांव में मामूली कहासुनी को लेकर एक युवक पर फावड़े और तलवार से हमला किए जाने का मामला सामने आया है। घटना में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया। जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। कोतवाली क्षेत्र के गांव घाटमपुर निवासी सरवन सिंह पुत्र कश्मीर सिंह ने घुंघचाई थाने पर दी गई तहरीर में बताया गया है कि 28 अक्टूबर 2026 की रात करीब 1:30 बजे उनके भांजे अमृतपाल सिंह पुत्र गुरुप्रीत सिंह अपने घर में पिता गुरुप्रीत सिंह और भाई अर्शदीप सिंह के साथ लेटे हुए थे। आरोप है कि मामूली कहासुनी के बाद अमृतपाल के सगे भाई अर्शदीप और पिता गुरुप्रीत सिंह ने फावड़े व तलवार से उस पर हमला कर दिया। हमले में अमृतपाल गंभीर रूप से घायल हो गया। शोर सुनकर हरदेव सिंह निवासी हरीपुर तथा हरजिंदर सिंह निवासी थरुआन मौके पर पहुंचे। उन्होंने घायल युवक को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) पूरनपुर पहुंचाया।

जंगली हाथी ने पूरनपुर नगर में मचाया जमकर उत्पात

कैंटीन की झोपडी और रैन गेज की तारफेसिंग को किया तहस नहस

जागरण मोर्चा कार्यालय

पूरनपुर। जंगली हाथी ने नगर में जमकर उत्पात मचाया। सहकारी गन्ना समिति पर कैंटीन की झोंपड़ी को तहश नहश कर डाला। इसके अलावा नगर के ही बाल विकास परियोजना अधिकारी कार्यालय के पास लगे रेन गेज की तारफेंसिंग क्षतिग्रस्त कर दी। हाथी नगर की सड़कों, कॉलोनियों और सरकारी कार्यालयों के आसपास घूमता रहा। इस दौरान सैकड़ों लोग हाथी को देखने के लिए जुट गए। पुलिस और वन विभाग की टीमों को भीड़ हटाने में कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। गनीमत रही कि कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ। हाथी विधायक के आवास वाली गली से होते हुए कोतवाली रोड, हरनरायनपुरम कॉलोनी और ब्लॉक रोड तक पहुंचा। इसके बाद सहकारी गन्ना समिति, कब्रिस्तान, खंड विकास कार्यालय और बाल विकास परियोजना अधिकारी कार्यालय परिसर के आसपास घूमता रहा। हाथी एसडीएम और सीओ आवास के सामने से भी दो बार निकला। हाथी की मौजूदगी की सूचना पर लोग घरों से निकलकर सड़कों पर आ गए। पुलिस और वन विभाग की टीमों ने एनाउंसमेंट कर लोगों को दूर रहने की चेतावनी दी। लेकिन भीड़ पीछे हटने को तैयार नहीं थी। कुछ लोगों ने शोर-शराबा किया और हाथी पर डंडे भी फेंके। कोतवाली रोड पर हाथी के पास से गुजर रहा बाइक सवार बाल-बाल बचा, हाथी ब्लॉक रोड से निकलकर सिमरिया, लालपुर, उदयपुर खुर्द और बिलहरी होते हुए हरीपुर जंगल की ओर चला गया। जंगल तक उसके पैरों के निशान मिले हैं। नगर में हाथी के घुसने की सूचना पर सामाजिक वानिकी के अलावा पीलीभीत और बीसलपुर रेंज की टीमें भी पहुंच गई थीं। एसडीओ के नेतृत्व में वन विभाग की टीम हाथी की गतिविधियों पर नजर रखती रही। पुलिस को भी भीड़ नियंत्रित करने में काफी मशक्कत करनी पड़ी, सामाजिक वानिकी के रेंजर सोवरन लाल ने बताया कि बुधवार रात करीब साढ़े दस बजे हाथी के नगर में पहुंचने की सूचना मिली थी। वह ब्लॉक कार्यालय की ओर से निकलकर गांवों के रास्ते हरीपुर जंगल पहुंच गया। हाथी के भीरा रेंज की ओर जाने की जानकारी मिली है। उन्होंने बताया कि हाथी अपने दो साथियों से बिछड़ने के बाद उनसे मिलने के लिए जंगल से बाहर निकला था। इसको लेकर खलवली मची रही।



हाथी द्वारा तहस नहस की गई तारफेसिंग। –जागरण मोर्चा



नगर में घूमता हाथी। –जागरण मोर्चा

संक्षेप समाचार

धोखाधड़ी कर 17.50 लाख रुपये हड़पने का आरोप, पीड़ित ने सीओ को पत्र देकर लगाई न्याय की गुहार

पूरनपुर। रिस्तेदार ने युवक से धोखाधड़ी कर लाखों रुपये की ठगी कर ली, रुपये वापस मांगने पर धमकी दी, पीडित ने पुलिस क्षेत्राधिकारी को शिकायती पत्र देकर कार्यवाही की मांग की है। घुंघचाई थाना क्षेत्र के गांव खानपुर चुकटिहाई निवासी अमरजीत ग्राम पंचायत में संविदा पर ग्राम रोजगार सेवक के पद पर कार्यरत है। आरोप है कि लखीमपुर खीरी जनपद के निवासी दो लोगों ने जमीन खरीदने और मुंबई से संबंधित कारोबार के लिए रुपयों की आवश्यकता बताकर उससे रुपये लिए थे। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि आरोपियों ने रुपये वापस करने और ब्याज सहित भुगतान करने का आश्वासन दिया था। पत्र में शिकायतकर्ता ने बताया कि उसने अलग-अलग तारीखों पर विभिन्न बैंक खातों के माध्यम से कुल 17 लाख 50 हजार रुपये ट्रांसफर किए, आरोपियों ने कुछ रकम वापस की, लेकिन शेष राशि अब तक नहीं लौटाई। शिकायतकर्ता का दावा है कि लगभग 10 वर्ष बीत जाने के बावजूद उसकी पूरी रकम वापस नहीं की गई है। शिकायतकर्ता ने यह भी आरोप लगाया है कि जब उसने बकाया रकम मांगी तो उसे कथित रूप से धमकी दी गई और रुपये लौटाने से इनकार कर दिया गया।शिकायतकर्ता अमरजीत ने सीओ को पत्र देकर पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने, कथित लेनदेन से संबंधित बैंक रिकॉर्ड और संदेशों की जांच करने तथा आरोप सही पाए जाने पर संबंधित लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

दहेज के लिए विवाहिता को बच्चे सहित घर से निकाला, पुलिस ने तहरीर के आधार पर दर्ज किया मुकदमा

पूरनपुर। अतिरिक्त दहेज की मांग पूरी न होने पर विवाहिता को प्रताड़ित कर आठ माह के बच्चे के साथ घर से निकाल दिया। मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। माधोटांडा निवासी अंजली देवी ने बताया कि उसकी शादी 17 फरवरी 2025 को गांव के ही अरुण कुमार के साथ हुई थी। जिसमे मायके पक्ष ने अपनी सामर्थ के अनुसार दहेज दिया था। आरोप है कि शादी के बाद पति अरुण, ससुर प्रभुदयाल, सास हसमुखी और ननद चांदनी कम दहेज लाने के ताने देकर एक लाख रुपये और मोटरसाइकिल की मांग करने लगे। पीड़िता ने बताया कि दिसंबर 2025 में गर्भवती होने के दौरान ससुराल वालों ने उसके साथ मारपीट कर घर से निकाल दिया था। इसके बाद उसने मायके में बच्चे को जन्म दिया। काफी पंचायत होने के बाद ससुराल वाले उसे वापस ले गए, लेकिन कुछ समय बाद फिर से दहेज की मांग कर प्रताड़ित करने लगे। छह सितंबर 2026 को ससुराल वालों ने अतिरिक्त दहेज की मांग करते हुए उसके साथ मारपीट की और आठ माह के बच्चे घर से निकाल दिया।वापस आने पर जान से मारने की धमकी दी। मामले की शिकायत माधोटांडा पुलिस से की गई। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। सीओ विधि भूषण मौर्य ने बताया कि थाना पुलिस को साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई पूरी करने के निर्देश दिए गए हैं।

नशे के कारोबार पर पूरनपुर पुलिस की बड़ी स्ट्राइक 2.060 किलो गांजे के साथ 24 वर्षीय युवक गिरफ्तार



गांजे के साथ गिरफ्तार युवक। –जागरण मोर्चा

पूरनपुर। जनपद में नशीले पदार्थों की तस्करी और बिक्री पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत पूरनपुर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है पीलीभीत रोड स्थित रोडवेज बस स्टैंड के पास पुलिस टीम ने घेराबंदी कर 24 वर्षीय युवक को 2.060 किलोग्राम अवैध गांजे के साथ गिरफ्तार किया है इस कार्रवाई से क्षेत्र में नशीले पदार्थों के अवैध कारोबार से जुड़े लोगों में खलबली मच गई है। 30 अक्टूबर 2026 को पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि पीलीभीत रोड स्थित रोडवेज बस स्टैंड के पास एक व्यक्ति अवैध गांजा लेकर जा रहा है सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने तत्काल मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और शिवम उर्फ मिंटू पुत्र चन्द्रभान गुप्ता उम्र 24 वर्ष निवासी कायस्थान वार्ड नंबर 09 कस्बा व थाना पूरनपुर को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 2.060 किलोग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी अपने पिता के साथ भांग की दुकान पर सेल्समैन के रूप में काम करता था और दुकान की आड़ में कथित रूप से अवैध गांजे की बिक्री करता था पुलिस ने थाना पूरनपुर में मुकदमा अपराध संख्या 449/2026, धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर आरोपी के विरुद्ध विधिक कार्रवाई की। मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित दुकान के लाइसेंस निरस्तीकरण के लिए आबकारी विभाग को पत्राचार किया गया है अब आबकारी विभाग की कार्रवाई पर निगाहें टिकी हैं कार्रवाई करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक अनुज कुमार उपनिरीक्षक राजेन्द्र कुमार मुख्य आरक्षी आशीष मिश्रा आरक्षी श्याम सिंह एवं आरक्षी सौरभ कुमार शामिल रहे।

पांच साल की किरायेदारी खत्म, फिर भी कब्जा बरकरार

जागरण मोर्चा कार्यालय

पूरनपुर। पैतृक भूमि और ईंट-भट्ठे को पांच वर्ष की निर्धारित किरायेदारी अवधि पूरी होने के बाद भी खाली नहीं किए जाने और जमीन पर जबरन कब्जा बनाएं रखने का आरोप बुजुर्ग किसान नें दबंग किस्म के लोगों पर लगाया है। इस संबंध में मुख्यमंत्री को शिकायत पत्र भेजकर न्याय की गुहार लगाई है। सेहरामऊ उत्तरी थाना क्षेत्र के गांव केसरपुर कलां खाड़ेपुर निवासी छुट्टू पुत्र ठकुरी ने सीएम पोर्टल पर दर्ज कराई शिकायत में बताया है कि उनके गांव में उनकी पैतृक भूमि गाटा संख्या 2760 में स्थित है। इसका कुल रकबा करीब 11 बीघा है। इसी भूमि पर ईंट-भट्ठा स्थापित है। भूमि और ईंट-भट्ठे में उनका आधा हिस्सा है, जबकि शेष आधे हिस्से पर उनके भतीजे का अधिकार है। करीब पांच वर्ष पहले उनके भतीजे ने अपने हिस्से की भूमि और ईंट-भट्ठे को बरेली जनपद के मीरगंज थाना क्षेत्र के शीशगढ़ देहात निवासी अमीर अहमद पुत्र अब्दुल हबीब को पांच वर्ष की अवधि के लिए किराये पर दिया था। उस समय भतीजे ने पीड़ित बुजुर्ग किसान से भी अपने हिस्से के ईंट-भट्ठे के उपयोग की सहमति देने को कहा था। भतीजे ने भरोसा दिलाया था कि इससे उन्हें भी समय-समय पर किराया मिलता रहेगा।पीड़ित का कहना है आपसी विश्वास के आधार पर उन्होंने भी अपने हिस्से के ईंट-भट्ठे के उपयोग की सहमति दे दी थी। हालांकि, उनके और संबंधित व्यक्ति के बीच उनके हिस्से को लेकर कोई लिखित किरायानामा या अन्य लिखित अनुबंध नहीं किया गया था। उनकी सहमति आपसी विश्वास के आधार पर हुई थी। आरोप है कि पांच वर्ष की निर्धारित अवधि पूरी हो जाने के बावजूद संबंधित व्यक्ति ने उनकी भूमि और ईंट-भट्ठे को खाली नहीं किया है। और न ही उन्हें कोई किराया दिया गया। दबंगई के बल पर जमीन पर जबरन कब्जा बनाएं हुए है। इसके चलते वह अपनी ही पैतृक संपत्ति का उपयोग करने और उससे होने वाली आय प्राप्त करने से वंचित हैं। पीड़ित का कहना है कि उन्होंने इस संबंध में थाना सेहरामऊ उत्तरी में भी शिकायत की, लेकिन अब तक समस्या का समाधान नहीं हो सका। अब उन्होंने मुख्यमंत्री को प्रार्थना पत्र भेजकर कार्रवाही की मांग की है।

पिता की मौत के बाद शपथपत्र से की गई छेड़छाड़ वरिष्ठ सहायक पर नहीं हुई कार्रवाई, सीएम से शिकायत

जागरण मोर्चा कार्यालय

पूरनपुर। लोक निर्माण विभाग में मृतक कर्मचारी की विभागीय देय धनराशि के भुगतान से जुड़े मामले में विभागीय जांच में गंभीर अनियमितताएं सामने आने के बावजूद पीड़ित को न्याय नहीं मिल सका है। धनराशि के भुगतान से संबंधित सहमति शपथपत्र में कथित रूप से छेड़छाड़ की गई थी। थाना सेहरामऊ उत्तरी क्षेत्र की ग्राम पिपरा मुजप्ता निवासी सुरेश चन्द्र ने सीएम पोर्टल पर दर्ज कराई शिकायत में बताया है कि उनके पिता बाबूराम लोक निर्माण विभाग में कार्यरत थे। उनकी मृत्यु के बाद विभाग से मिलने वाली ग्रेच्युटी, अवकाश नकदीकरण, वेतन और अन्य देय धनराशि के भुगतान को लेकर गंभीर आरोप लगाएं है। आरोप है कि उनके भाई रामकिशन और लोक निर्माण विभाग में तैनात वरिष्ठ सहायक पंकज शर्मा की मिलीभगत से पारिवारिक सहमति के विपरीत सहमति शपथपत्र में कथित रूप से बदलाव किया गया। इससे उनके अधिकार प्रभावित हुए।पीड़ित के अनुसार, उन्होंने सात अक्तूबर 2024 को जिलाधिकारी के समक्ष ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत के बाद अधिशासी अभियंता, प्रांतीय खंड, लोक निर्माण विभाग की ओर से 14 अक्तूबर 2024 को जांच समिति गठित की गई। समिति की 21 नवंबर 2024 की जांच आख्या में सहमति शपथपत्र के बिंदु संख्या तीन में लिखे वाक्य 'ग्रेच्युटी का आधा भाग भाई को दिया जाये' को बाद में अलग से जोड़े जाने और उसका टाइपिंग फॉन्ट अलग होने का उल्लेख किया गया। शिकायतकर्ता के मुताबिक, जांच में वरिष्ठ सहायक पंकज शर्मा की भूमिका पर भी गंभीर सवाल उठे और शासकीय अभिलेखों से छेड़छाड़ तथा पदीय दायित्वों के उल्लंघन की बात दर्ज की गई। पीड़ित का कहना है कि 10 फरवरी 2025 तक जांच पूरी हो चुकी थी। उनके अनुसार, संबंधित कर्मचारी के विरुद्ध उत्तर प्रदेश सरकारी सेवक (अनुशासन एवं अपील) नियमावली, 1999 के नियम सात के तहत अनुशासनिक कार्यवाही शुरू करने का आदेश भी जारी किया गया था। इसके बावजूद अब तक अंतिम कार्रवाई नहीं होने से उन्हें न्याय के लिए कार्यालयों के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। आरोप लगाया कि उन्होंने 19 जून 2026 को सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत संबंधित विभाग से सूचना मांगी थी, लेकिन उन्हें अपेक्षित जानकारी नहीं मिली।

डीएम ने पूरनपुर मंडी पहुंचकर केंद्रों का किया निरीक्षण

मंडी पहुंच कर धान खरीद की जानी हकीकत, हडकंप

जागरण मोर्चा कार्यालय

पूरनपुर। शुक्रवार को जिलाधिकारी आलोक कुमार अचानक नगर की मंडी समिति पहुंच गए। उनके साथ डिप्टी आरएमओ प्रज्ञा शर्मा भी मौजूद रहीं। जिलाधिकारी के अचानक मंडी पहुंचने से वहां मौजूद अधिकारियों और कर्मचारियों में खलबली मच गई। डीएम ने मंडी समिति परिसर में संचालित धान खरीद केंद्र का निरीक्षण कर खरीद व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों से धान खरीद की प्रगति के संबंध में जानकारी हासिल की। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने केवल अधिकारियों से ही जानकारी नहीं ली, बल्कि मौके पर मौजूद किसानों से भी सीधे बातचीत की। उन्होंने किसानों से पूछा कि सरकारी धान खरीद केंद्रों पर धान बेचने में उन्हें किसी प्रकार की परेशानी तो नहीं हो रही है। किसानों ने जिलाधिकारी के सामने अपनी समस्याएं रखते हुए धान खरीद से संबंधित दिक्कतों से अवगत कराया। किसानों ने अपनी बात खुलकर रखी और खरीद प्रक्रिया के दौरान आने वाली परेशानियों की जानकारी दी।जिलाधिकारी ने किसानों की बातों को गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने मंडी परिसर में धान खरीद से जुड़ी व्यवस्थाओं का बारीकी से निरीक्षण किया। इस दौरान क्रय केंद्र पर मौजूद व्यवस्थाओं की जानकारी लेते हुए अधिकारियों से खरीद प्रक्रिया के संबंध में भी पूछताछ की। डीएम ने निर्देश दिए कि किसानों को धान बेचने में किसी तरह की अनावश्यक परेशानी नहीं होनी चाहिए और खरीद प्रक्रिया को व्यवस्थित ढंग से संचालित किया जाए। धान खरीद को लेकर जिलाधिकारी के इस निरीक्षण से मंडी समिति में काफी देर तक हलचल बनी रही। अधिकारियों और कर्मचारियों में निरीक्षण को लेकर सक्रियता दिखाई दी। डीएम के मंडी पहुंचने की जानकारी मिलते ही वहां मौजूद लोगों में भी चर्चा शुरू हो गई। जिलाधिकारी ने मंडी का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए और व्यवस्थाओं को लेकर जानकारी हासिल की।



निरीक्षण करते डीएम आलोक कुमार। –जागरण मोर्चा

पूरनपुर-शेरपुर कलां मार्ग पर फैला झाड़ियों का साम्राज्य

जागरण मोर्चा कार्यालय

शेरपुर कलां। लोक निर्माण विभाग (PWD) की उदासीनता के चलते पूरनपुर से शेरपुर कलां होते हुए धनारा घाट जाने वाला मार्ग यात्रियों के लिए जोखिम भरा साबित हो रहा है। सड़क के दोनों किनारों पर उगी बेतहाशा झाड़ियों और पेड़ों के कारण यहां जंगल जैसा माहौल बन गया है, जिससे आवागमन करने वाले लोग दहशत में जीने को मजबूर हैं। क्षेत्रीय निवासी टीचर शाहनवाज अहमद खां ने PWD विभाग के अवर अभियंता को पत्र देकर समस्या से अवगत कराया है। उनका कहना है कि सड़क किनारे फैली घनी झाड़-झंखाड़ के कारण वाहनों को साइड देने में भारी परेशानी होती है। झाड़ियों की टहनियां सीधे राहगीरों के चेहरों पर लगती हैं। इससे भी बड़ी चिंता का विषय यह है कि इलाके में जंगली हाथियों का आतंक पहले से है। ऐसे में इन झाड़ियों की आड़ में किसी भी वक्त कोई जंगली जानवर छिपकर हमला कर सकता है।

कार्यालय नगर पालिका परिषद, पूरनपुर (पीलीभीत)

पत्रांक- 784 (C) / न0पा0परि0पू0 2026-27 दिनांक :-29.10.2026

सार्वजनिक नीलामी सूचना

एतद्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद पूरनपुर का निकट कोतवाली, पूरनपुर स्थित माडयूलर टॉयलेट, पिंक शौचालय (महिला) एवं सार्वजनिक शौचालय (पुरूष) को वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु ठेके पर दिये जाने के लिए सार्वजनिक नीलामी दिनांक - 17.11.2026 को अपरान्ह 01:00 बजे खुली बोली द्वारा कार्यालय नगर पालिका परिषद पूरनपुर के सभागार में की जायेगी, जिसमें इच्छुक बोलीदाता पात्रता की श्रेणी में आने के पश्चात् प्रत्येक शौचालय की जमानत धनराशि रूपया 25000.00 (रू0 पच्चीस हजार रू0) नकद जमा कर बोली में भाग ले सकते है। उच्चतम बोलीदाता को बोली की सम्पूर्ण धनराशि तत्काल जमा करनी होगी। जमानत धनराशि दिनांक 17.11.2026 को अपरान्ह 12:00 बजे तक जमा करना अनिवार्य होगा। अन्तिम रूप से बोली को स्वीकृत / अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा। नीलामी से सम्बन्धित नियम व शर्तें कार्यालय नगर पालिका परिषद पूरनपुर में किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

(एजाज अहमद)
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद
पूरनपुर (पीलीभीत)

(शैलेन्द्र गुप्ता)
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद
पूरनपुर (पीलीभीत)

कार्यालय नगर पालिका परिषद पूरनपुर - पीलीभीत

पत्रांक-782 /न0पा0परि0पू0/ई-टेन्डर / निर्माण / दिनांक-29.10.2026

अल्पकालीन ई-निविदा सूचना

राज्य वित्त आयोग / पालिका निधि योजना की धनराशि से ई - निविदा दिनांक 20.11.2026 को साय 5:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है जो निविदा समिति द्वारा दिनांक 21.11.2026 को खोली जायेगी जिसके लिए ई - निविदा प्रपत्र उ0प्र0 की ई - प्रोक्योरमेंट की बेवसाइट https://etender.up.nic.in में अपलोड कर दी गई है टैक्नीकल विड खुलने के बाद फाइनेनशियल बिड खोली जायेगी एवं अन्य शर्तें की किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय नगर पालिका परिषद - पीलीभीत में देखी जा सकती है व पालिका के नोटिस बोर्ड पर चस्पा है।

विड प्रकाशित होने की तिथि-	30.10.2026
ऑनलाइन विड डाउनलोड / अपलोड करने की तिथि-	30.10.2026
विड अपलोड करने की अन्तिम तिथि-	20.11.2026 सायं 5:00 बजे तक
टैक्नीकल विड खुलने की तिथि-	21.11.2026

(एजाज अहमद)
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद
पूरनपुर- पीलीभीत

(शैलेन्द्र गुप्ता)
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद
पूरनपुर- पीलीभीत

आयोजन योग, एनसीसी परेड, पीटी डिस्प्ले और 'लीडर्स ऑफ पीस' की झांकी ने मोहा मन, 374 अंकों के साथ ब्लू हाउस रहा प्रथम

सेंट जोसेफ स्कूल में 'एकत्व' स्पोर्ट्स डे का भव्य आयोजन, ब्लू हाउस ने जीती ओवरऑल चैंपियनशिप

जागरण मोर्चा कार्यालय

पूरनपुर। नगर के सेंट जोसेफ स्कूल में शुक्रवार को एनुअल स्पोर्ट्स डे एंड पीटी डिस्प्ले का भव्य आयोजन किया गया। 'एकत्व' नाम से आयोजित इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने मार्चपास्ट, योग, पीटी डिस्प्ले और विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं के माध्यम से अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। रंगारंग प्रस्तुतियों ने अभिभावकों और अतिथियों का मन मोह लिया। प्रतियोगिताओं में 374 अंकों के साथ ब्लू हाउस ने ओवरऑल चैंपियनशिप अपने नाम की, जबकि 320 अंकों के साथ ग्रीन हाउस दूसरे स्थान पर रहा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक विजय सिंह यादव तथा विशिष्ट अतिथि क्षेत्राधिकारी विधि भूषण मौर्य को आमंत्रित किया गया था, लेकिन अपरिहार्य कारणों से वे कार्यक्रम में शामिल नहीं हो सके। शुरुआत में अभिभावकों और अतिथियों का स्वागत किया गया। इसके बाद कक्षा आठ, नौ और 11 के विद्यार्थियों तथा एनसीसी कैडेट्स ने अनुशासित मार्चपास्ट प्रस्तुत किया। ध्वजारोहण के बाद ओलंपिक मशाल को विधिवत घुमाया गया और खिलाड़ियों ने खेल भावना एवं अनुशासन के साथ प्रतियोगिताओं में भाग लेने की शपथ ली। विद्यार्थियों ने स्कूल एंथम गाया, जिसके बाद प्रार्थना नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति हुई। इस अवसर पर फादर विजय ने खेल प्रतियोगिताओं के शुभारंभ की घोषणा की। इसके बाद एथलेटिक्स के फाइनल मुकाबले आयोजित किए गए। कक्षा तीन, चार और पांच के विद्यार्थियों ने योगाभ्यास की शानदार प्रस्तुति दी, जिसे उपस्थित लोगों ने खूब सराहा। बालिका वर्ग की 100 मीटर दौड़ में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। वहीं, नर्सरी और यूकेजी के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने आकर्षक पीटी डिस्प्ले प्रस्तुत कर दर्शकों की खूब तालियां बटोरीं। 'लीडर्स ऑफ पीस' विषय पर प्रस्तुत झांकी भी आकर्षण का प्रमुख केंद्र रही, जिसने अभिभावकों को विशेष रूप से प्रभावित किया। विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं के विजेताओं को स्कूल मैनेजर फादर ग्रेगरी मस्क्रेनहस, प्रधानाचार्या सिस्टर रेम्या, फादर जूलियन डिसूजा, फादर संतोष क्रासता, फादर अभिनव और फादर मनोज ने सम्मानित किया। प्रतियोगिताओं के दौरान अभिभावकों में खासा उत्साह देखने को मिला। विद्यार्थियों के प्रदर्शन पर दर्शकों ने तालियां बजाकर उनका उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम की रनिंग कमेंट्री प्रशांत भारद्वाज, उमैर, शिवांगी सिंह और कृतिका ग्वाल ने संभाली। रिकॉर्ड कीपिंग का दायित्व श्याम बिहारी और हेमा नेगी ने निभाया। कार्यक्रम की समन्वयक भारती पांडेय और कोमल गुप्ता रहीं। एनसीसी कैडेट्स की प्रस्तुति राजीव सिंह गौर के निर्देशन में हुई। अंशु गुप्ता, रियाज अहमद खान, साक्षी भारद्वाज, नीलम सिंह, रोहन जायसवाल और प्रीति ने अतिथियों का स्वागत किया।



सेंट जोसेफ़ स्कूल में स्पोर्ट्स डे पर कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे। –जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा
www.jagranmorchadaily@gmail.com



न्यूजीलैंड ने भारत को 87 रनों से हराया, डफी की शानदार गेंदबाजी

जागरण मोर्चा कार्यालय

ऑकलैंड। न्यूजीलैंड ने चौथे टी20 मुकाबले में भारत को हरा दिया है। टीम इंडिया हालांकि, पांच मैचों की सीरीज में 3-1 से आगे है। न्यूजीलैंड ने इस मैच में बल्ले के साथ-साथ गेंदबाजी में भी प्रभावित किया। न्यूजीलैंड ने चौथे टी20 मुकाबले में भारतीय टीम को 87 रनों से हरा दिया है। न्यूजीलैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में सात विकेट पर 259 रन बनाए। जवाब में भारतीय टीम 20 ओवर में नौ विकेट पर 172 रन ही बना सकी। टीम इंडिया हालांकि, पांच मैचों की सीरीज में 3-1 से आगे है। न्यूजीलैंड के लिए इस मैच में जहां ग्लेन फिलिप्स ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए शतक लगाया, जबकि गेंदबाजी में जैकब डफी ने दमदार प्रदर्शन किया।

भारत के लिए तिलक वर्मा ने सबसे ज्यादा 35 रन बनाए, जबकि नमन धीर 28 रन बनाकर आउट हुए। भारत की ओर से अभिषेक शर्मा ने 27, श्रेयस अय्यर ने 22, नीतीश रेड्डी ने 21 और अक्षर पटेल ने सात रन बनाए। प्रिंस यादव 18 रन बनाकर नाबाद रहे, जबकि मयंक यादव तीन रन बनाकर नाबाद लौटे। न्यूजीलैंड के लिए जैकब डफी को चार विकेट मिले। वहीं, मैथ्यू फिशर और मिचेल सैंटनर को दो-दो विकेट मिले। एडम मिल्ने ने एक विकेट लिया। तिलक वर्मा के रूप में भारत को नौवां झटका लगा है। तिलक 35 गेंदों पर 16 चौकों और तीन छक्कों की मदद से 35 रन बनाकर आउट हुए। तिलक को मैथ्यू फिशर ने अपना शिकार बनाया। भारत ने न्यूजीलैंड के खिलाफ आठ विकेट गंवा दिए हैं, लेकिन तिलक वर्मा क्रीज पर टिके हुए हैं। भारत ने 16 ओवर की समाप्ति तक आठ विकेट पर 144 रन बनाए हैं।



तिलक और प्रिंस के बीच साझेदारी पनप रही है।

जैकब डफी ने लगातार दो गेंदों पर दो विकेट लिए। उन्होंने पहले नमन धीर को आउट किया और अगली ही गेंद पर अर्शदीप को पवेलियन भेजा। अर्शदीप खाता भी नहीं खोल सके। हालांकि, जैकब डफी हैट्रिक पूरी नहीं कर सके। भारत को नमन धीर के रूप में सातवां झटका लगा है। नमन और तिलक के बीच अच्छी साझेदारी पनप रही थी, लेकिन जैकब डफी गेंद पर नाथन स्मिथ ने शानदार कैच पकड़ा। नमन 13 गेंदों पर दो चौकों और दो छक्कों की मदद से 28 रन बनाकर आउट हुए। सैंटनर ने अक्षर पटेल को आउट कर भारत को छठा झटका दिया है। अक्षर नौ गेंदों पर एक चौके की मदद से सात रन बनाकर आउट हुए। मिचेल सैंटनर ने नीतीश रेड्डी को आउट कर भारत को पांचवां झटका दिया है। 86 रन के स्कोर पर भारत की आधी टीम पवेलियन लौट गई है। सैंटनर का टी20 में यह 150वां विकेट है। नीतीश और अक्षर पटेल के बीच साझेदारी पनप रही थी, लेकिन सैंटनर ने इसे तोड़ दिया। नीतीश 10 गेंदों पर दो छक्कों की मदद से 21 रन बनाकर आउट हुए। भारत को चौथा झटका एडम मिल्ने ने दिया। उन्होंने श्रेयस अय्यर को बोल्ड किया। वह 11 गेंदों में 22 रन बनाकर आउट हुए। अब अक्षर का साथ देने नीतीश रेड्डी आए हैं। भारत को तीसरा झटका मैथ्यू फिशर ने दिया। उन्होंने अभिषेक शर्मा को सैंटनर के हाथों कैच कराया। वह 15 गेंदों में 27 रन बनाकर आउट हुए। अब बल्लेबाजी के लिए अक्षर पटेल आए हैं। भारत को पहले ही ओवर में दूसरा झटका लगा है। ईशान किशन बिना खाता खोले पवेलियन लौट गए। उन्हें जैकब डफी ने कॉट एंड बोल्ड किया। अब बल्लेबाजी के लिए कप्तान श्रेयस अय्यर आए हैं। भारत को पहला झटका जैकब डफी ने दिया। उन्होंने सैमसन को सीफर्ट के हाथों कैच कराया। वह सिर्फ चार रन बना सके। अब बल्लेबाजी के लिए ईशान किशन आए हैं। भारत की पारी शुरू हो चुकी है। अभिषेक शर्मा और संजू सैमसन क्रीज पर मौजूद हैं। न्यूजीलैंड ने ग्लेन फिलिप्स और माइकल ब्रेसवेल की शानदार पारियों के दम पर भारत को 260 रनों का लक्ष्य दिया है। भारत ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला लिया। न्यूजीलैंड ने 20 ओवर में सात विकेट पर 259 रन बनाए। कीवी टीम की ओर से फिलिप्स ने 107 और ब्रेसवेल ने 65 रनों की पारी खेली। इन दोनों बल्लेबाजों के बीच पांचवें विकेट के लिए 115 रनों की साझेदारी हुई। फिलिप्स और ब्रेसवेल की धुआंधार पारी के दम पर ही न्यूजीलैंड विशाल लक्ष्य देने में सफल रहा। न्यूजीलैंड के लिए फिलिप्स और ब्रेसवेल के अलावा फिन एलेन ने 31, डेरिल मिचेल ने 24, बेवोन जैकब ने 7, मिचेल सैंटनर ने 5 और टिम सीफर्ट ने 3 रन बनाए। नाथन स्मिथ नाबाद 6 और एडम मिल्ने 1 रन बनाकर नाबाद रहे। भारत की ओर से मयंक यादव ने सबसे ज्यादा तीन विकेट लिए, जबकि अर्शदीप सिंह, प्रिंस यादव, नीतीश रेड्डी और अक्षर पटेल को एक-एक विकेट मिला। नीतीश रेड्डी ने ग्लेन फिलिप्स को आउट कर उनकी शानदार पारी का अंत किया। फिलिप्स ने इस मैच में धुआंधार पारी खेली जिससे न्यूजीलैंड का स्कोर 250 के पार पहुंच गया। फिलिप्स 49 गेंदों पर छह चौकों और 10 छक्कों की मदद से 107 रन बनाकर आउट हुए। अर्शदीप सिंह ने मिचेल सैंटनर को आउट कर न्यूजीलैंड को छठा झटका दिया। अर्शदीप ने इसके साथ ही टी20 में 150 विकेट पूरे कर लिए हैं। वह भारत के पहले गेंदबाज हैं जिन्होंने 150 टी20 विकेट हासिल किए हैं।

भारतीय हॉकी टीम ने लगाई जीत की हैट्रिक : जापान को 4-1 से हराया

जागरण मोर्चा कार्यालय

जालंधर। भारतीय हॉकी टीम ने जापान को 4-1 से हरा दिया। शुक्रवार को खेले गए मुकाबले में भारत की ओर से अभिषेक ने दो, हरमनप्रीत और अभिषेक ने एक-एक गोल दागे।



भारतीय हॉकी टीम का एशियन चैंपियंस ट्रॉफी में शानदार प्रदर्शन जारी है। पांच बार की चैंपियन भारत ने शुक्रवार को खेले गए मुकाबले में जापान को 4-1 से करारी शिकस्त दी। इस जीत के साथ ही भारतीय टीम ने टूर्नामेंट में लगातार तीसरी जीत दर्ज की और सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। भारत की जीत के हीरो अभिषेक नैन रहे, जिन्होंने दो शानदार मैदानी गोल दागे। भारत की ओर से अभिषेक नैन ने 11वें और 51वें मिनट में गोल किया। कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने 47वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर पर गोल दागा, जबकि विष्णुकांत सिंह ने 56वें मिनट में मैदानी गोल कर भारत की जीत सुनिश्चित कर दी। जापान की ओर से एकमात्र गोल शोता यामादा ने 15वें मिनट में पेनल्टी स्ट्रोक पर किया। मुकाबले की शुरुआत में जापान ने आक्रामक रुख अपनाया और दूसरे ही मिनट में पेनल्टी कॉर्नर हासिल कर लिया। हालांकि, जापानी खिलाड़ी केन नागायोशी का प्रयास लक्ष्य से चूक गया। शुरुआती मिनटों में भारतीय मिडफील्ड और फॉरवर्ड लाइन के बीच तालमेल की कमी नजर आई। उपकप्तान हार्दिक सिंह ने खेल को संभालने की कोशिश की। इसी बीच 11वें मिनट में भारत ने शानदार मूव बनाते हुए बढ़त हासिल कर ली। हार्दिक सिंह ने सर्कल के अंदर सुखजीत सिंह को गेंद दी, जिन्होंने अभिषेक को पास दिया। अभिषेक ने गेंद को गोलपोस्ट में पहुंचाकर भारत को 1-0 से आगे कर दिया। यह अभिषेक का 150वां अंतरराष्ट्रीय मुकाबला भी था। हालांकि, जापान ने हार नहीं मानी। पहले क्वार्टर के आखिरी क्षणों में लगातार दो पेनल्टी कॉर्नर हासिल किए। दूसरे प्रयास के दौरान गेंद भारतीय खिलाड़ी संजय के शरीर से टकराई, जिसके बाद जापान को पेनल्टी स्ट्रोक मिला।

टी20 में भारतीय टीम की दूसरी सबसे बड़ी हार

जागरण मोर्चा कार्यालय

ऑकलैंड। न्यूजीलैंड ने चौथे टी20 मुकाबले में भारत को 87 रनों से हराकर टीम इंडिया को टी20 इंटरनेशनल में दूसरी सबसे बड़ी हार का सामना कराया। 260 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारतीय टीम 172 रन ही बना सकी। हार के बाद कप्तान श्रेयस अय्यर ने गेंदबाजी में कमी स्वीकार करते हुए कहा कि पावरप्ले में ही न्यूजीलैंड ने मुकाबले पर पकड़ बना ली थी। ग्लेन फिलिप्स ने 107 और माइकल ब्रेसवेल ने 65 रनों की तूफानी पारियां खेलीं। जैकब डफी ने चार विकेट लेकर भारत की बल्लेबाजी को ध्वस्त किया।




न्यूजीलैंड ने चौथे टी20 भी टूट गया। रनों के लिहाज से यह मुकाबले में शानदार प्रदर्शन करते हुए भारतीय टीम को 87 रनों से करारी शिकस्त दी। 260 रनों के विशाल लक्ष्य का पीछा करने उतरी टीम इंडिया निर्धारित 20 ओवर में नौ विकेट खोकर 172 रन ही बना सकी। इस हार के साथ ही टी20 अंतरराष्ट्रीय में भारत का न्यूजीलैंड के खिलाफ लगातार 10 मैचों से चला आ रहा जीत का सिलसिला टीम की शुरुआत बेहद खराब रही। संजू सैमसन महज चार रन बनाकर आउट हो गए, जबकि ईशान किशन अपना खाता भी नहीं खोल सके। अभिषेक शर्मा भी 27 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। श्रेयस अय्यर ने 11 गेंदों में 22 रनों की तेज पारी खेलकर टीम को संभालने की कोशिश की, लेकिन वह भी ज्यादा देर क्रीज पर नहीं टिक सके। अक्षर पटेल सात और नीतीश कुमार रेड्डी 21 रन बनाकर आउट हुए। तिलक वर्मा भारतीय पारी के सर्वोच्च स्कोरर रहे। उन्होंने 35 रन बनाए, जबकि नमन धीर ने 28 रनों का योगदान दिया। प्रिंस यादव 18 रन बनाकर नाबाद लौटे। हालांकि, भारतीय बल्लेबाज न्यूजीलैंड के गेंदबाजों के सामने लक्ष्य के आसपास भी नहीं पहुंच सके।

मनीषा भानवाला ने रचा स्वर्णिम इतिहास, गोल्ड जीतने वाली पहली भारतीय महिला पहलवान बनीं

जागरण मोर्चा कार्यालय

नई दिल्ली। मनीषा भानवाला ने विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रच दिया। उन्होंने महिलाओं के 59 किलोग्राम भारवर्ग के फाइनल में अमेरिका की एबिगेल नेट को 8-6 से हराया। इसके साथ ही वह विश्व चैंपियन बनने वाली पहली भारतीय महिला पहलवान बन गईं।



भारतीय पहलवान मनीषा भानवाला ने शुक्रवार को विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में इतिहास रच दिया। उन्होंने महिलाओं के 59 किलोग्राम भारवर्ग के फाइनल में अमेरिका की एबिगेल नेट को 8-6 से हराकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। इसके साथ ही मनीषा विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला पहलवान बन गईं। मनीषा की यह जीत इसलिए भी खास रही, क्योंकि फाइनल मुकाबले में वह एक समय 0-6 से पिछड़ रही थीं। हालांकि, उन्होंने शानदार वापसी करते हुए अमेरिकी पहलवान को 8-6 से शिकस्त दी और भारत को ऐतिहासिक स्वर्ण दिलाया। मनीषा भानवाला विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने वाली दूसरी भारतीय पहलवान बन गई हैं। उनसे पहले सुशील कुमार ने साल 2010 में पुरुषों के 66 किलोग्राम भारवर्ग में विश्व खिताब जीता था। अब मनीषा ने महिला कुश्ती में यह उपलब्धि हासिल कर भारतीय खेल इतिहास में अपना नाम दर्ज करा लिया है।

क्रुणाल पांड्या नहीं दिला सके भारत को जीत, पाकिस्तान ने चार विकेट से हराया

जागरण मोर्चा कार्यालय

मॉन्ग कोक। हॉन्गकॉन्ग सिक्सेस 2026 में पाकिस्तान ने भारत को चार विकेट से हराकर टूर्नामेंट की पहली जीत दर्ज की। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए छह ओवर में 88/5 रन बनाए। जवाब में पाकिस्तान ने अब्बास अफरीदी और ख्वाजा नफेकी विस्फोटक बल्लेबाजी के दम पर 3.5 ओवर में ही 91/2 रन बनाकर लक्ष्य हासिल कर लिया।

हॉन्गकॉन्ग सिक्सेस 2026 में भारत और पाकिस्तान के बीच खेले गए रोमांचक मुकाबले में पाकिस्तान ने टीम इंडिया को चार विकेट से हरा दिया। शुक्रवार को खेले गए इस मुकाबले में पाकिस्तान ने भारत के 89 रनों के लक्ष्य को महज 3.5 ओवर में हासिल कर लिया। भारतीय टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित छह ओवर में पांच विकेट के नुकसान पर 88 रन बनाए थे। पाकिस्तान की जीत के हीरो कप्तान अब्बास अफरीदी और ख्वाजा नफे रहे। अब्बास ने सिर्फ आठ गेंदों पर 35 रनों की तूफानी पारी खेली, जबकि नफे ने 12 गेंदों पर नाबाद 41 रन बनाकर टीम को जीत दिलाई। शानदार बल्लेबाजी के लिए अब्बास अफरीदी को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।



टॉस जीतकर पाकिस्तान ने पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। भारत की ओर से राहुल त्रिपाठी और नितीश राणा ने पारी की शुरुआत की। दोनों ने पहले ओवर में 11 रन जोड़े। हालांकि, दूसरे ओवर में मुहम्मद शहजाद ने राहुल त्रिपाठी को पांच गेंदों पर नौ रन के निजी स्कोर पर आउट कर भारत को पहला झटका दिया। इसके बाद शशांक सिंह ने आक्रामक अंदाज अपनाया। उन्होंने तीन गेंदों पर 16 रन बटोरकर भारतीय पारी को रफ्तार दी। तीसरे ओवर में कप्तान अब्बास अफरीदी ने कसी हुई गेंदबाजी की और सिर्फ 11 रन दिए। भारत ने तीन ओवर के बाद 44/1 का स्कोर बना लिया था।

शशांक सिंह ने चौथे ओवर में अपना आक्रामक अंदाज जारी रखा। उन्होंने तीन छक्के और एक चौके की मदद से इस ओवर में 24 रन ठोक दिए। हालांकि, दूसरे छोर पर नितीश राणा तेजी से रन बनाने में संघर्ष करते नजर आए। उन्होंने 14 गेंदों पर 19 रन बनाए और पांचवें ओवर में रिटायर्ड आउट होकर पवेलियन लौटे। पांचवें ओवर में पाकिस्तान के गेंदबाज अब्दुल समद ने भारत को बड़ा झटका दिया।

उन्होंने पहले राहुल तेवतिया को गोल्डन डक पर आउट किया और अगली ही गेंद पर भारतीय कप्तान क्रुणाल पांड्या को भी बिना खाता खोले पवेलियन भेज दिया। इस ओवर में भारत सिर्फ 10 रन बना सका। टीम का स्कोर 78/4 हो गया था। आखिरी ओवर की पहली गेंद पर अहमद दानियाल ने शशांक सिंह को आउट कर भारत की उम्मीदों को झटका दिया।

चांदी 8300 टूटकर 11 महीने के निचले स्तर पर; सोना भी कमजोर

जागरण मोर्चा कार्यालय

नई दिल्ली। राजधानी में शुक्रवार को चांदी की कीमतों में भारी गिरावट दर्ज की गई। यह 8,300 रुपये टूटकर 1.90 लाख रुपये प्रति किलोग्राम के 11 महीने के निचले स्तर पर पहुंच गई। अंतरराष्ट्रीय बाजारों में तेज बिकवाली के कारण कीमती धातुओं में यह गिरावट आई है। सोने के भाव भी 1,300 रुपये कम हुए। ऑल इंडिया सर्राफा एसोसिएशन के अनुसार, 99.9 फीसदी शुद्धता वाला सोना भी 1,300 रुपये गिरकर 1,45,200 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। इसमें सभी कर शामिल हैं। गुरुवार को सोने का बंद भाव 1,46,500 रुपये प्रति 10 ग्राम था। पिछले सत्र में मामूली बढ़त दर्ज करने के बाद चांदी में यह बड़ी गिरावट आई है। सफेद धातु 8,300 रुपये गिरकर 1,90,200 रुपये प्रति किलोग्राम पर आ गई। इसका पिछला बंद भाव 1,98,500 रुपये प्रति किलोग्राम था। कीमती धातु आखिरी बार 10 दिसंबर 2025 को इन स्तरों के आसपास कारोबार कर रही थी। तब इसका भाव 1.92 लाख रुपये प्रति किलोग्राम था। अंतरराष्ट्रीय बाजारों में तेज गिरावट के कारण घरेलू बाजार में कीमती धातुओं में बिकवाली का दौर शुरू हुआ। वैश्विक बाजार में हाजिर सोना 4,000 डॉलर के स्तर से नीचे फिसल गया। यह 53.15 डॉलर या 1.32 फीसदी गिरकर 3,968.24 डॉलर प्रति औंस पर आ गया। चांदी भी वैश्विक बाजार में 4 फीसदी की गिरावट के साथ 50.12 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गई। इस वैश्विक रुझान का सीधा असर भारतीय बाजार पर पड़ा। निवेशकों ने मुनाफावसूली की। चांदी के साथ-साथ सोने की कीमतों में भी उल्लेखनीय कमी दर्ज की गई। 99.9 फीसदी शुद्धता वाले सोने का भाव 1,300 रुपये कम होकर 1,45,200 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। यह गिरावट गुरुवार के बंद भाव 1,46,500 रुपये प्रति 10 ग्राम से हुई है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने की कीमतों में आई कमी ने घरेलू बाजार को भी प्रभावित किया। वर्तमान गिरावट अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमती धातुओं की बिकवाली से प्रेरित है। जब तक वैश्विक बाजार में स्थिरता नहीं आती, तब तक कीमतों पर दबाव बना रह सकता है। हालांकि, यह कहना मुश्किल है कि गिरावट कितनी लंबी चलेगी।



जागरण मोर्चा राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक स्वामी, किरन दीक्षित के लिए प्रकाशक, मुद्रक, मनोज कुमार दीक्षित द्वारा लक्ष्य प्रिन्टर्स 158/4 भानमती चौराहा मॉडल हाउस हुसैनगंज लखनऊ, (उ0प्र0) से मुद्रित एवं मीडिया हाउस 20ए शिवाजी मार्ग हुसैनगंज लखनऊ, (उ0प्र0) से प्रकाशित। सम्पादक योगेश कुमार वर्मा मो0-7579849555, 9627739857 E-mail : www.jagranmorchadaily@gmail.com RNI No .UPHIN2022/82743 समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा।